नई दिल्ली
मंगलवार, 5 मार्च, 2024
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष,
दशमी वर्ष : 27, अंक : 330
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 23
न्यून. 09

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राज्यसभा से दिया इस्तीफा



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। नड्डा 13 दिन पहले 20 फरवरी को ही गुजरात से निर्विरोध राज्यसभा सदस्य चुने गए ▸▸ शेष पेज 5 पर

दिल्ली सरकार ने पेश किया 76 हजार करोड़ का बजट

# दिल्ली की महिलाओं की बल्ले-बल्ले, बजट में हर महीने एक हजार रुपए देने की घोषणा

## वित्त मंत्री के रूप में आतिशी ने विधानसभा में पेश किया अपना पहला बजट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने सोमवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 76 हजार करोड़ रुपए के परिव्यय का बजट पेश किया। इस बजट में दिल्ली महिलाओं की बल्ले-बल्ले हो गई, क्योंकि दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने अपना पहला बजट पेश करते हुए मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना की घोषणा की, जिसके तहत 18 वर्ष और इससे अधिक आयु की सभी महिलाओं को हर महीने 1 हजार रुपए दिए जाएंगे। आतिशी ने अपने बजट भाषण में कहा कि सरकार राम राज्य के आदर्शों से प्रेरित है।

सरकार ने 2024-25 से महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण को मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के लिए 2,000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। इस योजना के तहत 18 साल और ▸▸ शेष पेज 5 पर



### बजट की मुख्य बातें

| | |
|---|---|
| दिल्ली सरकार का बजट 2024-25 | 76 हजार करोड़ |
| योजनाओं, कार्यक्रमों, परियोजनाओं का बजट | 39 हजार करोड़ |
| स्थापना बजट | 37 हजार करोड़ |
| राजस्व बजट | 60,910.75 करोड़ |
| पूंजी बजट | 15,089.25 करोड़ |

### महिलाओं के लिए एक हजार की घोषणा पर सदन में लगे नारे

वित्त मंत्री आतिशी ने बजट पढ़ते हुए जैसे ही महिलाओं के लिए 1 हजार रुपए देने की घोषणा की तो सदन में केजरीवाल के नारे लगने लगे। सत्तापक्ष के सभी सदस्यों ने मेजों को बजाकर इस योजना का स्वागत किया और केजरीवाल जिंदाबाद के नारे लगाए। इस दौरान सत्तापक्ष के सभी सदस्य बेहद खुश नजर आ रहे थे।

### *दिल्ली सरकार ने बजट में नगर निकायों के लिए परिव्यय बढ़ाकर 8,423 करोड़ रुपए किया*

*दिल्ली सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के अपने बजट में नगर निकायों के लिए परिव्यय बढ़ाकर 8,423 करोड़ रुपए किया है। इससे पहले चालू वित्त वर्ष 2023-24 में इस मद में 8,241 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे। दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने सोमवार को विधानसभा में अगले वित्त वर्ष का बजट पेश किया। आम चुनावों से पहले पेश किए गए बजट में नगर निकायों के लिए आवंटन में शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए 3,153 रुपए अलग से रखे गए हैं। इसमें बुनियादी कर निर्धारण (बीटीए) के रूप में 2,955 करोड़ रुपए और स्टाम्प, पंजीकरण शुल्क तथा एकमुश्त पार्किंग शुल्क के रूप में 2,315 करोड़ रुपए का प्रावधान भी शामिल है। दिल्ली में तीन नगर निकाय - दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) और दिल्ली छावनी बोर्ड हैं।*

आरजेडी नेता लालू प्रसाद यादव के बयान पर मचा घमासान...

# भाजपा नेताओं ने 'एक्स' पर बदला बायो, लिखा- 'मोदी का परिवार'

लालू यादव ने पटना के गांधी मैदान पर विपक्षी दलों की जन विश्वास रैली में पीएम मोदी पर कसा था तंज

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव से पहले राजनीतिक नेताओं का एक-दूसरे पर तंज भरे शब्दों के साथ कमेंट करने का दौर फिर शुरू हो गया। रविवार को पटना में आरजेडी नेता लालू प्रसाद यादव की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कमेंट के बाद घमासान शुरू हो गया। सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत पार्टी के दूसरे नेताओं ने सोशल मीडिया एकाउंट 'एक्स' पर अपने बायो को बदल दिया।

लालू यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'परिवारवाद' पर तंज कसा था। उनके बयान के बाद भाजपा नेताओं ने पीएम मोदी के साथ एकजुटता दिखाते हुए अपने बायो पर 'मोदी का परिवार' लिख लिया। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता लालू प्रसाद यादव ने रविवार को पटना के गांधी मैदान में आयोजित विपक्षी दलों के जन विश्वास रैली के दौरान पीएम मोदी पर तीखे हमले किए थे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ व्यंग्य भरे शब्दों में कहा था- पीएम मोदी हर बार परिवारवाद का मुद्दा उठाते रहते हैं, ये क्यों नहीं बताते कि उन्हें क्यों कोई संतान नहीं हुई।

बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने आरजेडी नेता के बयान पर नाराजगी जताई और कहा लालू प्रसाद सहित आरजेडी नेता राजनीतिक जोकर की तरह व्यवहार करते हैं। हमें ऐसी ताकतों को रोकना चाहिए।






### लालू यादव को पीएम ने दिया परोक्ष रूप से जवाब




राज्यसभा सांसद डॉ.सुधांशु त्रिवेदी ने एक्स पर ये फोटो साझा किया

#### 140 करोड़ देशवासी मेरा परिवार

पीएम मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण में आकंठ डूबे विपक्षी गठबंधन के नेता बौखलाते जा रहे हैं। अब इन्होंने 2024 के चुनाव का अपना असली घोषणा पत्र निकाला है। मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं, तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नही है। भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण में आकंठ डूबे विपक्षी गठबंधन के नेता बौखलाते जा रहे हैं। अब इन्होंने 2024 के चुनाव का अपना असली घोषणा पत्र निकाला है। मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं, तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नही है। मैं इनसे कहना चाहता हूं कि 140 करोड़ देशवासी मेरा परिवार हैं। जिनका कोई नहीं है, वो भी मोदी के हैं और मोदी उनका है। मेरा भारत ही मेरा परिवार है।

### लालू ने प्रधानमंत्री के धर्म को लेकर भी कमेंट किया था

आरजेडी नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के धर्म को लेकर भी आक्षेप किया। उन्होंने कहा कि मोदी कोई असल हिंदू नहीं है। उनकी माताजी का देहांत हुआ, आखिर उन्होंने क्यों अपने बाल-दाढ़ी नहीं छिलवाई, हिंदू धर्म में तो हर बच्चा ऐसा ही करता है। बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा लालू प्रसाद के बयान की आलोचना करते हुए उसे आपत्तिजनक और सनातन धर्म के प्रति अपमानजनक करार दिया था। उन्होंने कहा कि लालू यादव समेत राजद नेताओं का ऐसा व्यवहार राजनीति के प्रति उनके लचर दृष्टिकोण और सनातन धर्म की सदियों पुरानी परंपरा को कमजोर करने के प्रयास को दर्शाता है। सिन्हा ने कहा कि प्रसाद खुद भ्रष्टाचार के मामलों में दोषी हैं। उनके द्वारा हमारे प्रधानमंत्री के खिलाफ इस्तेमाल की गई भाषा उनकी मानसिकता को दर्शाती है। राजद नेता सनातन धर्म के खिलाफ हैं और सदियों पुरानी परंपरा को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं।

जीडीपी में 7.7 प्रतिशत की वृद्धि

## मूडीज ने 2024 के लिए भारत की जीडीपी विकास दर का अनुमान 6.8 प्रतिशत किया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने कहा है कि सरकार की ओर से किए गए पूंजीगत खर्च और मजबूत विनिर्माण गतिविधि ने 2023 में मजबूत विकास परिणामों में सार्थक योगदान दिया है। इसके कारण जीडीपी के आंकड़ों में वृद्धि दिख रही है।




यही कारण है कि 2024 के लिए भारत की जीडीपी के अनुमान में संशोधन किया गया है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने सोमवार को 2023 के 'उम्मीद से मजबूत' आर्थिक आंकड़ों और वैश्विक स्तर पर प्रतिकूल आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए 2024 कैलेंडर वर्ष के लिए भारत के विकास के अनुमान को पहले के अनुमानित 6.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया। कैलेंडर वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में भारत की वास्तविक जीडीपी में सालाना आधार पर 8.4 प्रतिशत का विस्तार हुआ, जिसके परिणामस्वरूप पूरे वर्ष 2023 की बात करें तो जीडीपी में 7.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

### भारत की अर्थव्यवस्था ने अच्छा प्रदर्शन किया

मूडीज ने कहा है कि वैश्विक चुनौतियों के कम होने के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था आराम से 6-7 प्रतिशत वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर्ज करने में सक्षम हो सकती है। मूडीज ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था ने अच्छा प्रदर्शन किया है और 2023 में उम्मीद से अधिक मजबूत आंकड़ों के बाद हमने अपने 2024 के विकास अनुमान को 6.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। मूडीज ने 2024 के लिए अपने ▸▸ शेष पेज 5 पर

डीपफेक का शिकार हुए सांसद

## वायरल एमएमएस पर रावत बोले-निर्दोष साबित होने तक नहीं लडूंगा कोई चुनाव



एजेंसी ▸▸ बाराबंकी

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी होते ही बाराबंकी जिले में उस वक्त भूचाल आ गया जब सांसद उपेंद्र सिंह रावत का एक एमएमएस वायरल हो गया। उपेंद्र सिंह रावत को भाजपा ने दुबारा से अपना प्रत्याशी बनाया है। वायरल वीडियो में कथित तौर पर दिखाया गया है कि वे एक विदेशी महिला के साथ कथित तौर पर आपत्तिजनक स्थिति में हैं। हालांकि, इस पूरे प्रकरण में सांसद के द्वारा एफआईआर भी दर्ज करवा दी गई है। वायरल वीडियो के बाद रावत ने सफाई देते हुए लिखा कि मेरा एक एडिटेड वीडियो वायरल किया जा रहा है जो डीपफेक एआई तकनीक द्वारा जेनरेटेड है, जिसकी एफआईआर मैंने दर्ज करा दी है, इसके संदर्भ में मैंने राष्ट्रीय अध्यक्ष से निवेदन किया है कि इसकी जांच करवाई जाए, जबतक मैं निर्दोष साबित नहीं होता सार्वजनिक जीवन में कोई चुनाव नहीं लडूंगा। इससे पहले सांसद के निजी प्रतिनिधि दिनेश चंद्र रावत की तरफ से इस मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई है। सांसद ने कहा कि यह उन्हें बदनाम करने के लिए विरोधियों की साजिश है।

■ इस पूरे प्रकरण में सांसद के द्वारा एफआईआर भी दर्ज करवा दी गई







# सर्वे व पैनलों के नामों में से कांग्रेस 7 को करेगी फैसला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। कांग्रेस की सूची भी जल्द जारी किए जाने की चर्चा है। इसके लिए दिल्ली में 7 मार्च को कांग्रेस की अहम बैठक बुलाई गई है।

पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति यानि सीईसी की इस बैठक में एमपी के लोकसभा उम्मीदवारों के नामों पर मुहर लगाई जाएगी। बताया जा रहा है कि लोकसभा के लिए अधिकांश उम्मीदवार प्रादेशिक नेताओं की आम सहमति से चुन लिए गए हैं। सीईसी की बैठक में इन नामों पर मुहर



लगने के बाद सूची भी जारी किए जाने की उम्मीद है। कहा जा रहा है कि सर्वे और सर्वसम्मति के बाद ही कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवारों पर अंतिम निर्णय होगा। इससे पहले यह खबर भी आई थी कि भोपाल संसदीय क्षेत्र से लोक सभा चुनाव उम्मीदवार तय ▸▸ शेष पेज 5 पर

## इसरो प्रमुख सोमनाथ को हुआ कैंसर

**नई दिल्ली।** इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने एक इंटरव्यू के दौरान खुलासा किया कि वे कैंसर से पीड़ित हैं। उन्होंने बताया कि



आदित्य एल 1 मिशन की लॉन्चिंग के दौरान ही उन्हें कैंसर के बारे में पता लगा था। चंद्रयान-3 मिशन के दौरान उन्हें समस्याएं होने लगी थीं। सोमनाथ ने बताया कि यह खबर सिर्फ उनके ही नहीं, बल्कि परिवार के लिए भी झटके के तौर पर सामने आई थी। बीते साल 23 अगस्त चंद्रयान-3 ने चांद पर सफलतापूर्वक लैंडिंग कर इतिहास रच दिया था।




बड़ा फैसला: 'वोट के बदले नोट' फैसले में सीजेआई ने की अहम टिप्पणियां

जस्टिस पीएस नरसिम्हा, जस्टिस जेबी पारदीवाला जस्टिस संजय कुमार, जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस एएस बोपन्ना की पीठ ने बहुमत से फैसला सुनाया

# संसदीय विशेषाधिकार के तहत 'माननीयों' को रिश्वतखोरी की नहीं दी जा सकती छूट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की संविधान पीठ ने सोमवार को एक ऐतिहासिक फैसला दिया।

उच्चतम न्यायालय ने अपना 26 साल पुराना फैसला पलट दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि घूस लेकर भाषण देने या सदन में वोट देने के मामले में सांसदों और विधायकों के खिलाफ रिश्वतखोरी का मुकदमा चलाया जा सकता है। उन्हें अभियोजन से छूट प्राप्त नहीं होगी। चीफ जस्टिस ने ▸▸ शेष पेज 5 पर

सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को इस तरह से छूट देना लोकतंत्र के सामने एक गंभीर खतरा है



### एमपी-एमएलए को कैसे मिली थी छूट?

सांसदों-विधायकों को संविधान के आर्टिकल 194(2) के तहत इम्युनिटी मिली हुई थी। अनुच्छेद 194(2) में कहा गया कि किसी राज्य के विधानमंडल का कोई भी सदस्य विधानमंडल या उसकी किसी समिति में अपने द्वारा कही गई किसी बात या वोट के संबंध में किसी भी अदालत में किसी भी तरह की कार्यवाही के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। इसी तरह संविधान केअनुच्छेद 105(2) में संसद सदस्यों को भी ठीक इसी तरह की सुरक्षा मिली थी। संविधान के अनुच्छेद 105(2) और 194(2) में सांसदों और विधायकों को विशेषाधिकार दिए गए हैं। सांसद ▸▸ शेष पेज 5 पर

### क्या है झारखंड मुक्ति मोर्चा वाला केस?

झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की विधायक सीता सोरेन पर 2012 के राज्यसभा चुनाव के दौरान एक उम्मीदवार को वोट देने के बदले रिश्वत लेने का आरोप लगा था। 2014 में, झारखंड उच्च न्यायालय ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा उनके खिलाफ दायर मामले को रद्द करने से इनकार कर दिया। जिसके बाद उसी साल उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय में अपील की। मार्च 2019 में मामले ▸▸ शेष पेज 5 पर

# सुप्रीम कोर्ट ने 'आप' को कार्यालय खाली करने के लिए दिया 15 जून तक का समय

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) को यहां राउज एवेन्यू स्थित उसके कार्यालयों को खाली करने के लिए 15 जून,2024 तक का समय दिया है। अदालत ने पाया कि इस भूमि को न्यायिक अवसंरचना के विस्तार के लिए दिल्ली हाईकोर्ट को आवंटित किया गया था।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने आप से कहा कि वह अपने कार्यालयों के वास्ते भूमि के आवंटन के लिए भूमि एवं विकास कार्यालय (एल एंड डी ओ) से संपर्क करे। पीठ ने कहा



कि हम एल 'एल एंड डी ओ' से आवेदन पर विचार करने और चार सप्ताह की अवधि के भी\तर निर्णय करने का अनुरोध करेंगे। पीठ ने कहा कि 'आप' के पास जमीन पर बने रहने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। दिल्ली में सत्तारूढ़ पार्टी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि आप देश की छह राष्ट्रीय पार्टियों में से एक है। सिंघवी ने कहा कि वे हमें बता रहे हैं कि एक राष्ट्रीय पार्टी के रूप में हमें कुछ नहीं मिलता है। हमें बदरपुर में (जमीन) दी गई है, जबकि बाकी अन्य को बेहतर स्थानों पर जगह दी गई हैं। अदालत ने कहा कि आसन्न आम चुनाव के मद्देनजर, हम परिसर खाली करने के लिए 15 जून, 2024 तक का समय देते हैं, ताकि जिला न्यायपालिका का विस्तार करने के लिए आवंटित भूमि का उपयोग शीघ्रता पूर्वक किया जा सके। शीर्ष अदालत ने इसके पहले दिल्ली सरकार और दिल्ली हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को राउज एवेन्यू में हाईकोर्ट को आवंटित भूमि पर आप द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटाने के लिए एक बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया था।

## आबकारी नीति : मनीष सिसोदिया ने किया सुप्रीम कोर्ट में उपचारात्मक याचिकाओं पर जल्द सुनवाई का अनुरोध

**नई दिल्ली।** जेल में बंद आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी उन दो उपचारात्मक याचिकाओं पर जल्द सुनवाई का सोमवार को अनुरोध किया, जिनमें कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार एवं धन शोधन मामलों में उन्हें जमानत देने से इनकार करने के न्यायालय के 2023 के फैसले को चुनौती दी गई है। सिसोदिया की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ से कहा कि एक अधीनस्थ अदालत ने कहा है कि वह उपचारात्मक याचिकाओं पर फैसला होने तक जमानत याचिका पर सुनवाई नहीं करेगी। पीठ ने इसके जवाब में कहा कि ईमेल भेजिए, हम इस पर गौर करेंगे। दिल्ली की एक अदालत ने सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई टालते हुए कहा था कि इस मामले से संबंधित अर्जी सुप्रीम कोर्ट के समक्ष लंबित है। सुप्रीम कोर्ट ने सिसोद\या की जमानत याचिकाओं को खारिज करने संबंधी अपने फैसले पर पुनर्विचार करने के अनुरोध वाली याचिका 14 दिसंबर, 2023 को खारिज कर दी थी। न्यायालय ने कहा था कि साक्ष्य जांच एजेंसी के इस आरोप का अस्थायी रूप से समर्थन करते हैं कि शराब के कुछ थोक वितरकों को 338 करोड़ रुपये का फायदा पहुंचाया गया। सिसोदिया को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 26 फरवरी, 2023 को 'घोटाले' में उनकी कथित भूमिका के मामले में गिरफ्तार किया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सीबीआई की प्राथमिकी से जुड़े धनशोधन के मामले में तिहाड़ जेल में पूछताछ के बाद सिसोदिया को नौ मार्च, 2023 को गिरफ्तार किया था। सिसोदिया ने 28 फरवरी, 2023 को दिल्ली कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घघोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **रीना मलिक**, पत्नी सौरभ मलिक, निवासी 5655/21, गली नं. 2, न्यू चंद्रावल, मलका गंज, दिल्ली–7, ने **सीसी नंबर 16379/2018, धारा 138 एनआई एक्ट, पुलिस थाना सब्जी मंडी, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रीना मलिक**, मिल नहीं रही और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **रीना मलिक**, फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है की उक्त अभियुक्त **रीना मलिक**, केस **सीसी नंबर 16379/2018, धारा 138 एनआई एक्ट, पुलिस थाना सब्जी मंडी, दिल्ली**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.04.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**दिव्या गुप्ता,**
महानगर दण्डाधिकारी (एनआई एक्ट) – 5,
सेंट्रल, कमरा नं. 02,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/2555/N/2024**
**(Court Matter)**


## साले को कोलकाता आने से रोकना चाहता था बांग्लादेशी नागरिक

# फ्लाइट कैंसिल करवाने के लिए दी थी बम की झूठी सूचना, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

एयरपोर्ट की सुरक्षा एजेंसी डायली को ईमेल भेज बम की झूठी सूचना देने वाले एक बांग्लादेशी नागरिक को पुलिस ने अरेस्ट किया है। आरोपी ने इसलिये ईमेल भेजा था ताकि दिल्ली से कोलकाता जाने वाली फ्लाइट कैंसिल हो सकें। उस फ्लाइट में उसका साला कोलकाता जा रहा था। वह साले को कोलकाता आने से रोकना चाहता था। गिरफ्तार आरोपी का नाम मो. नजरूल इस्लाम (29) बताया गया है।

आईजीआई एयरपोर्ट डीसीपी उषा रंगनानी के अनुसार 27 फरवरी को डायल की तरफ से आईजीआई एयरपोर्ट थाने को एक शिकायत दी गई थी, जिसमें एयरपोर्ट ड्यूटी मैनेजर की ईमेल आईडी पर एक धमकी भरा ईमेल मिला था। उसमें बताया गया था कि दिल्ली से कोलकाता जाने वाली फ्लाइट में एक व्यक्ति अपने साथ विस्फोटक ले जा रहा है। जिसके बाद प्रत्येक बैग और सामान की जांच का अनुरोध किया गया। इस बाबत पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच में पता चला कि धमकी के लिए इस्तेमाल फर्जी ईमेल आईडी एक घंटे पहले ही बनायी गई थी। ईमेल का स्रोत क्लासिक होटल,



पार्क स्ट्रीट, कोलकाता में स्थापित वाई-फाई कनेक्शन से जुड़ा मिला। उस होटल में 40 मेहमान ठहरे हुए थे, सभी वाई-फाई कनेक्शन का उपयोग कर रहे थे। पुलिस को पता चला कि अमरदीप कुमार नाम का एक व्यक्ति कथित उड़ान लेने के बाद अपने रिश्तेदार से मिलने इस होटल में आया था। अमरदीप ने बताया कि यहां वह अपने जीजा मोहम्मद नजरुल इस्लाम से मिलने आया था। नजरुल इस्लाम यहां करीब एक महीने से रह रहे थे। साइबर एक्सपर्ट की मदद से खुलासा हुआ कि यह ईमेल नजरुल इस्लाम द्वारा ही भेजा गया था। इसके बाद उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। इस्लाम ने बताया कि उसका साला अमरदीप कोलकाता आ रहा था। वह उसे यहां आने से रोकना चाहता था, इसलिए उसने फ्लाइट रद्द कराने के लिए यह मेल भेजा था। आरोपी ने साल 2017 में पंजाब की लवली यूनिवर्सिटी से एयरलाइंस और पर्यटन का कोर्स किया था, जहां उसकी मुलाकात सोनिया नाम की एक ईसाई लड़की से हुई थी। दोनों दोस्त बन गए। कोर्स पूरा होने के बाद वह अपने देश बांग्लोदेश चला गया। वर्ष 2020 में वह सोशल मीडिया के माध्यम से एक बार फिर सोनिया के संपर्क में आया और उसने उसे यह कहकर धोखा दिया कि वह यूएसए से पीएचडी कर रहा है। उसे यूएस वीजा मिल गया है। लड़की उसकी फर्जी प्रोफाइल से प्रभावित हो गई और उसने अप्रैल 2023 में उससे शादी कर ली थी। हालांकि, शादी के तुरंत बाद पत्नी को इस पर शक हो गया था। उसने आरोपी के साथ यूएसए जाने पर जोर दिया। लेकिन वह किसान आंदोलन के कारण कोलकाता में फंसने का बहाना बनाकर अपनी पत्नी को गुमराह करता रहा। इसके बाद ही उसकी पत्नी ने अपने भाई अमरदीप को उसकी जांच के लिए कोलकाता भेजा था। आरोपी ने बताया कि कर्जदाताओं से बचने के लिए वह भारत में रह रहा था, क्योंकि उस पर बांग्लोदेश में पचास लाख टका का कर्ज है।

## पार्क में कारोबारी की पत्नी पर कुत्तों के झुंड का हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राजधानी में कुत्तों का कहर दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। पालतू कुत्तों के साथ साथ आवारा कुत्ते भी कई लोगों की जान छीन चुके हैं। नया मामला पीतमपुरा इलाके में सामने आया जहां एक कारोबारी की पत्नी पर पार्क में कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। गंभीर रूप से जख्मी हालत में उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले की शिकायत पुलिस से भी की गई है। मिली सूचना के अनुसार महिला कूचा महाजनी की द बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के चेयरमैन योगेश सिंघल की पत्नी है। पुलिस को दी गई शिकायत में प्रमिल सिंघल ने बताया कि वह तीन मार्च की सुबह करीब नौ बजे घर के सामने पार्क में टहलने के लिए गई थी। इस दौरान 4-5 कुत्तों ने एक साथ उन पर हमला कर शरीर को नोंच लिया। उस वक्त पार्क में एक गार्ड भी मौजूद था, लेकिन उसने महिला की मदद नहीं की। उनके चिल्लाने की आवाज सुन एक महिला ने उन्हें कुत्तों के चुंगल से बचाया। घटना में बुरी तरह से जख्मी पीड़ित महिला ने अपने पति को फोन कर जानकारी दी। जिसके बाद उन्हें परिवार के लोग प्राइवेट हॉस्पिटल लेकर गए। इस घटना की वजह से उन्हें शारीरिक व मानसिक दोनों रूप से पीड़ा पहुंची हैं। प्राथमिक उपचार के बाद पीड़ित महिला ने मौर्या एंकलेव थाने में शिकायत इसलिए दी ताकि उसकी तरह भविष्य में अन्य लोग इन आवारा कुत्तों का शिकार न बनें और सिविक एजेंसी एहतियातन कदम उठा सकें।


## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।

DD NO. 24 Dt. 29-02-2024 U/S 174 CrPC PS CIVIL LINE DISTT. SONIPAT.

**पुरुष मृतक की पहचान**



नाम- नामपता नामालुम।
पिता/पति का नाम- नामपता नामालुम
उम- करीब 30/32 वर्ष
कद- 5 फुट 4 ईन्च
हुलियाः- रंग सावला, गोल चेहरा हष्ट-पुष्ट शरीर, दाहिने हाथ की कलाई पर सुरमा से JS लिखा हुआ व बाए हाथ की कलाई पर लाल डोरा बंधा हुआ।
पहनावाः- नीले रंग की जीन्स, मल्टीकलर का कम्बल, काली जैकेट टोपी वाली, ब्राउन रंग की बैल्ट पहने हुए है।

दिनांक 29.02.2024 को नामपता नामालूम व्यक्ति की नाश चन्दन पट्रोल पम्प के सामने न्यु महाबीर कोलोनी सोनीपत की तरफ सड़क किनारे पर मिली है। नाश सोनीपत हस्पताल की मोर्चरी हाउस में शिनाख्त हेतु 72 घन्टे के लिए रखी गयी है। अगर मृतक के बारे में कोई सुचना प्राप्त हो या किसी थाना के क्षेत्र में कोई गुमशुदगी है या शिनाख्त होती है तो निम्न नम्बरों पर सुचित करे।
प्रबन्धक थाना मो. नं.- 7419410533,
अनुसंधानकर्ता मो. नं.- 9466461687,
कन्ट्रोल रुम सोनीपतः 0130-2222903,

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/2203/2024/25558/88/7 दि. 04.03.24



## IndusInd Bank

Office address: 43, Bhageria House, New Friends Colony, New Delhi - 25

### Hypothecated Repossessed Vehicle Auction/Sale Notice to General Public

IndusInd Bank Ltd. is inviting Quotations in sealed Envelope from General Public for the auction of below vehicles as per below mentioned Specification on "AS IS WHERE IS BASIS" Vehicle's Model & Registration No. Given Below

| Deal No | Customer Name | Registration No | Engine No | Chassis No | Model | Year of Mfg |
|---|---|---|---|---|---|---|
| DNE02126C | RINKU KUMAR | HR26DN8123 | F8DN5963022 | MA3EUA61S00C06183 | Maruti New Alto 800 Lxi Bs Iv | 2018 |
| DMB03830C | PARIKSHIT VASHISHAT | DL1CAE8398 | E048086 | MEEJSRBW4H4000875 | RENAULT LODGY RXL DIESEL 85 ps | 2017 |
| DAS03549L | Y OMPRAKASH | DL1MA9394 | 38SGI79AXX801756 | MAT812033N5A10986 | TATA 1109G LPT 49 HSD CNG BS VI | 2022 |
| DAS03641L | S KAPIL | DL1MA9463 | E416NCML369525 | MC2EBJRC0ML499341 | EICHER PRO 2095 XP 22 FT CBC CNG Bs6 | 2022 |
| DBO00022L | D NIVARAN | HR38AE7355 | 3.3LNGD05FXX518724 | MAT788019N7F16045 | TATAT16 ULTRA SLR 49 HSD 180HP M6 BS VI | 2022 |
| DBO00133L | K SANTOSH | DL1LAJ5918 | E416NCPB424692 | MC2EHFRC0PB523167 | EICHER PRO 2075 E HSD BS VI | 2023 |
| DBR00210L | S MANJAY | DL1LAE1558 | UKL1J19674 | MA1ZP2UKKL1J39923 | BMT PLUS CNG PS BS VI | 2020 |
| DDF01881L | A AJARUDDIN | HR38AD4916 | E426CDNF400171 | MC2ESLRC0NF210650 | EICHER PRO 2114 XP22FT BS6 PRM HSD | 2022 |
| DDF01904L | K DHARAM | HR38AD6148 | 3.3LNGD06FXX517964 | MAT563011N7F15258 | TATA LPT 1512 G 48 HSD Bs6 | 2022 |
| DDM00808L | TEZUS LOGISTICS | UP16HT5736 | 38SGI81KYX807227 | MAT563016M5K15844 | TATA LPT 1512 CNG 22FT CBC Bs6 | 2021 |
| DDV02283L | R RAJ KUMAR JAISWAL | UP16GT1051 | E414NCKB268936 | MC2B8HRC0KB433738 | EICHER PRO 1075 F HSD | 2023 |
| DDZ02726L | S UMESH | UP84AT2817 | 3.3LNGD06JXX526654 | MAT563010N5J12126 | TATA 1512 LPT DCR 48HSD BSVI | 2022 |
| DDZ02762L | Indigo Movers And Packer | HR55AN3922 | 3.3LNGD06KXX531991 | MAT767305N7K25629 | TATA 1212 LPT DCR 42 CBC 125 MS Bs6 | 2022 |
| DDZ02763L | INDIGO MOVERS AND PACKERS | HR55AN9475 | 33LNGD06KXX529072 | MAT7673D5N7K23517 | TATA 1212 LPT DCR 42 CBC 125 MS Bs6 | 2022 |
| DSG00446L | S RAMDARSHAN | HR38AD2027 | NFPZ122991 | MB1A3GCD0NAFM6295 | AL 1615 22FT CNG Bs6 | 2022 |
| DED00769L | A MD | DL1LAJ9936 | UKP1C83688 | MA1ZP2UKKP1C33707 | BOLERO MAXI TRUCK CNG PS Bs6 | 2023 |
| DSG00643L | S JITENDER | UP82AT6988 | 3.3LNGD11CWX511021 | MAT563066P7D08657 | TATA LPT 1616 DCR 49 HSD BS6II | 2023 |
| DGP01642C | MR.K SUNIL | HR26EU7189 | EUNZC03780 | MA1NM2EU1N2C64268 | M&M Xuv300 W6 Tgdi Pm Mt Bs Vi | 2022 |
| DNE02302C | MR.K PAWAN | HR26FB7128 | K10CNC140684 | MA3RFL61SNH395490 | Maruti S-Presso Lxi Bs Vi | 2023 |
| DDP01408G | VIRENDER KUMAR | HR73A9746 | A9A1273270 | MBX0003MFXA180 | APE AUTO DX CNG WATER COOLED | 2019 |
| DBR00607G | BIJENDER | DL1LAH9731 | 275CNG17KXXSD5746 | MAT556002NVK56697 | Tata ACE GOLD CNG BS VI | 2022 |
| DAS00929G | GUDDOO | DL1LAJ9076 | 275CNG17BWXS15434 | MAT556004PVB07092 | Tata ACE GOLD CNG+ BSVI | 2023 |
| DAS00805G | PRAVEEN | DL1LAJ0882 | 275CNG17KXXSE1469 | MAT556002NVK59239 | Tata ace gold cng bs vi | 2022 |
| DNG02234G | M MADAN SHAH | DL1LAE1872 | 275CNG17JZXK08100 | MAT556002LVJ27649 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2021 |
| DNG02729G | K KRISHAN | DL1LAJ7052 | LHN6E22260 | MA1FN2LHRN6E62166 | M & M SUPRO MINITRUCK RFS CNG BS VI | 2023 |
| DAA02023G | MONU | UP80FT4694 | G12BN922984 | MA3EZLF1T00196551 | MARUTI SUPER CARRY CNG | 2021 |
| DAA02604G | YOGESH | UP80GT8014 | REVTRN18AWXS13573 | MAT535327PYA05029 | TATA INTRA V20 BIFUEL Bs6 | 2023 |
| DMM03249G | SUHAIL SHOKAT | DL1LAH0357 | 275CNG17PYXSD6966 | MAT556002NVB05745 | TATA ACE GOLD CNG+ BSVI | 2022 |
| DDA01464G | MANOJ | UP17BT1398 | 275CNG17DXXS58321 | MAT556002NVD25122 | TATA ACE GOLD CNG+ BSVI | 2022 |
| DMM01749G | JITPAL | UP15DT8237 | 275IDI07DRYS58844 | MAT445075JVD24576 | TATA ACE GOLD BS IV | 2018 |
| DMM03570G | SATISH | UP15GT0625 | 275CNG17HXXSB5413 | MAT556002NVH48683 | TATA ACE GOLD CNG+ BSVI | 2023 |
| DDB03173G | MR.K JAGESH | HR38AD1910 | AZXWNB47154 | MD2B47AXXNWB14090 | BAJAJ RE CNG 4S FI BS VI | 2022 |
| DDB03368G | MR.S RADHEY | | AZXWNH77410 | MD2B47AXXNWH86781 | BAJAJ RE CNG 4S FI BS VI | 2022 |
| DDB03259G | MR.S DHARAMVEER | HR38AD8575 | AZXWNE53453 | MD2B47AX9NWE41676 | BAJAJ RE CNG 4S FI BS VI | 2022 |
| ULY04592G | V PAPPU | UP25FT1075 | G12BN1105976 | MA3EZLF1T00242592 | Maruti Super Carry Cng Bs Vi | 2022 |
| ULY04765G | N SHARAFUDDIN | UP25FT4897 | LF4CP4100002 | MD6N1LCFXP4B00058 | TVS KING ZK FI KARGO DECK BS6 CNG | 2023 |

The Person who are willing to purchase above Mentioned vehicles may contact IndusInd bank Ltd. to above mention address and submit the Quotation in special format within 7 days of this Publication Notice. It shall be the responsibility of the purchaser to pay all the tax arrears, Parking of the vehicle. He will also be responsible to Complete all the RTO formalities relating to ownership transfer his name. Bank will not be responsible for any dispute relating to the vehicle after its sale, bank has authority to cancel the auction at any stage without given any prior notice. The Vehicle will be sold to higher Bidder and the decision of bank shall be Final & Binding to all in this regards.

Place : New Delhi
Contact Person : Yogesh Saini, Mob.No: 8860862245


## खबर संक्षेप

### बाइक पर पिस्टल लेकर घूम रहा था, पुलिस ने धरा

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिले की पुलिस ने चोरी और छीने गए 81 मोबाइल फोन के साथ एक शख्स को अरेस्ट किया है। इसके पास से एक पिस्टल, कारतूस और बाइक भी बरामद हुई है। आरोपी हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट जैसे छह मामलों में शामिल रहा है। डीसीपी जॉय टिर्की के अनुसार आरोपी का नाम सोनिया विहार निवासी अय्यूब है। भजनपुरा मेन बाजार में ट्रैप लगाकर इसे दबोचा गया। आरोपी बाइक पर चोरी या लूटे फोन को बेचने के लिए ग्राहकों की तलाश में था। पूछताछ के दौरान अय्यूब ने खुलासा किया कि वह एनसीआर के कई अपराधियों के संपर्क में था। उनसे लूटे गए मोबाइल फोन सस्ती दरों पर खरीदता था। इसके बाद उन मोबाइल फोन को किराए पर कमरा लेकर उसमें रखता था। अय्यूब लोनी की एक मीट की शॉप पर कसाई का काम करता था।

### प्रॉपर्टी डीलर पर किशोरी से रेप व गर्भपात का आरोप

**नई दिल्ली।** दयालपुर इलाके में 14 साल की किशोरी से दुष्कर्म और गर्भपात का मामला सामने आया है। आरोप एक प्रॉपर्टी डीलर पर है। भेद खुल जाने पर आरोपी ने किशोरी से निकाह भी कर लिया और फिर उसे तीन तलाक देकर अलग हो गया। केस में आरोपी पुलिस की हिरासत में है। उससे मामले में पूछताछ की जा रही है। पुलिस को दिए बयान में पीड़ित किशोरी ने बताया कि वह परिवार के साथ ओल्ड मुस्तफाबाद एरिया में रहती है। उसके पिता की वर्ष 2021 में मौत हो चुकी है। मां भी पूरी तरह से स्वस्थ नहीं है। बीते दो साल से वह दिल्ली में रह रही है। यहां उसे एक प्रॉपर्टी डीलर ने मकान किराए पर दिलवाया था। पिछले साल 14 अगस्त की दोपहर आरोपी उसके घर आया। उस वक्त मां और भाई बाहर गए हुए थे। उसे अकेला देख आरोपी ने जबरन उसका मुंह दबाकर रेप किया। उसे बुरी तरह से धमकाया भी गया। इसके बाद आरोपी उसके साथ मौका मिलने पर गलत काम करता रहा।

## एसआई सुसाइड मामला: परिजनों ने एसएचओ पर लगाये टॉर्चर के आरोप

### जांच अधिकारी ने ठीक से नहीं लिए बयान तो पीसीआर कॉल कर दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मधु विहार थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर की खुदकुशी केस में पीड़ित परिजनों ने एसएचओ को ही कटघरे में खड़ा किया है। उन पर टॉर्चर करने के आरोप लगे हैं। एसआई गणेश के भाई ने पीसीआर कॉल कर बताया कि उनके ठीक से बयान भी नहीं लिए गए। मामला सीनियर अफसरों तक पहुंचा जिसके बाद उनकी शिकायत ली गई। मधु विहार थाने में तैनात एसआई गणेश ने अपने फ्लैट के अंदर ही खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली थी। इसके बाद उनके भाई ने एसएचओ पर आरोप लगाया कि उन्हें टॉर्चर किया जा रहा था। इसी कारण से गणेश ने यह कदम उठाया। गणेश के बड़े भाई चंद्रशेखर हैदराबाद पुलिस में सब इंस्पेक्टर हैं। उनका यह भी आरोप है कि जांच अधिकारी ने सिर्फ उनका चार लाइन का हिंदी में बयान दर्ज किया। वह अंग्रेजी में पूरा बयान देना चाहते थे, क्योंकि हिंदी अच्छे से नहीं जानते। जांच अधिकारी ने उनकी बात नहीं सुनी तो उन्हें पीसीआर कॉल का सहारा लेना पड़ा। आरोप है एसएचओ गणेश के साथ गाली गलौच करते थे। गणेश का जिम भी छुड़वा दिया था। वह हर समय उसे काम पर लगाये रखते थे। 20 दिन पहले जब वह पहली बार छुट्टियां लेकर पत्नी के साथ भाई के पास दिल्ली आए थे। तब वह गणेश से लौटने वाले दिन ही दो घंटे के लिए मिल पाए थे। गणेश से जब भी बात होती तो वह एसएचओ द्वारा परेशान करने की बात करता था। सीनियर अफसर इन आरोपों को लेकर जांच किये जाने की बात कह रहे हैं। गौरतलब है कि 2 मार्च की सुबह 8 बजे गणेश की मां इंदिरा ने गणेश को कई बार कॉल किया था, लेकिन फोन नहीं उठा। इसके बाद संदेह होने पर परिजनों ने पुलिस को कॉल कर किसी अनहोनी का अंदेशा जताया था। हुआ भी ऐसा ही पुलिस जब उनके फ्लैट पर पहुंची तो वह अचेत हालत में पड़े थे। सर्विस पिस्टल उनकी गोद में थी। घर भी अंदर से बंद था।

## वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से ईडी के सामने पेश होने को तैयार हूं: केजरीवाल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आबकारी नीति मामले के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जारी किए गए आठवें समन के बाद भी सोमवार को उसके सामने पेश नहीं हुए लेकिन उन्होंने कहा कि वह 12 मार्च के बाद वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एजेंसी के सामने पेश होने को तैयार हैं। सरकारी सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

प्रवर्तन निदेशालय में सूत्रों ने बताया कि एजेंसी केजरीवाल के जवाब की समीक्षा कर रही है। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसी केजरीवाल के डिजिटल माध्यम से पेश होने के अनुरोध को स्वीकार नहीं कर सकती और मामले में पूछताछ के लिए उन्हें नौवां समन जारी कर सकती है। आम आदमी पार्टी (आप) ने आरोप लगाया कि जांच एजेंसी का इरादा पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को 'लोकसभा चुनाव के बीच' गिरफ्तार करना है। लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में होने की संभावना है लेकिन निर्वाचन आयोग ने अभी इस संबंध में घोषणा नहीं की है। केजरीवाल ने ईडी द्वारा जारी इन समन को अवैध बताया है। उन्होंने एजेंसी से कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय को समन जारी करने से पहले इस मामले में अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए।

### ईडी समन से खिलवाड़ लम्बी रेस में पड़ेगा महंगा : सचदेवा

**हरिभूमि. नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सस्ती पब्लिसिटी के चक्कर में रहते हैं और इसके लिए वह नित नये राजनीतिक प्रपंच करते हैं, नित नित बयान बदलते हैं। सीएम केजरीवाल का 12 मार्च की तारीख चुनना यह भी दर्शाता है कि वह ईडी समन पर चर्चा को लोकसभा चुनाव घोषणा के आसपास रखना चाहते हैं पर अरविंद केजरीवाल समझ लें कि ईडी समन से खिलवाड़ लम्बी रेस में उन पर महंगा पड़ेगा। सचदेवा ने कहा कि ईडी का हर समन मिलने पर सीएम अपना नया प्रपंच प्रस्तुत करते हैं और उसी क्रम में सोमवार को सीएम ने अपना अब तक का रूख बदलते हुए कहा है कि वह ईडी के सामने पेश होने को तैयार हैं पर 12 मार्च के बाद। सचदेवा ने कहा है कि केजरीवाल का यह ईडी के सामने पेश होने का नया रूख अब इसलिए आया है क्योंकि कांग्रेसी वकीलों से घिरे केजरीवाल यह जानते हैं कि अब शीघ्र ही समन मामले से जुड़ा न्यायालय भी उन्हें ईडी के समक्ष पेश होने को कहेगा।


## HDFC BANK
We understand your world

प्रधान कार्यालय : एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बापत मार्ग, लोअर पैरेल (वेस्ट), मुम्बई-400013
क्षेत्रीय कार्यालय : एचडीएफसी बैंक लि.; विशेष प्रचालनों हेतु विभाग, भू-तल, गुलाब भवन, 6, बहादुरशाह जफर मार्ग, दिल्ली-110002

### ई-नीलामी बिक्री सूचना अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी के लिये सार्वजनिक सूचना

प्रत्याभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधानों के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत बैंक के पास गिरवीकृत अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना। आम जन को सामान्यतः और कर्जदार(ों) / गिरवीकर्ता(ओं)/गारंटर(ों) को विशेषतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि, एचडीएफसी बैंक लि. के प्राधिकृत अधिकारी (यों) द्वारा यहां नीचे वर्णितानुसार बैंक को देय राशि जमा ब्याज की प्राप्ति हेतु "जैसा है जहां है, जो भी है, जैसा है, जो भी है वहां हैं, और बिना किसी अवलम्ब आधार" पर इसको बेचने के अधिकार सहित निम्नलिखित ऋण खातों में प्रत्याभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण की धारा 13 (2) के तहत जारी किये गये नोटिस (ओं) के तहत उठाई गई मांग के अनुपालन में निम्नलिखित सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा लिया जा चुका था और चूंकि बकाया देय का पुनर्भुगतान करने में विफल रहने के परिणामस्वरूप, अधोहस्ताक्षरी उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त सम्पत्ति/सम्पत्तियों की बिक्री द्वारा बैंक को देय राशि प्राप्त करने का प्रस्ताव करते है। नीचे वर्णित सम्पत्तियों की बिक्री का आयोजन वेब पोर्टल https://www.bankeauctions.com के माध्यम से ई-नीलामी द्वारा किया जाएगा।

#### अचल सम्पत्तियों का वर्णन/खाता/राशि/ईएमडी/ईटीसी का विवरण

| शाखा एवं खाता/ कर्जदार का नाम | सम्पत्ति के गिरवीकर्ता और गारंटरों के नाम | सम्पत्ति का विवरण | डिमांड नोटिस के अनुसार राशि / डिमांड नोटिस की तिथि | आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली बढ़ौतरी राशि | निरीक्षण तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| एचडीएफसी बैंक लि., दिल्ली कैवाना क्लोथिंग प्रा. लि. डब्ल्यूसीटीएल अकाउंट नं. 85821250, 85821252 और 85824078 और जीईसीएल अकाउंट नं. 8366073 | **गिरवीकर्ता / गारंटर :** श्री दीपु गुप्ता और रश्मि गुप्ता | मद सं. 1 : सम्पत्ति सं. 171, ब्लॉक नं. 1, 7वां तल, डायमंड स्क्वेयर सीजीएचएस लि., प्लॉट नं. 13ए, सेक्टर-6, द्वारका, दिल्ली-110075. | रु. 15,54,73,805.24<br>डिमांड नोटिस की तिथि : 23.02.2023<br>ऋण खाते के तहत पूर्ण एवं अन्तिम भुगतान की तिथि तक, लागत और व्यय सहित आगे के ब्याज सहित 17.02.2023 के अनुसार देय राशि। | रु.1,75,00,000/-<br>रु. 17,50,000/-<br>रु. 1,00,000/-<br>ई-नीलामी की तिथि/समय : 20.03.2024 पूर्वा. 10.30 बजे से पूर्वा. 11.30 बजे<br>बोलियों की प्राप्ति हेतु अन्तिम तिथि : 18.03.2024 अप. 4.00 बजे तक | 15.03.2023<br>पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 12.00 बजे तक |
| एचडीएफसी बैंक लि., दिल्ली 1) कैवाना क्लोथिंग प्रा. लि. डब्ल्यूसीटीएल अकाउंट नं. 85821250, 85821252 और 85824078 और जीईसीएल अकाउंट नं. 8366073 | **गिरवीकर्ता / गारंटर :** श्री दीपु गुप्ता | मद सं. 2 : यूनिट नं. 65, ग्राउंड फ्लोर, यूनिवर्सल ट्रेड टावर, मौजा टिकरी, सेक्टर-49, गुरुग्राम-122001. उपरोक्त गिरवीकृत परिसम्पत्तियां मै. आरवीएरा इंडस्ट्रीज के अकाउंट में क्रॉस कोलेटरलाइज्ड हैं। | रु. 15,54,73,805.24<br>डिमांड नोटिस की तिथि : 23.02.2023<br>ऋण खाते के तहत पूर्ण एवं अन्तिम भुगतान की तिथि तक, लागत और व्यय सहित आगे के ब्याज सहित 17.02.2023 के अनुसार देय राशि। | रु.1,40,00,000/-<br>रु. 14,00,000/-<br>रु. 1,00,000/-<br>ई-नीलामी की तिथि/समय : 20.03.2024 अप. 2.30 बजे से अप. 3.30 बजे<br>बोलियों की प्राप्ति हेतु अन्तिम तिथि : 18.03.2024 अप. 4.00 बजे तक | 15.03.2023<br>पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 12.00 बजे तक |

**प्राधिकृत अधिकारी का नाम/फोन नंबर/ई-मेल आईडी : श्री सोमनाथ पांडे, मोबाइल: 9310110525, somnath.pandey1@hdfcbank.com**

नियम एवं शर्तें :-

1. ई-नीलामी **"जैसा है जहां है, जो भी है, जैसा है, जो भी है वहां हैं, और बिना किसी अवलम्ब आधार"** पर आयोजित की जा रही है।
2. इच्छुक बोलीदाताओं को अपना ईएमडी विवरण तथा दस्तावेज वेब पोर्टल **https://hdfcbankauctiontiger.net** (यूजर आईडी और पासवर्ड **https://hdfcbankauctiontiger.net** पर अपना नाम पंजीकरण करवाकर निःशुल्क प्राप्त किये जा सकते हैं) के माध्यम से लॉगइन आईडी और पासवर्ड द्वारा जमा करवाने होंगे। ईएमडी निम्नलिखित खाता : 57500000904261, खाते का नाम : DFSO TRANSITORY ACCOUNT, लाभ प्राप्तकर्ता का नाम : एचडीएफसी बैंक लि., आईएफएससी कोड : HDFC0000240 में एनईएफटी / आरटीजीएस के माध्यम से अथवा एचडीएफसी बैंक लि. खाता सं. 57500000904261 के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट द्वारा अप. 4.00 बजे तक अथवा ऊपर तालिका में वर्णित तिथियों से पूर्व जमा करवाई जानी होंगी। कृपया ध्यान दें कि ईएमडी राशि के रूप में चैक स्वीकार नहीं किये जाएंगे।
3. प्राधिकृत अधिकारी(यों) की अधिकतम जानकारी व ज्ञान के अनुसार, सम्पत्ति पर कोई वैधानिक बकाया जैसे सम्पत्ति कर, समितियों का बकाया इत्यादि समेत सम्पत्तियों के सम्बन्ध में बैंक के रिकार्ड के अनुरूप घोषित अनुसार दावों को छोड़कर कोई ऋणभार नहीं है। तथापि बैंक कोई वैधानिक बकाया देय / ऋणभार / नगर निगम को देय / विद्युत बकाया, चार्जेज, टैक्स एरियर्स इत्यादि, यदि कोई हो, के लिए उत्तरदायी नहीं होगा और यह खरीददार की देनदारी होगी। इच्छुक बोलीदाताओं को सम्पत्तियों के ऋणभार, शीर्षक के सम्बन्ध में स्वयं स्वतंत्र रूप से पूछताछ और निरीक्षण एवं स्वयं को संतुष्ट करना चाहिए। **सम्पत्तियों का निरीक्षण उपरोक्त तिथि और समय पर ही किया जा सकता है।**
4. इच्छुक बोलीदाताओं जिन्होंने ईएमडी जमा करवा दी है और लॉगइन आईडी एवं पासवर्ड क्रिऐट करने, डाटा अपलोड करने, बोली जमा करवाने, ई-बोली प्रक्रिया पर प्रशिक्षण इत्यादि में अपेक्षित सहायता इत्यादि के लिये, हमारे सेवाप्रदाता **मै. सी1 इंडिया प्रा. लि., प्लॉट नं. 301, गल्फ पैट्रो कैम बिल्डिंग, उद्योग विहार, फेज-2, गुड़गांव से सम्पर्क कर सकते हैं। हेल्प लाइन नं. 0124-4302020 / 21 / 22 / 23 / 24, श्री विनोद चौहान मो. 9813887931, हैल्पलाइन ई-मेल आईडी : support@bankeauctions.com** तथा सम्पत्ति से सम्बन्धित किसी पूछताछ हेतु ऊपर वर्णितानुसार प्राधिकृत अधिकारी से कार्यदिवसों के दौरान कार्यालय समय में (पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 5.00 बजे तक) सम्पर्क कर सकते हैं।
5. उच्चतम बोली एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के अनुमोदन के अधीन होगी। प्राधिकृत अधिकारी किसी अथवा सभी प्राप्त प्रस्ताव / बोलियों को बिना कोई कारण बताए, जो भी हो, स्वीकार / रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। उनका निर्णय अन्तिम व बाध्यकारी होगा।
6. **(विस्तृत नियम व शर्तों हेतु कृपया हमारी वेबसाइट www.hdfcbank.com तथा www.bankeauctions.com देखें)**

#### एसएआरएफएईएसआई अधिनियम, 2002 के नियम 8 (6) के तहत 15 दिन की वैधानिक बिक्री सूचना

यह उपरोक्त तिथि को ई-नीलामी तिथि आयोजित करने के बारे में उपरोक्त ऋण के कर्जदारों/और गारंटरों को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 9 (1) के नियम 8 (6) के तहत सूचना के तौर पर भी माना जाए। कर्जदार/गारंटरों/गिरवीकर्ताओं को एतद् द्वारा नीलामी की तिथि से पूर्व अद्यतन ब्याज और सम्बन्धित व्यय सहित ऊपर वर्णितानुसार रकम का भुगतान करने के लिये अधिसूचित किया जाता है, जिसमें विफल रहने पर सम्पत्ति को नीलाम कर दिया / बेच दिया जावेगा और बकाया राशि, यदि कोई हो, ब्याज और लागत सहित वसूल की जाएगी।

दिनांक : 04.03.2024, स्थान : दिल्ली
प्राधिकृत अधिकारी, एचडीएफसी बैंक लि.

## मुख्यमंत्री ने कहा, प्रत्येक वयस्क महिला को दिया जाएगा 1,000 रुपये प्रति माह

# बजट रामराज्य की अवधारणा से प्रेरित सभी तबकों का रखा ख्याल : केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि दिल्ली सरकार के वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बजट में हर क्षेत्र का ध्यान रखा गया है और आम आदमी पार्टी (आप) का शासन राम राज्य से प्रेरित है। केजरीवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना महिला सशक्तिकरण की दिशा में उठाया गया शायद विश्व का सबसे बड़ा कदम है। इस योजना के तहत प्रत्येक वयस्क महिला को 1,000 रुपये प्रति माह दिया जाएगा। दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी द्वारा विधानसभा में बजट पेश किये जाने के बाद, केजरीवाल ने संवाददाताओं से कहा कि यह एक बहुत अच्छा बजट है जिसमें हर तबके के लोगों और प्रत्येक क्षेत्र का ध्यान रखा गया है। आतिशी द्वारा पेश किया गया यह पहला बजट है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना, महिला सशक्तिकरण के लिए शायद विश्व का सबसे बड़ा



कार्यक्रम है। हम लोकसभा चुनावों के बाद इसे लागू करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में करीब 67 लाख महिला मतदाता हैं। आयकर भुगतान करने वाली महिलाओं और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने वाली महिलाओं को इसके दायरे से बाहर कर सकते हैं। मुझे लगता है कि इससे (योजना से) करीब 45 से 50 लाख महिलाओं को फायदा होगा। उन्होंने पिछले वित्त वर्ष की तुलना में बजट परिव्यय में कमी के बारे में पूछे जाने पर कहा कि हमें करों के केंद्रीय पूल से एक पैसा भी नहीं मिलता है। पहले, हमें 325 करोड़ रुपये मिलते थे लेकिन अब वह भी बंद हो गया है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए दिल्ली सरकार का बजट परिव्यय पिछले वित्त वर्ष के 78,800 करोड़ रुपये के मुकाबले 76 हजार करोड़ रुपये है।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जो महिलाएं 18 साल से ऊपर हैं, वह इस योजना के लिए पात्र होंगी, लेकिन किसी सरकारी पेंशन की लाभार्थी, सरकारी नौकरी करने वाली और इनकम टैक्स देने वाली महिलाएं योजना के लिए पात्र नहीं होंगी। इस व्यवस्था को सरल करने के लिए हमने यह कर दिया है कि महिलाएं स्व-घोषणा पत्र देंगी। रेंडम तौर पर कुछ की जांच होती रहेगी, लेकिन स्वतः घोषणा पत्र देकर महिलाएं योजना का लाभ ले सकेंगी। लोकसभा चुनाव के बाद इसकी प्रक्रिया चालू हो जाएगी।

### 'आम आदमी के हाथ में पैसा आने से होगी देश की तरक्की'

सीएम केजरीवाल ने वित्त मंत्री आतिशी के साथ प्रैसवार्ता में कहा कि जब आम आदमी के हाथ में पैसा आता है, तो मार्केट में जाता है। इससे मार्केट में मांग पैदा होती है और देश की तरक्की होती है। दिल्ली सरकार का बजट रामराज्य की अवधारणा से प्रेरित है। इसमें सारे तबकों और सभी सेक्टरों का ख्याल रखा गया है। सीएम ने कहा कि जब से दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है, हमने कभी भी इसको राजनीति और सरकारी कामकाज की दृष्टि से नहीं देखा। जैसे मेरा अपना परिवार है। मेरे माता-पिता, बच्चे और पत्नी मेरे साथ रहते हैं। मैं जैसे अपने परिवार का ख्याल रखता हूं, ऐसे ही मैं कोशिश की है कि मैं दिल्ली में रहने वाले हर परिवार का हिस्सा बनकर, चाहे उनका भाई या बेटा बनाकर उनका ख्याल रखूं। दिल्ली के जितने बच्चे हैं, मैं उनको अपना बच्चा मानकर अच्छी से अच्छी शिक्षा देने की कोशिश की है। मेरी कोशिश रही है कि जैसे मेरे बच्चों को अच्छी शिक्षा मिली, वैसी ही अच्छी शिक्षा दिल्ली के हर बच्चे को मिले।

### 'गांवों की सड़कों के लिए अलग से किया बजट का प्रावधान'

सीएम ने कहा कि दिल्ली के गांवों की जो सड़कें हैं, उनकी थोड़ी सी अनदेखी रह गई थी। इस बार हमने उसके लिए अलग से बजट का प्रावधान किया है। दिल्ली के गांव-देहात की सड़कों पर ध्यान दिया जाएगा। गांवों की सड़कों निर्माण जोर-शोर से कराया जाएगा। बहुत अच्छा बजट था। बजट में सारे तबकों और सभी सेक्टरों का ख्याल रखा गया। सारे सेक्टर का ख्याल रखा गया है।

बजट पेश होने के बाद प्रैसवार्ता में सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्लीवालों ने एक हमें 70 में से 62 और एक बार 70 में से 67 सीट दी, तभी दिल्ली में हमारी सरकार चल पाई। अगर 70 में से 40 सीट दे देते तो ये लोग हमारी सरकार गिरा देते। जैसे ये लोग हर जगह सरकार गिरा रहे हैं। इसके लिए मैं दिल्लीवालों का शुक्र गुजार हूं। दिल्ली के लोग देख रहे हैं कि कैसे भाजपा के लोग, एलजी और केंद्र सरकार हर काम में टांग अड़ाते हैं। अभी मैं एलजी, भाजपा और केंद्र सरकार से अकेले लड़ रहा हूं।

## दिल्ली का बजट झूठी घोषणाओं का कागजी पुलिंदा : बिधूड़ी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने सोमवार को दिल्ली के बजट को झूठी घोषणाओं का कागजी पुलिंदा कहा है। उन्होंने कहा कि जो लोग राम मंदिर का विरोध करते रहे हैं, अब उन्हें भगवान श्रीराम की याद आ रही है। शर्मनाक बात यह है कि बजट भाषण में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की भगवान श्रीराम से तुलना की गई जबकि भ्रष्टाचार के अनेक आरोपों का उनसे जवाब नहीं बन पा रहा। इसी तरह भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद रहे और इन दिनों मेडिकल ग्राउंड पर जमानत पर बाहर आए आम आदमी पार्टी के नेता सत्येंद्र जैन की हनुमान जी से तुलना भी निंदनीय है। बिधूड़ी ने कहा कि भाजपा विधायक दल इस पर वित्तमंत्री आतिशी से माफी की मांग करेगा। बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बिधूड़ी ने सबसे पहले बजट में भगवान श्रीराम के नाम का इस्मेमाल करने को असम्मानजनक बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल स्वयं श्रीराम मंदिर के निर्माण का विरोध करते रहे हैं। उनके एक मंत्री ने हिंदू देवी-देवताओं के प्रति अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया और वह आज तक पार्टी में बने हुए हैं। यही नहीं, कांग्रेस ने भगवान श्रीराम के अस्तित्व पर सवाल उठाया और राम मंदिर के निर्माण का अदालत में विरोध किया। आज तक कांग्रेसी नेता अयोध्या में श्रीराम के दर्शन करने नहीं गए।

## महिलाओं को 1000 प्रति माह देने की घोषणा लेकिन पिछले चार वर्षों से पेंशन क्यों नहीं दे रही सरकार : सचदेवा

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार का बजट 2024 एक राजनीतिक बजट है जो दिल्ली की सभी महिलाओं को 1000 प्रति माह देने की घोषणा करता है लेकिन दिल्ली सरकार यह बताने में विफल है कि पिछले 4 वर्षों से वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों को पेंशन क्यों नहीं दे रही है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोमवार को वित्त मंत्री आतिशी द्वारा विधानसभा में पेश किए गए बजट 2024 को लेकर उक्त बातें कहीं। सचदेवा ने कहा है कि 2015 के बजट के बाद से दिल्ली सरकार देश में सबसे अच्छे बजट में से एक देने का दावा कर रही है, जिसमें बाजार विकास पर बड़े दावों के अलावा शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों के लिए सबसे बड़ी हिस्सेदारी दर्शाती है। अनधिकृत कॉलोनियों में विकास के दावे करती है लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि दिल्ली सरकार के बजट ने दिल्लीवासियों को विकास के मामले में बार-बार निराश किया है और इस साल का बजट भी दिल्ली को निराश कर देगा। सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली सरकार को दिल्लीवासियों को गुमराह करना बंद कर देना चाहिए और दिल्ली के विकास पर ध्यान देना चाहिए।

## मेट्रो परियोजना के लिए 500 करोड़ का रखा बजट

नई दिल्ली। दिल्ली के बजट में सरकार ने दिल्ली मेट्रो के वर्तमान चरण में निर्माणाधीन तीन लाइनों के विकास के लिए इस बार 500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। इस प्रावधान की राशि दिल्ली मेट्रो के चरण-4 के कार्य के तहत तीन कॉरिडोर जनकपुरी पश्चिम से रामकृष्ण आश्रम कॉरिडोर, दिल्ली एयरोसिटी से तुगलकाबाद स्टेशन कॉरिडोर और मजलिस पार्क से शिव विहार के विस्तार पर खर्च होगी। इन लाइनों को निर्माण कार्य कई वर्षों से चल रहा है, लेकिन कोरोना महामारी के चलते इन परियोजनाओं में व्यवधान पैदा हुआ था। लेकिन अब सब सामान्य होने के चलते इन लाइनों का निर्माण कार्य डीएमआरसी तेजी से कर रही है। दिल्ली सरकार द्वारा बजट में 500 करोड़ का प्रावधान करने के बाद उम्मीद की जा रही है कि फंड जल्द से जल्द समयानुसार डीएमआरसी को मिलेगा जिससे प्रगति कार्य निर्बाध रूप से चलता रहेगा। बता दें कि चरण चार में बन रही तीनों लाइनों की लंबाई कुल 65.20 किलोमीटर है और इन पर 45 स्टेशन बनेगें।

## दिल्ली नगर निगम में नहीं हुई कोई बढ़ोतरी : राजा इकबाल

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार का बजट झूठे वादों का पुलिंदा है और निगम के हिस्से में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष एवं पूर्व महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने सोमवार को दिल्ली सरकार के बजट को लेकर उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने निगम चुनाव के समय कूड़े के पहाड़ हटाने के लिए घोषित 850 करोड़ रूपए में से एक फूटी कोड़ी भी निगम के हिस्से में नहीं आई है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की डबल इंजन की सरकार बेपटरी हो गई है और निगम को सिर्फ आश्वासन ही मिला है। नेता विपक्ष ने कहा कि अगर दिल्ली सरकार को पेंशन और वेतन समय से देना है तो 2000 करोड रुपए की आवश्यकता अधिक थी लेकिन दिल्ली सरकार के बजट से दिल्ली नगर निगम के डेढ़ लाख कर्मियों को निराशा हाथ लगी है क्योंकि इस साल भी उन्हें वेतन और पेंशन के लिए परेशान होना पड़ेगा क्योंकि दिल्ली सरकार ने अपने बजट में कोई अतिरिक्त प्रावधान नहीं किया है।

## महापौर ने जनता को समर्पित किया विद्यालय

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय और उपमहापौर आले मोहम्मद इकबाल ने सोमवार को बवाना की जेजे कॉलोनी में नवनिर्मित निगम प्राथमिक विद्यालय भवन जनता को समर्पित किया। यहां महापौर डॉ. ओबरॉय ने कहा कि नरेला देहात का इलाका है। यहां सबसे ज्यादा विकास की आवश्यकता है। हम निगम विद्यालयों में हर सुविधा एवं सहूलियत देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। महापौर डॉ. ओबरॉय ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एवं आम आदमी पार्टी का मानना है कि आने वाली पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के निर्माण के लिए हमें शिक्षा को प्राथमिकता देनी है। दिल्ली सरकार के सरकारी स्कूलों और शिक्षा मॉडल की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। दिल्ली सरकार का उत्कृष्ट शिक्षा मॉडल हम निगम विद्यालयों में भी लागू करेंगे। आम आदमी पार्टी के एक साल के कार्यकाल में यह दूसरा विद्यालय भवन है, जिसका हमने उद्घाटन किया है। नरेला जोन के स्कूलों के छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" और प्लास्टिक का उपयोग ना करें जैसे कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त विकास त्रिपाठी, क्षेत्रीय निगम पार्षद पवन सहरावत और निगम के अन्य उच्च अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## सांसद ने शुरू किया 'हम हैं नरेंद्र मोदी का परिवार' अभियान


नई दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली से सांसद प्रवेश साहिब सिंह ने "हम हैं नरेंद्र मोदी का परिवार" अभियान को अपने निवास से शुरू करते हुए कहा कि इस अभियान को दिल्ली के हर घर में लेकर जाएंगे। सांसद प्रवेश ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर उक्त जानकारी साझा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का 140 करोड़ भारतवासियों का परिवार है। उन्होंने अपना पूरा जीवन राष्ट्र सेवा में खपा दिया, देश का हर व्यक्ति आज एक स्वर में कह रहा है कि मैं हूँ मोदी का परिवार। अब हम दिल्ली में हर जगह इसका प्रचार करेंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा के सातों लोकसभा प्रत्याशियों को जिताकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार के संकल्प में अपना बहुमूल्य योगदान देगी। दिल्ली की 5 सीटों में "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" के तहत 33 प्रतिशत टिकट महिलाओं को देकर भाजपा परिवार ने एक मिसाल क़ायम की है। वहीं, सीएम अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि केजरीवाल ने मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पद के लिए संविधान की शपथ ली मगर शराब घोटाले में 8 समन मिलने के बावजूद भी जांच एजेंसियों को सहयोग नहीं करके संविधान का अपमान कर रहे हैं। दिल्ली सरकार की आधी कैबिनेट आज तिहाड़ जेल में है और असली मास्टरमाइंड भी एक दिन जेल में होगा।

## लवली ने भाजपा द्वारा वर्तमान सांसदों के टिकट काटने पर पूछा, काम किया तो हटाया क्यों

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने दिल्ली के चार वर्तमान सांसदों के टिकट काटने पर सवाल उठाते हुए पूछा है कि अगर इन्होंने बेहतरीन कार्य किया तो टिकट क्यों काटा गया। उन्होंने भाजपा व पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि वो एक तरफ दावा करते है कि केंद्र सरकार ने जबरदस्त काम किया है, लेकिन दूसरी तरफ दिल्ली सहित अन्य राज्यों में दर्जनों सांसदों के टिकट क्यों काट दिए। लवली ने कहा कि असल सवाल यह है कि जब भाजपा सरकार ने अच्छा काम किया है तो उसे सांसदों के टिकट काटने की जरूरत क्यों पड़ी। लवली ने कहा कि सच्चाई यह है कि भाजपा के सांसद जनता से मिलते नहीं थे। यही कारण है कि भाजपा ने खुद माना कि उसके सांसद काम नहीं करते,इसलिए 5 साल बाद इनका टिकट बदलकर कहा जाता है कि सांसद निकम्मे थे, जनता से मिलते नहीं थे। लवली ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनावों में दिल्ली की जनता भाजपा के सातों उम्मीदवारों को हटाने जा रही है। क्योंकि मतदाता अब अच्छी तरह से जान गई है कि भाजपा केवल वादे करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गठबंधन में चुनाव लड़ रही है, जनता हमारे सभी उम्मीदवार को विजयी बनाने के लिए मतदान के दिन का इंतजार कर रही है।

## जापानी प्रतिनिधिमंडल ने किया ओखला प्लांट का दौरा, विकास कार्य का लिया जायजा

नई दिल्ली। जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जेआईसीए) के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को दिल्ली जल बोर्ड के यमुना एक्शन प्लान चरण तीन (वाईएपी-तीन) के तहत बन रहे ओखला अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र (डब्ल्यूडब्ल्यूटीपी) का दौरा किया। इस प्रतिनिधिमंडल में एजेंसी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कावामुरा केनिची और मुख्य प्रतिनिधि सैतो मित्सुनोरी व उनकी टीम के सदस्य शामिल थे। जापानी प्रतिनिधिमंडल को डीजेबी के वरिष्ठ अधिकारियों ने वाईएपी-तीन के तहत विकसित किए जा रहे डब्ल्यूडब्ल्यूटीपी का निरीक्षण कराया। इस मौके पर डीजेबी अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल को संयंत्र के बारे में वर्तमान विकास कार्य की पूरी जानकारी दी। इस मौके पर कावामुरा केनिची ने संयंत्र के कार्य को लेकर तेजी लाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि यमुना एक्शन प्लान के तहत यमुना नदी को साफ सुथरा बनाकर लोगों को प्रदूषण मुक्त वातावरण देने से ही तेजी से विकास होगा। जापान व भारत के बीच मजबूत रिश्तों के चलते ही दोनों देश लंबे समय एक दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे है। सनद रहे कि डीजेबी यमुना एक्शन प्लान के लिए परियोजना निष्पादन एजेंसी के रूप में कार्य कर रहा है। जिसका उद्देश्य घरेलू अपशिष्ट जल का उपचार करके दिल्ली में नदी में प्रदूषण भार को कम करना है। जिसके लिए केंद्र सरकार को वर्ष 2011 में जेआईसीए से फंड प्राप्त हुआ था।



खबर संक्षेप

## साइबर फ्रॉड के संबंध में किया लोगों को जागरूक



**फरीदाबाद।** पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य तथा डीएसपी सेंट्रल जसलीन कौर की दिशानिर्देशानुसार सेक्टर-15 चौकी पुलिस प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह फोगाट ने युवाओं को नशे के दुष्परिणाम, साइबर क्राइम, आईटी कानून के बारे में जागरूक किया। चौकी प्रभारी सुरेंद्र फौगाट व पुलिस टीम ने युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के संबंध में और नशे से होने वाली हानियों के बारे में जागरूक किया।

## इनेलो अध्यक्ष राठी को अर्पित की श्रद्धांजलि



**फरीदाबाद।** जिला इनेलो कार्यालय पर इंडियन नेशनल लोकदल के प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक नफे सिंह राठी को श्रद्धांजलि देने के लिए एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के सभी इनेलो नेताओं ने जहां अपने दिवंगत नेता नफे सिंह राठी के चित्र पर माला अर्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा।

## होटल में गोली चलाने के मामले में दूसरा आरोपी काबू

**गुरुग्राम।** मानेसर एरिया के होटल में बर्थडे मनाने पहुंचे युवक द्वारा गोली चलाने के मामले में पुलिस ने



एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। मानेसर क्राइम ब्रांच के प्रभारी एसआई ललित कुमार की पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए उसे मानेसर से काबू कर लिया। जिसकी पहचान निशांत उर्फ चमकीला दिल्ली के रूप में हुई। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पर चोरी करने के संबंध में 6 केस दिल्ली में भी दर्ज हैं।

## कैंटर की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत

**गुरुग्राम।** बाइक से घर लौट रहे दो दोस्तों की बेलगाम कैंटर की टक्कर से मौत हो गई। घटना के बाद



आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के दोस्त की शिकायत पर बजघेडा पुलिस थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में यूपी के खुर्जा निवासी आमिर ने बताया कि वह फूड डिलीवरी कंपनी में ऑडिट का काम करता है।

# 1.26 करोड़ की लागत से चार गांवों की दो प्रमुख सड़कों का निर्माण कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत ने 1.26 करोड़ की लागत से क्षेत्र की चार गांवों की दो प्रमुख सड़कों के निर्माण कार्य का ग्रामीणों से नारियल फुड़वाकर शुरू करवाया। इन सड़कों में 105.88 लाख से नरहावली से गढखेड़ा तक बनने वाली 2150 मीटर की सडक़ तथा 20.27 लाख की लागत से दयालपुर से फफूंदा तक 380 मीटर की सड़कें शामिल हैं। यह दोनों सड़कें वर्षों से बदहाल और कच्ची थीं, जिन्हें बनाने की मांग लोगों द्वारा की जा रही थी, विधायक नयनपाल रावत के प्रयासों से यह सड़कें पहली बार बनवाई जा रही है।



> सड़कों में 105.88 लाख से नरहावली से गढखेड़ा तक बनने वाली 2150 मीटर की सड़क तथा 20.27 लाख की लागत से दयालपुर से फफूंदा तक 380 मीटर की सड़कें शामिल हैं।

### पृथला क्षेत्र के विकास को मिलेगी गति

ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर विधायक नयनपाल रावत का स्वागत किया। विधायक ने कहा कि क्षेत्र में सड़कों के नवीनीकरण का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है क्योंकि जब सड़कें बेहतर होगी तो लोगों को आवागमन में सहूलियतें मिलेगी और क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। रावत ने कहा कि मनोहर सरकार में पृथला क्षेत्र का समुचित विकास किया जा रहा है, प्रत्येक गांव में समान रूप से विकास किया जा रहा है और लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि चुनावों के दौरान उन्होंने क्षेत्र की जनता से जो विकास का वायदा किया थाए उस वायदे को उन्होंने धीरे-धीरे पूरा किया है और क्षेत्र के विकास की आवाज को पुरजोर तरीके से हरियाणा विधानसभा में उठाया है। रावत ने कहा कि पृथला क्षेत्र उनका परिवार है और एक लायक बेटे की तरह वह इस क्षेत्र की सेवा में समर्पित है। इस अवसर पर ब्लाक समिति अध्यक्ष चंद्रपाल, गुल्लू मास्टर, ओमबीर चेयरमैन, निखिल बीसला, दानी सरपंच, धर्मेन्द्र हुड्डा, विनोद चौधरी, सतबीर मास्टर, ओमपाल, प्रकाश, विवेक सैनी, दीपक, शीशराम, जीतू भारद्वाज, रमेश, सुखबीर, सुरेश, राजू सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

### गाजियाबाद में अब सरलता से होगा भवन कर का भुगतान

# ननि व एचडीएफसी बैंक के बीच प्रॉपर्टी टैक्स सॉफ्टवेयर अपग्रेडेशन पर एमओयू

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

> नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए एमओयू हुआ जिससे संपत्ति कर सॉफ्टवेयर अपग्रेडेशन से शहर के लोग संपत्ति कर का भुगतान सरलता से कर सकेंगे। साथ ही संपत्ति टैक्स से जुड़े अन्य कार्य भी सुलझा सकेंगे।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की उपस्थिति में गाजियाबाद नगर निगम तथा एचडीएफसी बैंक के बीच गाजियाबाद 311 एप तथा संपत्ति कर सॉफ्टवेयर अपग्रेडेशन को लेकर एमओयू साइन हुआ। एचडीएफसी के क्लस्टर हेड आशीष भाटिया ने एग्रीमेंट को साइन किया उसके बाद नगर आयुक्त द्वारा एग्रीमेंट साइन किया गया। कार्यक्रम में गाजियाबाद नगर निगम के समस्त संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे तथा एचडीएफसी बैंक की टीम भी मौके पर उपस्थित रही।




### 311 एप में होगा 66 समस्याओं का समाधान

गाजियाबाद 311 एपमें नगर निगम संबंधित लगभग 66 समस्याओं के समाधान के बारे में जानकारी दी गई। यह एप निगम अधिकारियों के लिए निगरानी व अन्य कार्यों में सहयोग करेगा। गाजियाबाद नगर निगम की सर्विसेज संबंधित अधिकांश संदर्भ से गाजियाबाद 311 ऐप को जोड़ा गया है जिसमें *उद्यान, डेरी, पार्किंग ट्रेड लाइसेंस, स्ट्रीट लाइट, म्यूटेशन, कैटल कैचिंग, पानी, बोरिंग, निर्माण, अतिक्रमण, सीवर समस्या, टैक्स तथा आई टी* के कार्यों से जोड़ा गया है जिसका प्रशिक्षण समस्त विभाग की टीम को दिया जा चुका है। गाजियाबाद 311 अप के माध्यम से गाजियाबाद नगर निगम संबंधित छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान भी हो सकेंगे ।

### कर संबंधी सारी औपचारिकताए एक ही जगह

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव सिन्हा ने कार्यक्रम की शुरुआत की। नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए एमओयू साइन कराया गया। संपत्ति कर सॉफ्टवेयर अपग्रेडेशन से शहर वासी अपने संपत्ति कर का भुगतान सरलता से कर सकेंगे साथ ही संपत्ति टैक्स से जुड़े अन्य कार्य भी सरलता से हो सकेंगे।

### निगरानी का काम भी आसान होगा

पेड़ों की कटिंग, कटिंग के बाद सफाई, पार्कों की सफाई का कार्य बैंच की व्यवस्था, मालियों की उपस्थिति, अवैध डेरी की शिकायत, अवैध पार्किंग की शिकायत, नगर निगम पार्किंग की शिकायत डॉग समस्याएं पार्कों की स्ट्रीट लाइट चौराहे की लाइट या अन्य क्षेत्रों की लाइट पानी के लीकेज की समस्या गंदे पानी की समस्या हैंडपंप से संबंधित संदर्भ टैक्स जमा करने का सही तरीकों जानकारी मिलेगी।

# साइबर ठगी के मास्टर माइंड बैंक अधिकारी काबू



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

साइबर थाना ईस्ट पुलिस साइबर ठगी करने वाले मास्टर माइंड बैंक अधिकारी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी लोगों से ठगी हुई राशि को लेने के लिए साइबर ठगों को बैंक खाते उपलब्ध कराते थे। तीन आरोपियों में से एक बैंक मैनेजर है तो दूसरा बैंक में सेल्स मैनेजर है। वहीं, तीसरा साथी भी बैंक में ही कार्यरत है। आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है। हालांकि पुलिस अभी उस मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी करने में कामयाब नहीं हुई है जो लोगों को अपने जाल में फंसाता था।

दरअसल अप्रैल 2023 में एक व्यक्ति को फोन आया था। फोन करने वाले ने खुद को मुंबई पुलिस का अधिकारी बताया और उसके द्वारा भेजे गए पार्सल में अवैध सामान होने की बात कहकर उन्हें डराया गया और उनसे करीब 9 लाख 52 हजार रुपए ट्रांसफर कराए गए। इसकी शिकायत जब साइबर थाना ईस्ट पुलिस को दी गई । पुलिस ने इन तीन आरोपियों को काबू किया। पूछताछ में सामने आया कि मोहम्मद मुकीम यस बैंक का ब्रांच मैनेजर हैं और उन्होंने अपने रिश्तेदार का फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंक खाता खुलवाया था।

### खोले गए बैंक खातों की मांगी जानकारी

पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ करने के साथ ही बैंक के आला अधिकारियों से इन तीनों के कार्यकाल के दौरान खोले गए बैंक खातों की जानकारी मांगी है। इसके साथ ही इन बैंक खातों में हुई ट्रांजेक्शन की भी जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

प्रियांशु दीवान,
एसीपी साइबर क्राइम

### वक्ताओं ने सर छोटू राम के जीवन पर प्रकाश डाला

# सीआर मॉडल स्कूल के बच्चों का रंगारंग कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

भारतीय प्रजातंत्रात्मक प्रणाली में सच्चाई, ईमानदारी, नैतिकता व इनका महत्व विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सांसद (हिसार) बृजेन्द्र सिंह रहे। इसकी अध्यक्षता प्रो. डॉ. डीवी सिंह ने की। इसके विशिष्ट अतिथि आरके मलिक और प्रो. प्रवीण फोगाट रहे। मेरी आवाज सुनो संगठन के प्रदेश महासचिव उदयवीर पूनिया ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन प्रेम पहलवान, मनोज श्योरान, रविंद्र शौकीन, अनुराग कटारिया ने किया। संस्था के संरक्षक पूर्व डिप्टी स्पीकर गोपीचंद गहलोत एवं राजबीर सिंह ठाकरान ने शाल व पगड़ी देकर सम्मानित किया किया। कार्यक्रम में इलाके के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। सीआर मॉडल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने उनके स्वागत में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए और सर छोटू राम जी के जीवन पर प्रकाश डाला।



### गणमान्य अतिथि रहे मौजूद

संस्था की लगातार उन्नति के बारे में गोपीचंद गहलोत जी ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इस मौके पर संस्था के प्रधान राजबीर सिंह ठाकरान, जनरल सेक्रेटरी कृष्ण कुमार श्योंकद, देवेंद्र सिंह महलावत कुलवंत सिंह दहिया, मनोज खांडसा, विनोद कटारिया, एडवोकेट सुरेन्द्र गहलोत, प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह डबास जोगिंदर, प्रोफेसर श्याम सिंह, महा सिंह ठाकरान, ईश्वर सिंह जांगू, वीरेंद्र सरपंच दौलताबाद पदम सिंह डागर, रामफल शौकीन, अमरनाथ तेवतिया, दौलत राम आदि मौजूद रहे। पूर्व ज्वाइंट कमिशर एस मलिक ने सांसद एवं संस्था में आए सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

# प्रकृति के कण-कण में संगीत मिलती है अनुशासन की प्रेरणा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

संगीत प्रकृति के कण-कण में विद्यमान है। संगीत कला से हमें जीवन में अनुशासन, परस्पर सहयोग और सही निर्णय लेने की प्रेरणा मिलती है। संगीत बिना बोले अपने विचारों को अभिव्यक्त करने की क्षमता रखता है। स्थानीय सेक्टर-14 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय के सभागार में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की ओर से आयोजित सुरों की महफिल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर एडीसी हितेश कुमार मीणा ने अपने ये विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध संगीतज्ञ पं. सुभाषचंद्र घोष ने नवस्वर रागिनी वीणा पर शास्त्रीय संगीत की स्वर लहरियां छेड़कर श्रोताओं को मदमस्त कर दिया। मुख्य अतिथि ने देवी सरस्वती की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्ज्वलित कर इस महफिल का आगाज किया।

एडीसी हितेश कुमार मीणा ने इस मौके पर कहा कि विद्यार्थी को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर पूरे जी-जान से उसे हासिल करने का प्रयत्न करना चाहिए। किसी प्रकार की कोई कठिनाई सामने आती है तो बगैर भय और चिंता के उसका सामना करना चाहिए।

# मानवता का सच्चा पाठ पढ़ाता है ब्रह्माकुमारी सेंटर: गोयल

**गुरुग्राम।** भाजपा हरियाणा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नवीन गोयल ने ब्रह्माकुमारी सेंटर सेक्टर-12ए में सुख शांति भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने सुख शांति भवन का उद्घाटन करते हुए संस्था के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर भाजपा जिला सचिव गगन गोयल, एसपी शर्मा, विकास, ओम शांति सेंटर से मुख्य वक्ता आशा दीदी, सेक्टर-12 की संचालिका सुमन दीदी, पुष्पा दीदी भी मौजूद रहीं। गोयल ने कहा कि यहां आने वाले व्यक्ति के भीतर सकारात्मक विचारों का संचार होता है जो कि सुख-शांति का मानक है।

### फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में टिकट के लिए

# गुर्जर, नागर के अलावा पूर्व मंत्री विपुल गोयल भी मजबूती से दावा पेश कर रहे

**दिल्ली में प्रत्याशी बदले जाने के बाद फरीदाबाद में बदलाव के कयास**

बिजेंद्र शर्मा ⏭ फरीदाबाद



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में चार बार एमपी के टिकट कट जाने के बाद फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में भी बदलाव के कयास लगने शुरू हो गए है। लोकसभा टिकट के पैनल में पूर्व मंत्री विपुल गोयल का नाम आने के बाद इन कयासों को और भी ज्यादा बल मिलना शुरू हो गया है। वैसे तिगांव विधानसभा क्षेत्र से विधायक राजेश नागर का नाम भी मजबूती से चल रहा है।

काबिलेगौर यह है कि कभी कांग्रेस का गढ़ समझे जाने वाली फरीदाबाद लोकसभा सीट पर 1996 के बाद जनता का मूड कुछ बदला सा नजर आने लगा है। 1996, 1998 व 1999 में इस क्षेत्र की जनता ने रामचन्द्र बैंदा जैसे भाजपा उम्मीदवार को लगातार तीन बार जिता कर हैट्रिक बनवा दी जबकि 1996 से पूर्व फरीदाबाद में रामचंद्र बैंदा के नाम को कोई जानता तक नहीं था। 2014 व 2019 में भी लगातार दो बार यहां की जनता ने कृष्णपाल गुर्जर पर अपना भरोसा जताया। वैसे सही मायने में देखा जाए तो 1996 से 1999 के दौरान रामचन्द्र बैंदा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की लहर में जीते तो 2014 व 2019 में कृष्णपाल गुर्जर मोदी लहर में जीत गए। इससे यह बात साफ हो जाती है कि प्रत्याशी यहां कोई मायने नहीं रखता है बल्कि लोग केन्द्रीय नेतृत्व पर ही भरोसा जताते हैं। 19 लाख 35 हजार मतदाताओं वाली इस लोकसभा सीट पर जातीय आंकड़ों पर गौर किया जाए तो जाट व दलित समुदाय के बाद पिछड़ा वर्ग से संबंध रखने वाले मतदाताओं की संख्या बहुत हैं।

### विस में गोयल का टिकट कटा था

ब्राह्मण व पंजाबी समुदाय के बाद गुर्जर बिरादरी का नंबर आता है। मगर बात विपुल गोयल की जाए तो पिछले विधानसभा चुनाव में उनका टिकट अवश्य कटा था किन्तु कुछ वर्षों के बनवास के बाद पार्टी ने उन्हें संगठन में एक बड़ी जिम्मेदारी भी दी है। जिस हिसाब से भाजपा का केन्द्रीय नेतृत्व विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में वर्तमान एमपी के टिकट काट रहा है अगर ऐसे में फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से भी वर्तमान एमपी का टिकट काट दिया जाता है तो कोई अचरज की बात नहीं होगी। पार्टी को यह बात अच्छी तरह से पता है कि इस लोकसभा सीट पर जिसको भी उम्मीदवार बनाया जाएगा वह मोदी के नाम पर ही चुनावी वैतरणी पार कर लेगा।

**भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय**
**खानपुर कलां (सोनीपत), हरियाणा-131305**
हरियाणा अधिनियम सं. 31 ऑफ 2006 के तहत स्थापित एक राज्य विश्वविद्यालय
(एनएएसी द्वारा प्रमाणित 'बी++' ग्रेड विश्वविद्यालय)

**रोजगार सूचना**
**(विज्ञा. सं. 67/2024 से 75/2024)**

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (बीपीएसएमवी) इसके विभागों/संस्थानों/क्षेत्रीय केन्द्रों और संघटक महाविद्यालयों/संस्थानों में असिस्टेंट प्रोफैसर के नियमित अध्यापन पदों (स्वीकृत बजटप्राप्त रिक्त पदों) के तहत भर्ती के लिए पात्र उम्मीदवारों से 26.03.2024 तक अप. 5.00 बजे तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

विषय-वार और श्रेणी-वार रिक्त पदों की संख्या सहित विज्ञा. सं., विस्तृत निर्देश, अपेक्षित योग्यताएं, वेतनमान और चयन हेतु तौर-तरीका विश्वविद्यालय वेबसाइट www.bpsmv.ac.in पर दिए गए हैं। ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने हेतु लिंक विश्वविद्यालय वेबसाइट पर 06.03.2024 से उपलब्ध होगा।

संवाद विज्ञा. सं.-1239/11/56/2024/25553/सी/88/7 दि. 04.03.24 — रजिस्ट्रार

**PRATIBHA INDUSTRIES LIMITED (IN LIQUIDATION)**
Liquidator's Address - 106, 1st Floor, Kanakia Atrium 2, Cross Road A, Behind Courtyard Marriott, Chakala, Andheri East, Mumbai – 400093; Contact: + 8693053567;
Email: liquidator.pratibha@gmail.com

**CORRIGEDUM TO NOTICE OF SALE DATED 07th FEBRUARY 2024 FOR EXTENSION OF E -AUCTION – SALE OF ASSETS UNDER IBC, 2016**
**Extended Date and Time of Auction: 13th March 2024 (Wednesday) at 12:00 P.M. to 3:00 P.M. (with unlimited extension of 5 minutes each)**

Sale of Assets owned by **PRATIBHA INDUSTRIES LIMITED** (In Liquidation) forming part of Liquidation Estate under section 35(f) of IBC 2016 read with Regulation 33 of Liquidation Process Regulations. E-Auction will be conducted on **"AS IS WHERE IS", "AS IS WHAT IS BASIS", "WHATEVER THERE IS BASIS" AND "NO RECOUSE BASIS".**
The Sale will be done by undersigned through e-auction service provider **National E-Governance Services Limited** via website https://www.pda.nesl.co.in

Amount in INR

| Sr. No. | Description of Assets | Reserve Price | Earnest Money Deposit | Incremental Bid |
|---|---|---|---|---|
| **Option A: Sale of Corporate Debtor as a Going Concern Date and Time of Auction: 13th March 2024 (Wednesday) at 12:00 P.M. to 1:00 P.M.** | | | | |
| 1. | Sale of Corporate Debtor as a going concern (relinquished assets, ongoing and upcoming legal / arbitration matters) | 65,00,00,000 | 6,50,00,000 | 50,00,000 |
| **Option B: Sale of Assets in parcels Date and Time of Auction: 13th March 2024 (Wednesday) at 02:00 P.M. to 3:00 P.M** | | | | |
| 1 | 513 to 516, 5th floor, Shreekant Chambers, S No. 78/1 & 79 (pt), CTS no. 669, 669/1 to 6 & 783(pt), Borla Village, Sion Trombay Road, Deonar, Mumbai | 2,40,00,000 | 24,00,000 | 10,00,000 |
| 2 | Flat No. 101, Plot no. 574, Usha kamal, Behind Telephone exchange, Chembur Naka, Chembur, Mumbai 400071 | 2,05,00,000 | 20,50,000 | 10,00,000 |
| 3 | Plant and Machinery (Tunnel Boring Machine 3 nos and others) | 31,50,00,000 | 3,15,00,000 | 25,00,000 |
| 4 | Vehicles located at Mumbai | 1,58,00,000 | 15,80,000 | 10,00,000 |
| 5 | Vehicles located at Delhi | 21,00,000 | 2,10,000 | 50,000 |

**Notes to Auction Process:**
- Bidding in both the options shall be allowed on submission of EMD for each Option/lot.
- If Highest bidder under Option A offers bid value as mentioned in point above, H1 bidder under Option A shall be declared as the successful bidder and E-auction under Option B shall stand cancelled. Else the Highest bidders in respective lots under Option B shall be declared as the successful bidders.

**Last date for submission of Bid Documents** : 08th March 2024 (Friday)
**Last date for Inspection** : 08th March 2024 (Friday)
**Last date of EMD submission** : 11th March 2024 (Monday) up to 5:00 PM
**Date and time of E-Auction** : 13th March 2024 (Wednesday) at 12:00 P.M. to 3:00 P.M.

Note : The detailed Terms & Conditions, E-Auction Bid Document, Declaration & other details of online auction sale are available on https://pda.nesl.co.in and website of Pratibha Industries Limited https://www.pratibhagroup.com

In case of any clarifications, please contact the undersigned at liquidator.pratibha@gmail.com

**Avil Menezes**
**As Liquidator of Pratibha Industries Limited**
**Authorization for Assignment valid till 27th November 2024**
**Registration No. IBBI/IPA-001/IP-P00017/2016-17/10041**
**Reg. Address: 106, 1st Floor, Kanakia Atrium 2, Cross Road A, Behind Courtyard Marriott, Chakala, Andheri East, Mumbai - 400093**
**Email: liquidator.pratibha@gmail.com**

**Date : 05th March 2024**
**Place : Mumbai**

# श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में महाशिवरात्रि समारोह शुरू

# शिव विवाह के उत्सव की तैयारियां प्रारंभ, 6 मार्च को बाबा को लगेगी हल्दी, 7 और 8 मार्च को 10 लाख श्रद्धालु करेंगे दर्शन

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में महाशिवरात्रि समारोह की शुरुआत हो गई है। धाम में सांस्कृतिक संध्या शुरुआत हो गई है जो 6 मार्च तक चलेगी। इसी दिन बाबा विश्वनाथ को हल्दी लगेगी। 7 मार्च को भजन कार्यक्रम और 8 मार्च को शिव-पार्वती विवाह होगा। धाम में सितार और तबले की थाप सुनाई दे रही है। मंदिर कॉरिडोर में शिव गीतों की गूंज सुनाई देने लगी है। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने यह जानकारी दी।

## 6 मार्च को लगेगी हल्दी

विश्व भूषण मिश्रा ने कहा कि काशी में शिव विवाह के उत्सव की तैयारियां शुरू हो गईं हैं। बाबा विश्वनाथ को 6 मार्च को शाम 7 बजे से हल्दी लगेगी। 7 मार्च को भजन कार्यक्रम और 8 मार्च को शिव-पार्वती विवाह होगा। हल्दी से लेकर विवाह का कार्यक्रम गौदोलिया के टेढीनाम स्थित पूर्व महंत के आवास पर होंगे। इस दौरान मंगल गीतों के साथ भक्त बाबा की रजत प्रतिमा पर हल्दी लगाएंगे। साथ में शिव भजन और लोकगीतों से शिव पार्वती के दांपत्य जीवन की मंगला कामना की जाएगी। मथुरा से आए कलाकर कथक पर प्रस्तुति देंगे। इससे पहले बसंत पंचमी पर बाबा का तिलकोत्सव हुआ था।

**खास बातें**

- पूरा मंदिर फूलों और मालाओं से सजाया गया
- मंदिर कॉरिडोर में शिव गीतों की गूंज सुनाई दे रही
- बह रही शिव गीतों की गंगा
- दरबार में गूंज रही तबले की थाप
- मंदिर के बाहर भारी भीड़ उमड़ रही





### सांस्कृतिक संध्या की हुई शुरुआत

मिश्रा ने बताया कि 4 मार्च से विश्वनाथ धाम में सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत हो चुकी है। पिछले साल केवल एक दिन ही की सांस्कृतिक संध्या थी, इस बार तीन दिन तक चलेगी। कलाकारों द्वारा शिव तांडव से लेकर तमाम शिव गीतों पर कुल 9 प्रस्तुतियां मंच से प्रस्तुत की जाएंगी। शास्त्रीय लोक गायक और कलाकार शिव बंदिशें सुनाएंगे और कथक करेंगे। ये कार्यक्रम 6 मार्च तक चलेगा। इसमें स्थानीय कलाकारों से लेकर बाहर के भी आर्टिस्ट आएंगे।

### लोक गीतों पर प्रस्तुतियां देंगे

आज 5 मार्च को मीरजापुर के डॉ. मन्नू यादव लोक गीतों पर प्रस्तुतियां देंगे। काशी और आस-पास शिव पर सुनाई देने वाले भजनों की भी प्रस्तुतियां देंगे। इनके अलावा दूसरी प्रस्तुति क्लासिकल इन्स्ट्रूमेंटल म्यूजिक की होगी। काशी के डॉ. अंकुर मिश्र और टीम सितार, वायलिन, तबला पर संगत करेगी। तीसरी प्रस्तुति ग्रुप कथक क्लासिकल डांस की होगी। वाराणसी के लोकप्रिय कथक नर्तक विशाल कृष्ण और उनकी टीम शिव के तांडव समेत अलग-अलग गीतों पर कथक करेगी।

### उप शास्त्रीय गायन होगा

6 मार्च को 3 प्रस्तुतियां होंगी। पहली प्रस्तुति उप शास्त्रीय गायन की होगी। डॉ. मधुमिता भट्टाचार्य शिव की बंदिश सुनाएंगी। इसके बाद ग्रुप फोक डांस होगा। वाराणसी की डॉ. दिव्या श्रीवास्तव और उनकी टीम ये बेजोड़ प्रस्तुति देंगी। सांस्कृतिक संध्या का समापन ग्रुप कथक डांस से होगा। वाराणसी की डॉ. रंजना उपाध्याय और उनकी टीम ये प्रस्तुति देंगी।

### 7 और 8 मार्च को खुला रहेगा बाबा का दरबार

मिश्रा ने बताया कि 7 और 8 मार्च को पूरा मंदिर आम भक्तों के दर्शन-पूजन के लिए खुला रहेगा। उन्होंने बताया कि 7 मार्च के बाद 8 मार्च की भोर में मंगला आरती के बाद 36 घंटे तक भक्त बाबा विश्वनाथ के दर्शन करेंगे। इस दिन बाकी की बुकिंग निरस्त रहेगी। इन दो दिनों में इस साल कुल 10 लाख से ज्यादा शिव भक्तों के मंदिर आने का अनुमान है। उसी दिन शिव बारात भी निकलेगी, इसलिए भक्तों की अच्छी खासी भीड़ होने का अनुमान लगाया जा रहा है। हालांकि, महाशिवरात्रि पर सुगम दर्शन की व्यवस्था बंद कर दी जाएगी। उस दिन केवल आम भक्तों को ही कतारबद्ध दर्शन कराया जाएगा।

### व्यास जी के तहखाने का भी झांकी दर्शन

विश्वनाथ धाम आने वाले श्रद्धालु नंदी की प्रतिमा के सामने से व्यास जी के तहखाने का भी झांकी दर्शन कर सकते हैं। जो भक्त वहां पर जाना चाहेगा तो दूर से जा सकता है। साथ ही मंदिर के बाहर खड़े श्रद्धालुओं को गर्भगृह का लाइव दर्शन एलईडी के द्वारा कराया जाएगा।

---

**खबर संक्षेप**

### आरएलडी ने लोकसभा की प्रत्याशी घोषित किए



**मेरठ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह ने लोकसभा चुनाव को लेकर बागपत और बिजनौर सीट पर पत्ते खोल दिए हैं। बागपत लोकसभा क्षेत्र से डॉ. राजकुमार सांगवान को प्रत्याशी घोषित किया तो वहीं बिजनौर लोकसभा सीट से मौजूदा विधायक चंदन सिंह को प्रत्याशी घोषित किया गया है। विधान परिषद के लिए मथुरा से योगेश नौहार को प्रत्याशी बनाया गया है।

### वाराणसी में पकड़ा गया 2.5 करोड़ रुपए का ड्रग्स



**वाराणसी।** वाराणसी में खतरनाक ड्रग्स म्याऊ-म्याऊ की बड़ी खेप पकड़ी गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत ढाई करोड़ रुपए से ज्यादा की बताई जा रही है। नार्कोटिक्स टास्क फोर्स और सिगरा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए जौनपुर के मड़ियाहू थाने के पाली सुभाषपुर के रहने वाले प्रेमचंद तिवारी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त के पास झोले में 440 ग्राम मेफेड्रोन बरामद हुआ।

---

### सीएम योगी आदित्यनाथ ने महायोजना-2031 पर चर्चा करते हुए दिए निर्देश

# जनता की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए करें शहरों का सुनियोजित और संतुलित विकास

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ ने सहारनपुर, मीरजापुर, बांदा, बस्ती, अमरोहा और फिरोजाबाद की महायोजना-2031 का अवलोकन किया और नियोजित विकास के लिए दिशा-निर्देश भी दिए। सीएम योगी ने कहा कि विकास प्राधिकरणों का उद्देश्य सुनियोजित, संतुलित और तीव्र विकास को दिशा देना है। ध्यान आम आदमी की सुविधाओं पर होना चाहिए। सभी विकास प्राधिकरणों को आय की नई संभावनाएं तलाशनी होंगी।

सीएम योगी ने कहा कि स्थानीय शिल्पकला और परंपरागत उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए क्लस्टर विकसित किया जाए। प्रतिमाओं की स्थापना चौराहों के स्थान पर पार्कों में करना उचित होगा। नगरों में यातायात प्रबंधन एक महत्वपूर्ण विषय है। हमें इसके लिए ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है। टैक्सी-ऑटो स्टैंड और स्ट्रीट वेंडर ज़ोन तय होने चाहिए। महायोजना में इसके लिए स्पष्ट भूमि चिन्हित होनी चाहिए। मल्टीलेवल पार्किंग के लिए उपयुक्त स्थान निर्धारित करें।

**खास बातें**

- स्थानीय उत्पादों के लिए क्लस्टर विकसित करें
- मल्टीलेवल पार्किंग के लिए उपयुक्त स्थान निर्धारित करें
- लॉजिस्टिक और वेयरहाउसिंग हब के लिए स्थान चिन्हित करें
- बांदा इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से जोड़ें

> सीएम योगी ने कहा है कि शहरों का विकास करते समय औद्योगिक-व्यावसायिक और आवासीय गतिविधियों के विकास के लिए सुनियोजित प्रावधान रखे जाएं। सभी विकास प्राधिकरणों आय की नई संभावनाएं तलाशें।



### अमरोहा में पहली बार महायोजना तैयार

योगी ने कहा कि अमरोहा के लिए पहली बार महायोजना तैयार हो रही है। यहां ढोलक, ड्रम, कॉटन रिसाइकिलिंग और बिंदी बनाने जैसी गतिविधियां परंपरा का हिस्सा हैं। इन्हें और फैसिलिटेट करने की व्यवस्था हो। बांदा में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर प्रस्तावित है, महायोजना की सीमा कॉरिडोर तक होनी चाहिए। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे को इससे जोड़ें। आम यातायात प्रभावित न हो, इसके लिए ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है।

### सहारनपुर 'देवभूमि का प्रवेश द्वार'

सीएम योगी ने कहा कि सहारनपुर 'देवभूमि का प्रवेश द्वार' है। बीते 06-07 वर्षों में यहां न केवल व्यावसायिक गतिविधियों में तेजी आई है, बल्कि बेहतर होती कनेक्टिविटी और नगरीय सुविधाओं के कारण लोग यहां स्थायी निवास भी बना रहे हैं। सहारनपुर की महायोजना में औद्योगिक- व्यावसायिक और आवासीय गतिविधियों के विकास के लिए सुनियोजित प्रावधान रखे जाएं। सहारनपुर में वुड कार्विंग क्लस्टर के लिए स्थान चिन्हित करें। वर्तमान में जहां काष्ठ शिल्प का हब है उससे यह स्थान बहुत दूर न हो। लॉजिस्टिक और वेयरहाउसिंग हब के लिए भी स्थान चिन्हित किए जाएं।

### मिर्जापुर में विकास क्षेत्र का दायरा बढ़ाएं

योगी ने कहा कि मिर्जापुर में मां विंध्यवासिनी के पावन धाम के सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। यहां नवस्थापित मेडिकल कॉलेज और राज्य विश्वविद्यालय को भी महायोजना में शामिल करें। भविष्य के मिर्जापुर की आवश्यकताओं के दृष्टिगत मिर्जापुर के विकास क्षेत्र का दायरा और बढ़ाया जाना चाहिए। बस्ती, विकास की ओर तेजी से बढ़ता हुआ क्षेत्र है।

---

### योगी कैबिनेट 2.0 का तीसरा विस्तार आज

# राजभर, दारा और बालियान सहित शामिल होंगे 5 मंत्री



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी की योगी कैबिनेट 2.0 का तीसरा विस्तार 5 मार्च की शाम 5 बजे होगा। राष्ट्रीय लोक दल के साथ गठबंधन होने के बाद मंत्रिमंडल विस्तार में 5 नए मंत्री शामिल होंगे। बीते शुक्रवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक, इस मंत्रिमंडल विस्तार में 2 कैबिनेट मंत्री, 2 राज्यमंत्री और 1 स्वतंत्र प्रभार मंत्री को शामिल किया जा रहा है। योगी कैबिनेट 2.0 का दूसरा मंत्रिमंडल विस्तार 25 मार्च 2022 को हुआ था। योगी कैबिनेट में कुल 52 मंत्री हैं। इसमें कैबिनेट मंत्री 18, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) 14 और 20 राज्यमंत्री हैं। 8 मंत्रियों की जगह अभी खाली है।

### सुभासपा का 28 सीटों पर प्रभाव

विधानसभा चुनाव के दौरान सुभासपा और सपा का गठबंधन था। इसका नुकसान पूर्वांचल की 6 सीटों पर भाजपा को हुआ था। डैमेज कंट्रोल के लिए लोकसभा चुनाव से पहले ओपी राजभर को मंत्रिमंडल में शामिल किया जा रहा है। माना जा रहा है कि पूर्वांचल की करीब 28 लोकसभा सीटों पर सुभासपा का प्रभाव है। राजभर ने बसपा संस्थापक कांशीराम से प्रभावित होकर 1981 में राजनीति में एंट्री की। 2001 में भदोही का नाम बदलकर संतकबीर नगर रखने से राजभर नाराज हो गए। उन्होंने उस वक्त की सीएम मायावती के खिलाफ बगावत कर दी। 2002 में बसपा से अलग होकर अपनी पार्टी सुभासपा बनाई।

### दारा सिंह से लोनिया समाज को साध रहे

सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए दारा सिंह चौहान को कैबिनेट में जगह मिल रही है। दारा सिंह भले ही घोसी उप चुनाव में कोई खास कमाल नहीं कर पाए हों, लेकिन माना जाता है कि लोनिया समाज में उनकी अच्छी पकड़ है। पूर्वांचल की घोसी लोकसभा सीट पर इस समाज का खासा प्रभाव है। दारा सिंह चौहान ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत बसपा से की थी। लोगों के बीच पकड़ के कारण वह पार्टी का एक महत्वपूर्ण चेहरा बन गए।

---

## पेज एक का शेष

### भाजपा अध्यक्ष जनड्डा ...

थे। जानकारी के मुताबिक, नड्डा ने लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए राज्यसभा से इस्तीफा दिया है। वो किस सीट से चुनाव लड़ेंगे, फिलहाल इसका ऐलान नहीं किया गया है।

### दिल्ली की महिलाओं...

इससे अधिक आयु की सभी महिलाओं को हर महीने 1 हजार रुपए दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि किसी महिला को योजना के तहत पात्र बनने के लिए दिल्ली का मतदाता होना चाहिए। इन महिलाओं को किसी अन्य योजना का लाभ नहीं मिलना चाहिए। इसके अलावा महिला आयकरदाता भी नहीं होनी चाहिए। इस साल जनवरी में प्रकाशित दिल्ली की अंतिम मतदाता सूची के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में 67 लाख 30 हजार 371 महिला मतदाता हैं। वहीं आम चुनाव से पहले राज्य विधानसभा में पेश किए गए बजट में आतिशी ने बिजनेस ब्लास्टर्स योजना का विस्तार विश्वविद्यालयों और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) तक करने की घोषणा की। अभी तक यह योजना स्कूलों में लागू की जा रही थी। पिछले साल सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 78 हजार 800 करोड़ रुपये आवंटित किए थे और जी20 की तैयारियों के तहत नौ योजनाओं की घोषणा की थी। दिल्ली सरकार के बजट का आकार वित्त वर्ष 2022-23 में 75 हजार 800 करोड़ रुपये और इससे पिछले वित्त वर्ष में 69 हजार करोड़ रुपये था। पिछले साल वित्त विभाग का कार्यभार संभालने के बाद आतिशी ने पहली बार बजट पेश किया है।

- महिलाओं को 1 हजार रुपए प्रतिमाह देने की घोषणा के लिए बजट में 2000 करोड़ रुपए का प्रस्ताव
- 2024-25 में बजट अनुमान 76 हजार करोड़ रुपए है, जो कि 2023-24 के 74 हजार 900 करोड़ रुपए के संशोधित अनुमान से 1.47 प्रतिशत अधिक है
- शिक्षा क्षेत्र के लिए वर्ष 2024-25 में 16 हजार 396 करोड़ रुपए के बजट का प्रस्ताव
- स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए वर्ष 2024-25 में 8 हजार 685 करोड़ रुपए का प्रस्ताव
- न्याय व्यवस्था का बजट वर्ष 2024-25 में करीब गुना बढ़कर 3,098 करोड़ रुपए पहुंचा
- वर्ष 2024-25 के दौरान दिल्ली सरकार के विश्वविद्यालयों में स्टार्ट-अप में 15 करोड़ रुपए निवेश करेगी।
- पावर सेक्टर के लिए वर्ष 2024-25 के बजट में 3,353 करोड़ रुपए का प्रस्ताव
- दिल्ली जल बोर्ड के लिए 7,195 करोड़ रुपए के बजट का प्रस्ताव
- सड़कों पर स्ट्रीट लाइटों को लगाने के लिए बजट में 275 करोड़ रुपए का प्रस्ताव
- विधायक निधि योजना के तहत बजट में 400 करोड़ रुपए का प्रस्ताव
- अनधिकृत कॉलोनियों के विकास के लिए बजट में 902 करोड़ का प्रस्ताव
- सड़क और फ्लाईओवरों को बनाने के लिए बजट में 1,768 करोड़ रुपए का प्रस्ताव
- मुफ्त बस यात्रा जारी रखने के लिए बजट में 340 करोड़ रुपए का प्रस्ताव
- बजट में इलेक्ट्रिक बसों के लिए 510 करोड़ रुपए का प्रस्ताव
- बजट में दिल्ली मेट्रो के लिए 500 करोड़ रुपए का प्रस्ताव
- दिल्ली की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए बजट में 5702 करोड़ रुपए का प्रस्ताव
- दिल्ली के गांवों के विकास के लिए बजट में 900 करोड़ रुपए का प्रस्ताव
- पेंशन के लिए 2,714 करोड़ रुपए का प्रस्ताव
- समाज कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और एससी/एसटी/ओबीसी कल्याण विभाग के तहत 6,216 करोड़ रुपए का प्रस्ताव
- बजट में स्थानीय निकायों के 8,423 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता देने का प्रस्ताव

### भारत की अर्थव्यवस्था ने ...

वैश्विक वृहद आर्थिक परिदृश्य में कहा कि भारत पूर्वानुमानों के अनुसार के अनुसार जी-20 अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से वृद्धि करने वाला देश बना रहेगा। 2025 के लिए, सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि 6.4 प्रतिशत अनुमानित है। मूडीज ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि वस्तु एवं सेवा कर संग्रह में मजबूती, वाहनों की बिक्री में बढ़ोतरी, उपभोक्ताओं के रुझान और दोहरे अंक में ऋण वृद्धि से पता चलता है कि शहरी उपभोग मांग में लचीलापन बना हुआ है। मूडीज ने आपूर्ति पक्ष पर कहा कि विनिर्माण और सेवाओं के पीएमआई का विस्तार ठोस आर्थिक गति को बदल देता है।

### सर्वे व पैनलों के ...

करने में कांग्रेस भी राहुल गांधी की न्याय यात्रा समाप्त होने का इंतजार कर रही है। अभी भोपाल जिला कांग्रेस से जुड़े पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को यात्रा से जुड़े क्षेत्र में जिम्मेदारी दी है, जिससे वे वहीं पर व्यवस्थाओं में हैं। गौरतलब है कि भोपाल संसदीय सीट कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती है। यहां की छह विधानसभा में से दो पर ही कांग्रेस के विधायक हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में भोपाल से दिग्विजयसिंह जैसे दिग्गज नेता बुरी तरह हार चुके हैं। यही कारण है कि कांग्रेस ने न केवल सर्वे के आधार पर उम्मीदवारों के नाम निकाले बल्कि परिस्थितियों को देखकर भी प्रत्याशी तय करने की रणनीति बनाई है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार दिल्ली में 7 मार्च को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में मप्र की सभी 29 लोकसभा सीटों के लिए कांग्रेसी उम्मीदवारों के नामों पर मुहर लगा दी जाएगी। सभी के नाम एक ही लिस्ट में घोषित किए जाएंगे।

### संसदीय विशेषाधिकार ...

कहा कि माननीयों को मिली छूट यह साबित करने में विफल रही है कि माननीयों को अपने विधायी कार्यों में इस छूट की अनिवार्यता है। सुप्रीम कोर्ट ने 1998 में पीवी नरसिम्हा राव के मामले में दिए अपने पिछले फैसले को पलट दिया। सात जजों की संविधान पीठ ने कहा कि संसदीय विशेषाधिकार के तहत रिश्वतखोरी की छूट नहीं दी जा सकती।

**क्या है 26 साल पुराना नरसिम्हा राव का केस ?:** साल 1998 में पीवी नरसिम्हा राव बनाम राज्य (सीबीआई/एसपीई) केस में सुप्रीम कोर्ट में इस अनुच्छेद पर बहस हुई। तब उच्चतम न्यायालय की पांच जजों की बेंच ने इस अनुच्छेद की शाब्दिक व्याख्या की थी और माना कि विधायकों और सांसदों को विधानसभा या संसद में अपने भाषण और वोट से जुड़े मामलों में रिश्वत के लिए आपराधिक मुकदमा चलाने से छूट प्राप्त है। कोर्ट ने कहा था कि अगर आपने जिस काम के लिए (प्रश्न पूछने या वोट देने के लिए) रिश्वत ली और वो काम पूरा कर दिया तब कोई दिक्कत नहीं है। पर अगर उसके उलट किया तब दिक्कत है।

### एमपी-एमएलए को...

या विधायक, सदन में कुछ भी कहें, या किसी विषय पर वोट दें, इन दोनों कंडीशन में उनके खिलाफ किसी अदालत में कोई मुकदमा नहीं चलाया जा सकता है। संविधान के अनुच्छेद 105(3) और 194(3) में कहा गया है कि सांसदों व विधायकों के अन्य विशेषाधिकार के मामले में राज्य विधानसभा या लोकसभा अथवा राज्यसभा समय-समय पर नियम में फेरबदल कर सकते हैं। जैसे सांसद अथवा विधायक को क्या सुविधा मिलेगी, कैसे प्रोटोकॉल आदि।

### क्या है झारखंड ...

पर सुनवाई करते हुए तत्कालीन सीजेआई रंजन गोगोई, जस्टिस अब्दुल नजीर और जस्टिस संजीव खन्ना की पीठ ने कहा कि 1998 के पीवी नरसिम्हा राव केस में दिया गया सुप्रीम कोर्ट का फैसला, सीधे ऐसे मामलों से जुड़ा था। हालांकि, पीठ ने इस तथ्य पर भी गौर किया कि 1998 का फैसला बहुत ही कम अंतर (पांच न्यायाधीशों के बीच 3:2 के विभाजन) से हुआ था और कहा कि यह मुद्दा पर्याप्त सार्वजनिक महत्व का है, इसलिए बड़ी बेंच को भेजा जाना चाहिए। इसके बाद मामला बड़ी बेंच को रेफर कर दिया गया।

---

# एनएच-19 से डीएनडी-बल्लभगढ़ बाईपास केएमपी लिंक तक एलिवेटिड रोड बनेगा



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-19 से डीएनडी-फरीदाबाद-बल्लभगढ़ बाईपास केएमपी लिंक तक एलिवेटिड रोड (सर्विस रोड के साथ) का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए आज यहां मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में हुई हाई पावर वर्कर्स परचेज कमेटी (एचपीडब्ल्यूपीसी) की बैठक में इस प्रोजेक्ट के लिए लगभग 163 करोड़ रुपये की मंजूरी प्रदान की गई। इसके अलावा, उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (एचपीपीसी), विभागीय उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (डीएचपीपीसी) और हाई पावर वर्कर्स परचेज कमेटी (एचपीडब्ल्यूपीसी) की बैठक में कुल 2352 करोड़ रुपये से अधिक के कॉन्ट्रेक्ट तथा विभिन्न वस्तुओं की खरीद को मंजूरी दी गई। बैठक में विभिन्न बोलीदाताओं से नेगोसिएशन के बाद दरें तय करके लगभग 74 करोड़ रुपये की बचत की गई है

बैठक में परिवहन मंत्री मूल चंद शर्मा, ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल, सहकारिता मंत्री डॉ बनवारी लाल, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता, विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली और श्रम राज्य मंत्री अनूप धानक भी उपस्थित थे। बैठक में कुल 80 एजेंडे रखे गए और 76 एजेंडों को मंजूरी प्रदान की गई।

---

### चाईबासा में सुरक्षाबलों को मिली बड़ी कामयाबी

# सीआरपीएफ ने नक्सली बंकर को किया ध्वस्त, रायफल बरामद

एजेंसी ▶▶ चाईबासा

झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिला के घोर नक्सल प्रभावित कोल्हान आरक्षित वन क्षेत्र अन्तर्गत तुम्बाहाका के जंगलों में सुरक्षाबलों ने बड़ी सफलता हासिल की है। सीआरपीएफ-197 बटालिन के जवानों ने एक नक्सली बंकर को ध्वस्त करते हुए कई सामानों की बरामदगी की है। यहां आसपास के जंगल में एक करोड़ का ईनामी नक्सली नेता मिसिर बेसरा समेत कई खूंखार उग्रवादी बंकर बनाए हुए हैं।



### जंगल में था खूंखार नक्सलियों का डेरा

तुम्बाहाका व आसपास के जंगल एक करोड़ का ईनामी नक्सली नेता मिसिर बेसरा समेत, अनमोल, मोछू, चमन, कांडे, सागेन आदि बड़े नक्सली नेताओं की शरणस्थली थी। इस क्षेत्र की पहाड़ियों में नक्सलियों ने दर्जनों बंकर बना रखे हैं। इसमें से क़रीब एक दर्जन बंकर को पहले ही सीआरपीएफ ने ध्वस्त कर दिया है। बाकी के लिये निरंतर ऑपरेशन जारी है।

### बंकर में ठहरने और छिपने की थी सुविधा

सीआरपीएफ ने टोंटो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका जंगल में नक्सली बंकर ध्वस्त किया है। इस बंकर में 8-10 नक्सलियों के ठहरने अथवा छुपने की सुविधा थी। इस बंकर की तलाशी लेने पर नक्सलियों का एक बोल्ट एक्शन रायफल, 15-20 जोड़ी जूता, ट्रैकसूट, महिला व पुरुष नक्सलियों द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला अन्य कपड़ें व भारी मात्रा में रोजमर्रा के समान बरामद किए गए।



# 'टाइगर नागेश्वर राव' का हिंदी संस्करण अमेजन प्राइम वीडियो पर

**मुंबई।** अभिनेता रवि तेजा को आजकल फिल्म 'ईगल' में देखा जा रहा है। इससे पहले अभिनेता बीते साल रिलीज हुई फिल्म 'टाइगर नागेश्वर राव' में नजर आए थे। यह उनकी पहली पैन इंडिया फिल्म है। 'टाइगर नागेश्वर राव' पहले ही तेलुगु भाषा में अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दे चुकी है। अब इस फिल्म का हिंदी संस्करण भी प्राइम वीडियो पर रिलीज कर दिया गया है। 'टाइगर नागेश्वर राव' का निर्देशन वामसी ने किया है। इस फिल्म के जरिए कृति सैनन की बहन नूपुर सैनन पैन इंडिया डेब्यू किया है। दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर भी इस फिल्म का प्रमुख हिस्सा हैं। 35 करोड़ रुपये की लागत में बनी फिल्म 'टाइगर नागेश्वर राव' ने 50 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया था।

लाइफ Style



# जाह्नवी

## आरसी-16 से साउथ फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू

'धड़क' मूवी से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर अब साउथ फिल्म इंडस्ट्री में अपनी किस्मत आजमाने जा रही हैं। खबर है कि उन्होंने साउथ के स्टार रामचरण के साथ फिल्म साइन की है और दोनों 'आरसी 16' में नजर आएंगे। इसे बुच्ची बाबू सना डायरेक्ट करेंगे। अब जाह्नवी के पिता और प्रोड्यूसर बोनी कपूर ने इस खबर को कंफर्म कर दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बोनी कपूर ने कहा कि जान्हवी कपूर पहले जूनियर एनटीआर के साथ 'देवारा' के लिए शूटिंग कर चुकी है। उन्हें इसका हर हिस्सा पसंद आया। जल्द ही वह राम चरण के साथ फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगी। बोनी ने कहा कि राम और जूनियर एनटीआर बहुत अच्छा कर रहे हैं। बता दें कि जान्हवी ने धड़क फिल्म से अपने करियर की शुरुआत की थी जिसमें वे ईशान खट्टर के अपोजिट नजर आई थीं। इसके बाद एक्ट्रेस ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। वे वरुण धवन के अपोजिट सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी नाम की फिल्म में नजर आएंगी। अगले वर्ष 18 इप्रैल 2025 को सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी थिएटर में आएगी।

अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनने वाली फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' इस साल ईद पर रिलीज होगी। इस फिल्म में भी जान्हवी कपूर नजर आने वाली हैं। फिल्म में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की जोड़ी देखने को मिलेगी। इसके साथ ही फिल्म में मलयालम सिनेमा के सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन और जुगल हंसराज भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि ये फिल्म एक्शन से भरपूर होने वाली है। इसी प्रकार जान्हवी कपूर इस साल 'झलक' नाम की फिल्म में भी दिखाई देने वाली हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# 'द ब्लफ' में आएंगी नजर...

**लॉस एंजिलस।** बॉलीवुड से हॉलीवुड तक अपनी पहचान बनाने वाली देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा अब ग्लोबल स्टार बन गई हैं। अब उन्होंने अपनी नई फिल्म 'द ब्लफ' का ऐलान कर दिया है। प्रियंका ने 'द ब्लफ' के लिए मशहूर अभिनेता कार्ल अर्बन के साथ हाथ मिलाया है। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा कर अपनी हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' में समुद्री डाकू बनने की घोषणा की। इस फिल्म का निर्देशन फ्रैंक ई फ्लावर्स करेंगे, जो दुनियाभर में मशहूर फिल्म 'बॉब मार्ले: वन लव' की कहानी भी लिख चुके हैं।



# ग्रैमी विजेता गायक शर्विन को गीत गाने पर सुनाई 3 साल की सजा

**लॉस एंजिलस।** ग्रैमी पुरस्कार पा चुके ईरान के पॉप गायक शर्विन हाजीपुर सुर्खियों में हैं। गायक को 2022 में उनके द्वारा लिखे गए एक गाने के चलते 3 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। दरअसल, गायक ने पुलिस कस्टडी में मारी गई महसा अमिनी और हिजाब विरोध प्रदर्शन के समर्थन में गाना लिखा था। इसके बाद उन पर हिंसा भड़काने और सरकार के खिलाफ प्रचार करने के आरोप लगे थे।दरअसल, शर्विन ने 2022 में सोशल मीडिया पर अपना गाना 'बराए' साझा किया था, जिसका मतलब 'किसी के लिए' है। उन्होंने इस गाने के बोल लोगों के ट्वीट से बनाए थे और बताया था कि ईरानी जनता सरकार के खिलाफ क्यों है। यह गाना जारी होते ही वायरल हो गया और गायक को अगले ही दिन गिरफ्तार कर लिया गया था। शर्विन को सरकार के खिलाफ प्रचार के लिए 8 महीने की सजा दी गई।




# प्रतीक, पेंटाली का बेरहम घड़ियां गाना रिलीज


**मुंबई।** प्रतीक सहजपाल और पेंटाली सेन अभिनीत गाना बेरहम घड़ियां रिलीज हो गया है। प्रतीक सहजपाल व पेंटाली सेन ने कहा कि गदर की कोरियोग्राफर शबीना मैम ने इसे एक फिल्म की तरह शूट किया था। महत्वपूर्ण रहस्य के साथ, यह एक फिल्म जैसी कहानी है। हमें बहुत आनंद आया। शबीना खान द्वारा निर्देशित और कोरियोग्राफ बेरहम घड़ियां गाने को मोहम्मद ने आवाज दी है। संगीत दानिश और स्वाति शर्मा के कुमार दीपक ने दिया है। गीतकार श्री सिंधु हैं। यह गाना मून मूवीज़ एंड म्यूजिक द्वारा निर्मित है। बेरहम घड़ियां मून ओरिजिनल यूट्यूब चैनल और सभी प्रमुख स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। अभिनेत्री पेंटाली सेन ने कहा कि मैं उन सभी लोगों को धन्यवाद देती हूं, जिन्होंने मेरा समर्थन किया और मेरे साथ हैं।




# सुनील की 'सनफ्लावर 2' नया पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड के जाने-माने कॉमेडियन और अभिनेता सुनील ग्रोवर पिछले कुछ समय से अपनी आगामी वेब सीरीज 'सनफ्लावर 2' को लेकर चर्चा में हैं। यह सीरीज 2021 में आई 'सनफ्लावर' की दूसरी किस्त है। 'सनफ्लावर 2' का प्रीमियर 1 मार्च, 2024 को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर हुआ। अब इस बीच निर्माताओं ने 'सनफ्लावर 2' की रिलीज से तीन दिन पहले सीरीज का पहला पोस्टर जारी कर दिया है, जिसे देख प्रशंसक काफी उत्साहित हो गए हैं। जी5 ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर 'सनफ्लावर 2' का पहला पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'संदिग्ध गतिविधियों से घिरा सोनू क्या सिर्फ एक संदिग्ध से ज्यादा कुछ है?' 'सनफ्लावर 2' में अभिनेत्री अदा शर्मा भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। रणवीर शौरी और आशीष विद्यार्थी जैसे सितारे भी इस सीरीज का हिस्सा हैं।

## टीवी मसाला




# राजनीति में भूचाल लाने लौट रही 'महारानी', बदला लेते आएंगी नजर

**मुंबई।** पहले और दूसरे पार्ट से दर्शकों के जेहन में जगह बना चुकी पॉपुलर वेब सीरीज 'महारानी' के तीसरे सीजन का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ जिससे यह भी साफ़ हो गया है कि यह पॉलिटिकल ड्रामा कब रिलीज होने वाला है। ट्रेलर में दिखाया गया गया है कि पति भीमा भारती (सोहम शाह) की हत्या के झूठे आरोप में रानी भारती (हुमा कुरैशी) जेल में बंद है और इस हत्याकांड का बदला लेने की तैयारी कर रही है। हुमा कुरैशी स्टारर मोस्ट अवैटेड वेब सीरीज 'महारानी' तीसरे सीजन के साथ वापस लौट रही है। इस सीरीज को 7 मार्च से सोनी लिव पर देखा जा सकता है।

### क्या होगी 'महारानी 3' की कहानी

ट्रेलर से जो कहानी स्पष्ट होती है, उसके मुताबिक़, रानी भारती जेल में रहते हुए अपनी पढ़ाई पूरी कर रही है। रानी का राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी नवीन कुमार (अमित सियाल) उसके सामने चैलेंजेस डालता है। रानी के बच्चों पर भी गोली चलाई जाती है, तब वह जमानत पर बाहर निकलने का फैसला लेती है ताकि अपने बदले को अंजाम सके। ट्रेलर में कई शानदार डायलॉग्स भी सुनने को मिलते हैं, जिनमें से एक है, बंदूक कमजोर लोग चलाते हैं, समझदार लोग दिमाग। ट्रेलर के साथ 'महारानी' की स्ट्रीमिंग की तारीख का ऐलान भी किया गया है।

### कौन है महारानी का क्रिएटर

'महारानी' एक फिक्शन स्टोरी पर बेस्ड वेब सीरीज है, जिसमें एक घरेलू महिला के मुख्यमंत्री बनकर राजनीति में आने और फिर यहां नई-नई चुनौतियों का सामना करने की कहानी दिखाई गई है। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि यह कहानी बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से प्रेरित है। सीरीज में नवीन कुमार के किरदार को बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार से प्रेरित बताया जाता है।

### वेब सीरीज की स्टार कास्ट

इस वेब सीरीज के क्रिएटर जाने-माने फिल्ममेकर सुभाष कपूर हैं। जबकि इसके पहले दो पार्ट को क्रमशः करण शर्मा और रवीन्द्र गौतम ने निर्देशित किया था। तीसरे पार्ट के डायरेक्टर सौरभ भावे हैं। सीरीज में विनीत कुमार, प्रमोद पाठक, कनी कुस्रुती, अनुजा साथे, सुशील पांडे, दिव्येंदू भट्टाचार्य की भी अहम भूमिका है।

# कान्स फिल्म फेस्टिवल में धूम मचाने के बाद देशी थियेटर पर रिलीज होगी अल्फा बीटा गामा

**मुंबई।** कोरोना काल में पहले लॉकडाउन के दौरान एक आदमी, उसकी पत्नी और पत्नी का ब्वॉयफ्रेंड एक ही घर में 14 दिनों के लिए बंद हो गए हों तो उसका नज़ारा क्या होगा। क्या होगा घर के अंदर का माहौल। कुछ ऐसे ही मसालेदार तड़के के साथ एक लव स्टोरी फिल्म देश भर के सिनेमाघरों में आ रही है 8 मार्च को जिसका नाम है अल्फा बीटा गामा। इस फिल्म को बनाया है पुणे फिल्म इंस्टीट्यूट के कुछ लोगों ने एक टीम बना कर। फ्रेश सब्जेक्ट, अनछुई कहानी है और यही वजह है कि इस फिल्म ने पिछले 2 से 3 सालों में दुनिया भर में वाहवाही बटोरी है। लेखक निर्देशक श्रीकुमार शंकर की फिल्म अल्फा बीटा गामा का फिल्म फेस्टिवल गोवा में तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत हुआ। उसके बाद फिल्म अल्फा बीटा गामा ने दुनियां भर के एक से बढ़कर एक प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में आकर्षण का केंद्र बनी।



### फिल्म में इन कलाकारों का रोल

फिल्म में रीना अग्रवाल के अलावा निशान ननैया और अमित कुमार वशिष्ठ मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। ये फिल्म छोटी फिल्म प्रोडक्शन और नाउनसेंस के बैनर तले बनी है। अल्फा बीटा गामा को 70 एमएम टॉकीज, सामंत चौहान और अगस्त्य जैन ने प्रस्तुत किया है। मोना शंकर, मेनका शर्मा, जितिन राज और थॉमस पुन्नूस ने फिल्म को प्रोड्यूस किया है। लेखक और निर्देशक श्रीकुमार शंकर की फिल्म अल्फा बीटा गामा एक लव स्टोरी हैं जिसमें स्लाइस ऑफ लाइफ के बीच ढेर सारी कॉमेडी है।

# विजय वर्मा फिल्म 'आईसी814' में पायलट बन जीतेंगे दर्शकों का दिल

**मुंबई।** अभिनेता विजय वर्मा अब धीरे-धीरे बॉलीवुड में भी अपने पैर जमा रहे हैं। विजय एक के बाद एक कई हिंदी फिल्मों और वेब सीरीज में अपने अभिनय का कमाल दिखाते नजर आए हैं। हाल ही में उनकी नई फिल्म 'आईसी 814 का ऐलान किया गया है। फिल्म में अभिनेता पायलट की भूमिका निभाएंगे। 'आईसी 814: द कंधार हाईजैक' में कैप्टन देवी शरण की भूमिका निभाने से पहले विजय ने असल में कैप्टन देवी शरण से मुलाकात की। फिल्म में विजय के अलावा नसीरुद्दीन शाह, पंकज कपूर और दीया मिर्जा जैसे सितारे मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान अनुभव सिन्हा ने संभाली है और यह 'नेटफ्लिक्स' पर दस्तक देगी।



### कंधार विमान अपहरण की कहानी

'आईसी 814: द कंधार हाईजैक' में साल 1999 में एयर इंडिया के विमान के हाईजैक की वास्तविक घटना को दिखाया जाएगा। इस घटना में 188 यात्रियों को आतंकवादियों ने 7 दिनों तक बंधक बनाकर रखा था। विजय ने कैप्टन से सारी जानकारी जुटाने के बाद अपनी तैयारी में और गूढ़ता लाने के लिए विजय ने फ्लाइट सिविलाइजेशन सेंटर का दौरा किया। इस क्षेत्र के विशेषज्ञों से सीखते हुए अभिनेता ने अपने किरदार में प्रामाणिकता लाने के लिए सभी आवश्यक चीजों को ग्रहण किया है। बता दें, यह फिल्म कंधार प्लेन हाईजैक की सच्ची घटना पर आधारित है।

## इस माह मचेगा बॉक्स ऑफिस में तहलका, फिल्म प्रेमियों के लिए बेहद ही खास

# योद्धा से लेकर द क्रू तक रिलीज होंगी ये धांसू फिल्में

**मुंबई।** इन दिनों सिनेमाघर में बॉलीवुड, टॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक की फिल्में धमाल मचा रही है। हर जॉनर की फिल्म बॉक्स ऑफिस शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। फरवरी का महीना शुरुआत से ही एंटरटेनमेंट से भरपूर रहा। कई फिल्मों ने लोगों का दिल जीता और शानदार कलेक्शन भी किया। वहीं अब मार्च का महीना भी फिल्म प्रेमियों के लिए बेहद ही खास होने वाला है। इस महीने कॉमेडी, रोमांस, थ्रिल, सस्पेंस, एनिमेशन और एक्शन से भरपूर कई शानदार फिल्में रिलीज होने के लिए तैयार हैं। जिसमें सिद्धार्थ कपूर की योद्धा से लेकर करीना-तब्बू-कृति की द क्रू भी शामिल है।

### अजय देवगन की हॉरर थ्रिलर फिल्म 'शैतान'

अजय देवगन की मचअवेटेड हॉरर थ्रिलर फिल्म 'शैतान' भी रिलीज होने के लिए तैयार है। विकास बहल के निर्देशन में बनी ये फिल्म 8 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म 'शैतान' में अजय देवगन के अलावा आर. माधवन, एक्ट्रेस ज्योतिका भी नजर आएंगी। फिल्म को अजय देवगन, ज्योति देशपांडे, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक ने प्रोड्यूस किया है।







### सिद्धार्थ मल्होत्रा स्टारर फिल्म 'योद्धा'

सिद्धार्थ मल्होत्रा स्टारर फिल्म 'योद्धा' 15 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस हाई ऑक्टेन एक्शन फिल्म में सिद्धार्थ सोल्जर की भूमिका धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा इस फिल्म में दिशा पाटनी और राशि खन्ना भी नजर आने वाली हैं। फिल्म को पुष्कर ओझा और सागर आंब्रे ने डायरेक्ट किया है। वहीं करण जौहर, शशांक खैतान, अपूर्वा मेहता ने फिल्म को प्रोड्यूस किया है।

### नक्सलवाद पर प्रहार 'बस्तर द नक्सल स्टोरी'

अदा शर्मा की अपकमिंग फिल्म 'बस्तर द नक्सल स्टोरी' की जब से अनाउंसमेंट हुई है, फैंस इस मूवी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सुदीप्तो सेन ने डायरेक्शन में बनी फिल्म 15 मार्च 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म में अदा शर्मा लीड रोल में हैं।

### करीना, कृति और तब्बू की फिल्म 'क्रू'

करीना कपूर खान, कृति सेनन और तब्बू की मचअवेटेड फिल्म 'क्रू' को लेकर दर्शकों के बीच बज बना हुआ है। राजेश ए कृष्णन के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म 29 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ कॉमेडियन कपिल शर्मा, एकता कपूर, शोभा कपूर, रिया कपूर और अनिल कपूर स्पेशल अपीयरेंस करते दिखेंगे।

### कई सितारों से सजी 'मर्डर मुबारक'

सितारों से सजी मिस्ट्री थ्रिलर फिल्म 'मर्डर मुबारक' 15 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगा। इस फिल्म में सारा अली खान, करिश्मा कपूर, विजय वर्मा, पंकज त्रिपाठी, डिंपल कपाड़िया, संजय कपूर सहित कई सितारें एक साथ नजर आएंगे।

### एनिमेटेड फिल्म 'कुंग फू पांडा 4'

एनिमेटेड फिल्म 'कुंग फू पांडा 4' भी 15 मार्च को रिलीज होने वाली है। ए ड्रीमवर्क्स एनिमेशन, कुंग फू पांडा 4 का डायरेक्शन माइक मिचल ने किया है। यूनिवर्सल पिक्चर्स वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी की ये फिल्म अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज होने के लिए तैयार है।

### बायोपिक फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर'

रणदीप हुडा के निर्देशन में बनी फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' 22 मार्च 2024 को दो भाषाओं हिंदी और मराठी में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में अंकिता लोखंडे भी नजर आने वाली हैं। बता दें कि 'स्वतंत्र वीर सावरकर' भारत के स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की बायोपिक है।

# मप्र के पूर्व वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सुखराज सिंह भाजपा में शामिल

## पार्टी की सदस्यता अभियान यात्रा निरंतर आगे बढ़ रही: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद एवं न्यू जॉइनिंग टोली के संयोजक डॉ. नरोत्तम मिश्रा के समक्ष प्रदेश कार्यालय में रविवार को पूर्व वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी, राज्य सूचना आयुक्त एवं विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित सुखराज सिंह ने भाजपा की विचारधारा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष ने अंगवस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी परिवार लगातार बढ़ रहा है। जिसके तहत मप्र के पूर्व वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सिंह ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है।

सिंह की समाज में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। भाजपा परिवार में उनका स्वागत करता हूं। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल एवं एसएस उप्पल उपस्थित रहे।




### समाजसेवा के लिए ग्रहण की भाजपा की सदस्यताः सिंह

कार्यक्रम में सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति एवं प्रधानमंत्री मोदी की विकासोन्मुखी नीतियों से प्रभावित होकर समाज की सेवा के लिए मैंने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। पार्टी मुझे जो भी दायित्व देगी मैं पूरी निष्ठा के साथ उसका निर्वहन करूंगा।

## पांढुर्ना महिला कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व सांसद प्रतिनिधि एवं पन्ना यूथ कांग्रेस के पूर्व लोकसभा महासचिव भाजपा में शामिल

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा के समक्ष रविवार को बी-16 चार इमली स्थित निवास पर पांढुर्ना महिला कांग्रेस अध्यक्ष रंजना बालपांडे, पूर्व सांसद प्रतिनिधि दीपक मानेकर एवं पन्ना के यूथ कांग्रेस के पूर्व लोकसभा महासचिव भूपेंद्र सिंह राजपूत ने भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष ने अंगवस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर पार्टी की पांढुर्ना जिला अध्यक्ष वैशाली महाल्ले, पन्ना जिला अध्यक्ष मिश्रा एवं पूर्व जिला अध्यक्ष चौरसिया उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### 3500 सांपों को बचाने पर सूर्यकांत का सम्मान

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी ने चार मार्च को सर्प मित्र सूर्यकांत साहू को प्रमाण पत्र और स्नेक स्टिक प्रदाय कर सम्मान किया। उन्होंने कहा कि बेजुबान प्राणियों की रक्षा करना सराहनीय कार्य है, इसके लिए श्री साहू की कलेक्टर ने प्रशंसा भी की। उन्होंने अब तक विषैले सर्प जैसे करैत, नाग, रसैल, वाईपर तथा गैर विषैले सर्प असोड़िया, डोड़िया, अहराज, अजगर इत्यादि प्रजाति के कुल 3500 सांपों को पकड़कर बरारी, खिरकीटोला व सोरम के जंगलों में छोड़े हैं। सर्पों के संरक्षण व व्यवस्थापन कार्य की वजह से उन्हें सर्प मित्र भी कहा जाता है।

### बंजारा बस्ती कोकता में बनेगा सामुदायिक भवन

**भोपाल।** राज्य मंत्री कृष्णा गौर ने रविवार को ट्रांसपोर्ट नगर कोकता के पास बंजारा बस्ती में सड़क और नाली निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि कोकता के पास बंजारा बस्ती में सामुदायिक भवन बनेगा। ठेकेदार को सड़क के दोनों ओर नाली बनाना चाहिए, क्योंकि सड़क से बरसात का पानी रहवासियों के घरों में नहीं जाना चाहिए। गौर ने कोकता में दौलतपुरा, बंजारा बस्ती, रामदेवपुरा और आनंद नगर मार्केट में 25 लाख रुपए और चांदमारी झुग्गी बस्ती व न्यू शिव नगर वार्ड 63 में 20 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सड़क के लिए भूमिपूजन किया।

### 1443 लोकेशन में वृद्धि 20 शिकायतें आई

**भोपाल।** पिछले साल की तुलना में इस बार प्रस्तावित कलेक्टर गाइड लाइन 2024-25 को लेकर आपत्ति चार गुना बढ़ गईं। इस बार चार दिनों में 1443 लोकेशन में बढ़ोतरी के लिए कुल 20 शिकायतें आई हैं। इनमें कुछ ग्रामीण इलाकों में कृषि भूमि में बढ़ोतरी करने के हैं, तो रहवासी में रेट बढ़ाए जाने पर आपत्ति की है। इधर कुछ इलाकों खासतौर पर कोलार में इलाके में रहवासी इलाकों के रेट बढ़ाए जाने के प्रस्ताव का विरोध हो रहा है। हालांकि इस बार आपत्ति के बाद भी गाइड लाइन में कोई खास बदलाव की संभावना नहीं है। कलेक्टर गाइड लाइन को लेकर आने वाली शिकायतों को तकनीकी रूप से सुझाव कहा जाता है। उप जिला मूल्यांकन समितियों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर साल 2024-25 के अंतिम प्रस्ताव का प्रस्ताव तैयार किया गया है। अंतिम दिन रविवार को 16 सुझाव आए।

### उतई स्तिथ छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकांनद तकनीकी विश्वविद्यालय में हुआ आयोजन

# मुख्यमंत्री साय ने दी सौगात, 268 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सोमवार को दुर्ग के उतई स्तिथ छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकांनद तकनीकी विश्वविद्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने दुर्ग संभाग के लिए 268 करोड़ रुपयों के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इस दौरान सीएम विष्णुदेव साय ने सीएसवीटीयू परिसर में लगभग 10 करोड़ 36 लाख रुपए की लागत से तैयार किए गए आर्यभट्ट शैक्षणिक भवन का भी लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, अरुण साव, दुर्ग सांसद विजय बघेल, विधायक समेत बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल।

नेवई स्थित छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय में नव निर्मित शैक्षणिक भवन का तो लोकार्पण किया साथ ही 268 करोड़ रुपयों के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन और शिलान्यास भी किया। सीएसवीटीयू परिसर में 10 करोड़ 36 लाख रुपए की लागत से निर्माण किए गए आर्यभट्ट शैक्षणिक भवन का भी लोकार्पण सीएम विष्णुदेव ने किया। इस भवन में विभिन्न पाठ्यक्रम डिप्लोमा, बीटेक (ऑनर्स), एम टेक एवं पीएचडी की कक्षाएं संचालित होंगी। इसके अलावा दुर्ग संभाग में विभिन्न विभागों के अंतर्गत कई विकास कार्यों का भी सीएम विष्णुदेव साय ने लोकार्पण और भूमिपूजन किया। पीएम मोदी पर लालू प्रसाद यादव की टिप्पणी के बाद अब राजनीतिक माहौल गर्म हो चुका है। भाजपा नेताओं ने लालू प्रसाद यादव को जवाब देते हुए ट्विटर हैंडल के बायो में मोदी का परिवार लिखकर पीएम मोदी का समर्थन किया है।




### भारत देश एक धर्म निरपेक्ष देश

*वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी अपने ट्विटर अकाउंट के बायो को चेंज करते हुए मोदी का परिवार लिखा है। सीएम विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ में लगातार हो रहे है, धर्मांतरण को लेकर कहा कि भारत देश एक धर्म निरपेक्ष देश है। कोई व्यक्ति किसी भी धर्म को अपना सकता है इसमें कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन किसी की गरीबी का शिक्षा का बहाना देकर, बहला फुसलाकर किसी का धर्म परिवर्तन कराया जाता है तो यह गलत है। यह बर्दाश्त नहीं होगा। आपको बता दे की छत्तीसगढ़ में लगातार धर्मांतरण के मामले सामने आ रहे हैं इसी कड़ी में में कल दुर्ग शहर में एक धर्मांतरण का मामला सामने आया था जिसमें हिंदूवादी संगठन और मिशनरी समुदाय के लोगों के बीच जमकर मारपीट भी हुई।*

### सीएम ने नोनी रक्षा रथ को किया रवाना, मितान हेल्पलाइन की शुरुआत

**जशपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर में अपने निवास ग्राम बगिया से नोनी रक्षा रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया। जशपुर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षित महिला, सुरक्षित समाज के उद्देश्य से इस रथ का संचालन किया जा रहा है ताकि जिले में महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित अपराधों पर लगाम लगे और ऐसे मामलों की कमी आए। इसके साथ ही घटित अपराध पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो। नोनी रक्षा रथ के लिए हेल्पलाइन नंबर 9479128400 जारी किया गया है जिसमें चौबीसों घंटे महिला पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी ड्यूटी पर तैनात रहेंगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश के हर वर्ग के नागरिकों के लिए बेहतर कार्य किया जा रहा है। सरकार की मंशा है कि सभी को सभी मूलभूत सुविधाएं सुलभ रूप से मुहैया कराई जाए। इसी के अनुरूप जशपुर जिलेवसियों को प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय ने आमजनों को न सिर्फ सरकारी योजनाओं से लाभान्वित कर रहे हैं बल्कि सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएँ भी मुहैया करा रहे हैं। इसी कड़ी में आज यहां अपने बगिया निवास में जशपुर जिले वसियों के लिए स्वास्थ्य मितान हेल्पलाइन सहित कई कार्यक्रमों की शुरुआत की। ताकि लोगों को सहज सुविधा उपलब्ध कराया जा सके। इस दौरान मुख्यमंत्री में स्वास्थ्य मितान हेल्प लाईन न. 07703 2990030 भी जारी किया। इसके अलावा स्वास्थ्य महतारी, सबकी जिम्मेदारी कार्यक्रम और वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क वार्षिक स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम की भी शुरुआत की।

## प्रोफेसर हरेंद्र शर्मा का असमय जाना शिक्षा, समाज एवं पर्यावरण के क्षेत्र में बड़ी क्षतिः कश्मीरी लाल

### श्याम वाटिका में शिक्षाविद, समाजसेवी, राजनेताओं और पत्रकार सहित युवाओ ने अर्पित की श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रोफेसर हरेंद्र शर्मा का असमय जाना शिक्षा, समाज एवं पर्यावरण के क्षेत्र में बड़ी क्षति है। यह बात श्याम वाटिका में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय संगठक कश्मीरी लाल ने कही। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय शर्मा ने हमेशा पर्यावरण एवं समाज की चिंता की। उन्होंने कभी स्वयं के आराम की चिंता नहीं की बल्कि दूसरों की सेवा में जुटे रहते थे। जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अविनाश तिवारी ने कहा कि शर्मा अद्भुत व्यक्ति थे और उनका समर्पण एक तरह से भक्ति की तरह रहता था जो भी कार्य उनको दिया उसको मुस्कुरा कर ही किया करते थे।

### प्रो. शर्मा थे कुशल योजनाकार: केशव



*आईटीएम विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. योगेश उपाध्याय ने कहा कि वे हमेशा अनुशासन में रहते थे। वह विश्वविद्यालय एवं शहर का भी पर्यावरण ठीक करते थे। स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्र संगठक केशव दुबोलिया ने कहा कि प्रो. हरेंद्र शर्मा कुशल योजनाकार, रणनीतिकार एवं अनुशासन प्रिय होने के साथ कुशल संगठक भी थे।*

### 'माननीयों 'ने दी स्व. प्रो. हरेंद्र शर्मा को श्रद्धांजलि

भाजपा जिलाध्यक्ष अभय चौधरी कहा कि प्रो. हरेंद्र शर्मा शिक्षा क्षेत्र पर रिसर्च किया करते थे। इस अवसर पर जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अविनाश तिवारी, पं. विश्वनाथ शर्मा, शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. नितेश शर्मा, डॉ. राजेश शर्मा, आईआईटीटीएम के डायरेक्टर प्रो. आलोक शर्मा, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा के रत्नम, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी, नवल शुक्ला, नवनीत शर्मा, देवेंद्र गुर्जर, रवि अग्रवाल, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा अशोक शर्मा आदि ने स्वर्गीय शर्मा को श्रद्धांजलि दी।

## दस साल की सेवा पूर्ण करने बाद भी नहीं किया जा रहा नियमित : पांडे

### अनियमित कर्मचारियों ने दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नियमितीकरण, पुरानी पेंशन योजना का लाभ, अनुकंपा नियुक्ति समेत 11 सूत्रीय मांगों को लेकर अनियमित कर्मचारियों ने राजधानी में धरना प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का आरोप है कि 10 साल की सेवा पूर्ण करने वाले अनियमित कर्मचारियों को नियमित नहीं किया जा रहा है।

### मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को सौंपा

*मप्र कर्मचारी मंच के नेतृत्व में रविवार को तुलसी उद्यान सेकंड स्टॉप पर आयोजित धरने में बड़ी संख्या में प्रदेश भर के कर्मचारी शामिल हुए। धरने के बाद कर्मचारियों ने अपनी मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन सौंपा। मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि प्रदेश के स्थाई कर्मी दैनिक वेतन भोगी, अंशकालीन, पंचायत चौकीदार, सफाई कर्मचारी, मालियों, वन सुरक्षा श्रमिकों और अनियमित कर्मचारियों के साथ भेदभाव किया जा रहा है।*

### उप्र के उप मुख्यमंत्री मौर्य ने सतना व रीवा में सभा की

## जिन्होंने भगवान श्रीराम का निमंत्रण ठुकराया, उन्हें जनता ठुकरा देगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उत्तरप्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जिन्होंने अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकराया है, उन्हें लोकसभा चुनाव में देश और प्रदेश की जनता ठुकरा देगी।

उप्र के उप मुख्यमंत्री मौर्य ने रविवार को सतना के टाउन हॉल और रीवा जिला कार्यालय के सामने स्थित मैदान में लोकसभा कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया।

### सबका विकास कर रही केंद्र सरकारः मौर्य

*मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास से कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री ने प्रभु श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ अयोध्या का 500 वर्षों बाद गौरव वापस लाने का कार्य किया है।*

### बिना आरक्षण दुकानें आवंटित करने का मामला

## हाईकोर्ट की खंडपीठ ने सरकार और स्मार्ट सिटी कंपनी से मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की खण्डपीठ ने राज्य शासन और बिलासपुर स्मार्ट सिटी कंपनी से एक जनहित याचिका पर जवाब तलब किया है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की खण्डपीठ ने राज्य शासन और बिलासपुर स्मार्ट सिटी कंपनी को उस जनहित याचिका पर जवाब तलब किया है जिसमें बिलासपुर सिटी कोतवाली थाना परिसर में मल्टीलेवल कार पार्किंग के भूतल पर दुकान निर्माण और बिना आरक्षण नियमों के दुकानों के आवंटन को चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट सोमवार को महाधिवक्ता की उस दलील से संतुष्ट नहीं हुआ कि स्मार्ट सिटी एक एसपीवी कंपनी है, इसलिए आरक्षण नियम उस पर लागू नहीं होता। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव का तर्क था कि स्मार्ट सिटी का स्वामित्व राज्य सरकार और नगर निगम का है, इसलिए वह सरकारी कंपनी है और उस पर निगम के आरक्षण नियम पूरी तरह लागू होते हैं।

इस मामले में दुकानों का निर्माण बिना नक्शा पास किए और भूखंड का स्वामित्व न होने को भी चुनौती दी गई है। गौरतलब है कि स्वयं शासन ने स्वीकार किया कि पहले दुकानों की निर्माण की कोई योजना नहीं थी,केवल कार पार्किंग बनाई जा रही थी, लेकिन बाद में पुलिस विभाग के लिए मकानों के निर्माण के लिए धन राशि की व्यवस्था करने दुकानें निर्मित की गई हैं।

### पार्किंग और दुकानों के फोटो ग्राफ भी लगाए

याचिकाकर्ता नंद किशोर राज और महेश दुबे ने अपनी याचिका के साथ कार पार्किंग और दुकानों के फोटो ग्राफ भी लगाए हैं । तस्वीर में नक्शा पास न होने और कार पार्किंग में सभी वेंटीलेशन को बंद कर भूतल को अवैध रूप से दुकानों में परिवर्तित करना दर्शाया गया है, इससे अग्नि दुर्घटना की स्थिति में भारी जनधन हानि की आशंका जताई गई है।

### जंगल के बीच बस पलट कर सीधे 20 फीट नीचे खाई में जा गिरी

# पेड़ से टकराया ट्रक और बरातियों से भरी बस पलटी, एक की मौत,7 लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कबीरधाम

कबीरधाम में सोमवार को चिल्फी थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार की सुबह एक ट्रक पेड़ जा घुसा, जिससे ट्रक के क्लीनर की मौत हो गई। वहीं दूसरा सड़क हादसा कुकदूर थाना क्षेत्र के हनुमंत खोल के पास हुआ जहां बारातियों से भरी बस पलट कर सीधे 20 फीट नीचे खाई में जा गिरी। इस हादसे में 6 लोग घायल हैं। दोनों हादसे जंगल के बीच में हुए।

चिल्फी थाना क्षेत्र की बात करें तो नेशनल हाईवे 30 स्थित ग्राम पगवाही के पास ट्रक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। यह ट्रक दिल्ली से विशाखापट्टनम सामान लेकर जा रहा था। चालक और कंडक्टर दोनों मुरैना (एमपी) के रहने वाले हैं। मृतक का नाम सीनू कुमार है। घायल ट्रक चालक का नाम अफिया राठौर है, जिसका उपचार बोड़ला के सरकारी अस्पताल में चल रहा है। वहीं पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

### बस लोरमी से जा रही थी शहडोल



दूसरा सड़क हादसा कुकदूर थाना क्षेत्र के हनुमंत खोल के पास हुआ है। थाना प्रभारी चुरेन्द्र ने बताया कि बस क्रमांक सीजी 09-जेक्यू-5297 में करीब 55 लोग लोरमी, जिला मुंगेली (छत्तीसगढ़) से शहडोल (एमपी) बारात जा रहे थे। दोपहर करीब दो बजे बस खाई में जा गिरी। छह लोग घायल है, जिन्हे कुकदूर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राहत की बात हैं कि किसी भी व्यक्ति को गंभीर चोट नहीं आई है। बताया जा रहा है कि वाहन का कंप्रेसर पाइप फटने से चढ़ाव में बस नहीं चढ़ पाया और रिवर्स होकर खाई में गिर गया है। बस चालक व कंडक्टर मौके से भाग गए है। इनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रहीं है।

### महासमुंद पुलिस ने कार्रवाई कर ट्रक से 8 करोड़ रुपए का गांजा पकड़ा

महासमुंद। छत्तीसगढ़ की महासमुंद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गांजे की बड़ी खेप पकड़ी है। महासमुंद में चेकपोस्ट पर पुलिस ने कार्रवाई को अंजाम दिया है। यह पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार यह दोनों तस्कर ओडिशा से गांजा लाकर महाराष्ट्र ले जा रहे थे। तस्कर महासमुंद के रास्ते बचकर निकलने की फिराक में थे, लेकिन पुलिस ने तस्करों के मंसूबे को पूरा नहीं होने दिया। जानकारी के अनुसार पकड़े गए गांजे की कीमत मार्केट में 8 करोड़ रुपए की बताई जा रही है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया है कि पूरा मामला सिंघोड़ा थाना क्षेत्र का है। यहां पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो तस्कर भारी मात्रा में गांजा लेकर तस्करी करने जा रहे हैं। इस सूचना के आधार पर ही पुलिस ने पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिली थी कि ओडिशा से छत्तीसगढ़ के रास्ते महाराष्ट्र भारी मात्रा मे गांजा का परिवहन तस्कर कर रहे हैं। इसी सूचना पर महासमुंद पुलिस ने अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट रेहटी खोल पर लगातार वाहनों की जांच की। जांच के दौरान एक ट्रक को पुलिस ने शक के आधार पर रोका, ट्रक में दो लोग सवार थे। दोनों महाराष्ट्र के रहने वाले हैं। इनका नाम अविनाश मस्के और संतोष पवार है।

### गृहग्राम भेजा गया पार्थिव शरीर

## मुठभेड़ में शहीद हुए जवान को दी अंतिम सलामी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

अधिकारियों की उपस्थिति में पंखाजूर थाने में पुलिस द्वारा जवान को अंतिम सलामी दी गई। जिसके बाद जवान के पार्थिव शरीर को गृहग्राम संगम भेजा गया। इस दौरान जवान के परिजनों का रो-रो कर बुराहाल था।कांकेर में कल जिले के छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के तहत हिदूर के जंगलों में हुई पुलिस नक्सली मुठभेड़ में बस्तर फाइटर के एक जवान रमेश कुरेठी बलिदान हो गये। जवान का पार्थिव शरीर पखांजूर लाया गया, इस दौरान बस्तर आईजी सुंदरराज पी, कांकेर एसपी इंदिरा कल्याण एलेसेला समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## चिंतन

# ‘धन लेकर मत देने’ पर ‘सुप्रीम’ सख्ती जरूरी

देश में लोकतांत्रिक सुधार की दिशा में सर्वोच्च न्यायालय ने महत्वपूर्ण निर्णय दिया है। नोट लेकर वोट देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए कहा कि सांसदों और विधायकों को सदन में वोट डालने या भाषण देने के लिए रिश्वत लेने के मामले में अभियोग से कोई छूट नहीं होती है। शीर्ष अदालत ने इस संबंध में 5 जजों की संविधान पीठ के 1998 वाले फैसले को पलट दिया है। शीर्ष अदालत ने कानून के संरक्षण में सांसदों-विधायकों को छूट देने से इनकार कर संसदीय भ्रष्टाचार पर विराम लगा दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी को घूस की छूट नहीं दी जा सकती है, मत देने के बदले या किसी के फेवर में सदन में ममला उठाने या भाषण देने के बदले नोट लेने वालों पर केस चलेगा। उच्चतम न्यायालय के इस फैसले का स्वागत किया जाना चाहिए। देश में अनेक ऐसे मामले आए हैं, जिनमें सांसदों पर वोट के बदले नोट लेने और सदन में मामले उठाने के लिए पैसे या उपहार लेने के आरोप लगे हैं। उच्चतम न्यायालय के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली सात जजों की संवैधानिक बेंच के ताजा फैसले से सांसदों एवं विधायकों को संरक्षण देने संबंधी उसका झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रिश्वत मामले में 1998 का फैसला खारिज हो गया है। यह मामला 1993 में पूर्व प्रधानमंत्री पीवी. नरसिम्हा राव की सरकार के लिए खतरा पैदा करने वाले अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ मतदान करने के लिए पांच झामुमो नेताओं के रिश्वत लेने से जुड़ा है। सुप्रीम कोर्ट ने 1998 में कहा था कि सांसदों को संविधान के अनुच्छेद 105 (2) और अनुच्छेद 194(2) के तहत सदन के अंदर दिए गए किसी भी भाषण और वोट के लिए घूस के आपराधिक मुकदमा से छूट प्राप्त है। शीर्ष कोर्ट का यह फैसला सांसदों और विधायकों को इम्युनिटी प्रदान करता था। अब यह इम्युनिटी खत्म हो गई है। कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई के बाद 5 अक्टूबर 2023 को फैसला सुरक्षित रख लिया था। संविधान पीठ ने व्याख्या में कहा कि संविधान के अनुच्छेद 105 या 194 के तहत रिश्वतखोरी को छूट नहीं दी गई है, क्योंकि रिश्वतखोरी में लिप्त सदस्य एक आपराधिक कृत्य में लिप्त होता है। अनुच्छेद 105 और 194 संसद और विधानसभाओं में सांसदों और विधायकों की शक्तियों एवं विशेषाधिकारों से संबंधित हैं। दरअसल, यदि सांसद या विधायक अपना मत देने के लिए धन लेते हैं, तो यह देश की संसदीय प्रणाली को, जनादेश को, लोकतंत्र में आस्था को, नीति निर्माण को और जनप्रतिनिधियों की साख को व्यापक रूप से हानि पहुंचाता है। सांसदों-विधायकों द्वारा भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी भारतीय संसदीय लोकतंत्र की कार्यप्रणाली को नष्ट कर देती है। वोट के बदले नोट, संसद में नोट उछालने का प्रकरण, पैसे लेकर फेवर में सवाल पूछने आदि के अनेक प्रकरण हैं। ताजा प्रकरण महुआ मोइत्रा का है, जिन पर उपहार लेकर संसद में सवाल पूछने के आरोप लगे। लोकतांत्रिक प्रणाली में सुधार संबंधी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का असर दूरगामी होगा। अभी कुछ ही दिन पहले केंद्रीय चुनाव आयोग ने हेट स्पीच, व्यक्तिगत अमर्यादित टिप्पणी को लेकर सभी दलों व नेताओं को सख्त हिदायत दी है कि आरोप सिद्ध हुए, सांसदी चली जाएगी। इस तरह के फैसले से देश में साफ-सुथरी राजनीति सुनिश्चित होगी तथा लोकतांत्रिक संसदीय व्यवस्था में लोगों का विश्वास गहरा होगा।



राजनीति
आशीष वशिष्ठ

# विपक्ष के सामने नेतृत्व संकट

भाजपा नीत एनडीए का चेहरा नरेंद्र मोदी हैं। ऐसे में अहम प्रश्न है कि मोदी के सामने विपक्ष का चेहरा कौन होगा? इंडी गठबंधन पिछले दस महीने में आधा दर्जन बैठकों के बाद भी किसी एक चेहरे के नाम पर सहमति नहीं बना पाया। ऐसे में विपक्ष के लिए इस अनसुलझे प्रश्न की तलाश सबसे अधिक है। इंडी अलायंस के गठन के पहले ही दिन से कांग्रेस बड़ी चालाकी से गठबंधन के संयोजक के मुद्दे पर हीलाहवाली करती रही। सीट बंटवारे को लेकर भी उसका रुख कभी साफ नहीं रहा। कांग्रेस यह नहीं चाहती थी कि राहुल गांधी के अलावा कोई दूसरा चेहरा गठबंधन की ओर से घोषित किया जाए। क्या इस चुनाव में विपक्ष की बिना चेहरे वाली रणनीति कामयाब हो पाएगी?

अगले कुछ दिनों में चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा करेगा। राजनीतिक दल चुनाव मैदान में कूद चुके हैं। देश का राजनीतिक तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। भाजपा नीत एनडीए का चेहरा नरेंद्र मोदी हैं। ऐसे में अहम प्रश्न है कि मोदी के सामने विपक्ष का चेहरा कौन होगा? क्या विपक्ष चुनाव मैदान में उतरने से पहले किसी एक चेहरे पर सहमति बना पाएगा? या फिर विपक्ष बिना चेहरे के ही मोदी को चुनौती देगा? विपक्ष अभी तक यह तय नहीं कर पाया है कि मोदी के सामने चेहरा कौन होगा?
भाजपा ने पिछले चुनाव में भी इस बात को खूब प्रचारित किया था कि विपक्ष के पास मोदी का कोई विकल्प नहीं है। सोशल मीडिया पर आज भी इस बात की चर्चा होती है कि आम चुनाव में विपक्ष के पास प्रधानमंत्री के लिए कौन ऐसा उम्मीदवार है, जो मोदी की बराबरी करता दिखे? इसका कोई जवाब विपक्ष के पास नहीं है। विपक्ष में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार अनेक हैं। दलों में क्षेत्रीय स्तर पर टकराव बहुत हैं। इनके चलते विपक्ष चुनाव, संसद के भीतर या सड़क पर सरकार के खिलाफ एकजुट नहीं दिखाई देता है। नीतीश कुमार ने विपक्षी एकता का प्रयास किया था, लेकिन कांग्रेस के रवैये से रुष्ट होकर वो दोबारा एनडीए में शामिल हो चुके हैं।
इंडी गठबंधन पिछले दस महीने में आधा दर्जन बैठकों के बाद भी किसी एक चेहरे के नाम पर सहमति नहीं बना पाया। विपक्ष का हर नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार समझता है। 2014 के बाद जब से नरेंद्र मोदी की अगुवाई में नई बीजेपी सामने आई तब से देश में चेहरा आधारित चुनाव का नया दौर शुरू हुआ। नरेंद्र मोदी के सामने विकल्प कौन? यह विपक्ष का सबसे अनसुलझा सवाल रहा। बीता साल भी विपक्ष ने इसी के जवाब में निकाल दिया। विपक्ष ने 27 दलों का इंडी अलांयस भी बनाया तब भी उसमें एक आम चेहरा सामने नहीं ला पाया। वहीं अगर पिछले कुछ सालों का रिकार्ड देखें तो जिस राज्य में विपक्ष ने विधानसभा चुनाव में मजबूत चेहरा रखा वहां उसे विजय हासिल हुई। लेकिन केंद्र में आकर वह ऐसा करने में विफल रहा।

बीती 19 दिसंबर को इंडी अलांयस की मीटिंग में यह मसला उठा और कुछ नेताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का नाम आगे किया, लेकिन इसमें सफलता नहीं मिली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जोर देकर कहा कि विपक्षी दलों के लिए पहली प्राथमिकता आम चुनाव जीतना और फिर प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार का नाम तय करना होगा। उन्होंने कहा, ‘आवश्यक सदस्यों के बिना पीएम उम्मीदवार के बारे में चर्चा निरर्थक है।’ खड़गे के गैर-प्रतिबद्ध रुख ने संकेत दिया कि गठबंधन का चेहरा नामित करने का मुद्दा विवादास्पद बना हुआ है, जबकि तमाम आंकड़े और सर्वेक्षण बताते हैं कि आजकल मतदाता चुनाव में नेतृत्व की स्पष्टता वाले दल की ओर जाना पसंद करते हैं।
ऐसे में विपक्ष के लिए इस अनसुलझे प्रश्न की तलाश सबसे अधिक है। मुकाबला तो साफ तौर पर घोषित उम्मीदवारों के बीच होता है। जब विपक्ष ने किसी को अपना चेहरा घोषित ही नहीं कर पाया, ऐसे में आमजन



में यह संदेश गया कि विपक्ष के पास मोदी का मुकाबला करने वाला कोई नाम और चेहरा नहीं है। बिना किसी चेहरे के विपक्ष अपनी आधी लड़ाई शुरू होने से पहले ही हार चुका है। इंडी अलांयस के गठन के पहले ही दिन से कांग्रेस बड़ी चालाकी से गठबंधन के संयोजक के मुद्दे पर हीलाहवाली करती रही। सीट बंटवारे को लेकर भी उसका रुख कभी साफ नहीं रहा। वास्तव में कांग्रेस ने बड़ी चालाकी से नीतीश कुमार के बनाए मंच पर अपना वर्चस्व और प्रभुत्व स्थापित कर लिया और रणनीति के तहत वो संयोजक के नाम की घोषणा जैसे अहम मुद्दे को बैठक दर बैठक टालती रही। गठबंधन में संयोजक ही प्रधानमंत्री पद का चेहरा होता। कांग्रेस यह नहीं चाहती थी कि राहुल गांधी के अलावा कोई दूसरा चेहरा गठबंधन की ओर से घोषित किया जाए। हालांकि कांग्रेस की चालाकी को नीतीश, केजरीवाल और ममता भांप गए। इसलिए इन तीन नेताओं ने कांग्रेस के रवैये की आलोचना करने से परहेज नहीं किया।
नीतीश तो गठबंधन से अलग हो गए। ममता ने मल्लिकार्जुन का नाम प्रधानमंत्री पद के लिए आगे बढ़ाकर राहुल और अन्य संभावितों का रास्ता रोकने का काम किया। केजरीवाल कांग्रेस के साथ आए भी तो अपनी शर्तों पर। कांग्रेस ने झुककर आप से सीटों का बंटवारा किया। ममता अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकी है। साफ है कि गठबंधन में कोई किसी को आगे बढ़ता देखना नहीं चाहता। विपक्ष का हर नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का दावेदार मानता है। और वो प्रधानमंत्री पद के लिए अपना रास्ता साफ रखना चाहता है।
देश की जनता विपक्षी नेताओं के चाल चरित्र और सत्ता की लोलुपता को बड़े ढंग से देख रही है। विपक्ष देश की जनता को कभी यह नहीं बताता कि वो मोदी को हटाकर उनके लिए क्या करेंगे? देश के विकास का उनका मॉडल क्या है? उन्होंने देश के प्रगति का कौन सा रोडमैप तैयार किया है? विपक्ष मुफ्त की सौगातों और न पूरे होने वाले वायदे देकर सत्ता हासिल करने की कोशिशों में जुटा है। मोदी सरकार के हर काम की आलोचना और अड़चन को ही विपक्ष अपना धर्म और कर्तव्य मानता है। उसके पास कोई देश को आगे बढ़ाने का कोई माडल, रोडमैप और ब्लूप्रिंट नहीं है। देशवासी सब कुछ देख रहे हैं। पिछले दस वर्षों में देश में जो परिवर्तन और विकास हुआ है, उसे विपक्ष के नेता अपने बयानों की चादर से ढक नहीं सकते। सरकारी योजनाओं से करोड़ो देशवासी लाभन्वित हुए हैं। सरकारी कार्यप्रणाली में निष्पक्षता और पारदर्शिता का प्रतिशत बढ़ा है।
प्रधानमंत्री मोदी पिछले दो महीने में कई अवसरों पर अपने तीसरे कार्यकाल का जिक्र कर चुके हैं। बीती 3 मार्च को पीएम मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। मौजूदा सरकार की यह आखिरी कैबिनेट बैठक थी। करीब 11 घंटे चली मीटिंग में विजन डॉक्यूमेंट विकसित भारत 2047, अगले 5 साल की योजनाओं और सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान पहले 100 दिन की रणनीति पर चर्चा हुई। जहां एक ओर विपक्ष के कई बड़े नेता अपने लिए सुरक्षित सीटें और गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर उलझे हुए हैं।

पीएम मोदी के आत्मविश्वास से अंदर ही अंदर समूचे विपक्ष में घबराहट है। पिछले वर्ष पांच राज्यों के चुनाव में मोदी की गारंटी विपक्ष के वायदों पर भारी पड़ी थी।देशवासियों ने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया। इंडी अलांयस भी मोदी को हराने के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहा। कांग्रेस तो अपना स्तर गिराकर समझौते और गठबंधन करने से भी परहेज नहीं कर रही है। लेकिन अहम सवाल यह है कि प्रधानमंत्री मोदी के छवि, कद और नेतृत्व के सामने क्या विपक्ष की बिना चेहरे वाली रणनीति कामयाब हो पाएगी?

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

झारखंड गैंगरेप
प्रभुनाथ शुक्ल




# विदेशी सैलानियों की सुरक्षा को लेकर उठते सवाल

भारत घूमने आए विदेशी सैलानियों की सुरक्षा का सवाल हमारे सामने यक्ष प्रश्न बनकर खड़ा है। विदेशी सैलानियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं जहाँ हमें कटघरे में खड़ा करती हैं, वहीं दूसरी उनसे मारपीट, लूट और अधिक पैसे वसूलने की घटनाएं भी आम हैं। हमारे देश की संस्कृति अतिथि देव भवः की है। झारखंड के दुमका में एक स्पैनिश महिला के साथ कथित तौर पर गैंगरेप की घटना हमारे लिए चिंता का विषय है। भारत हमेशा से विदेशी सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है। यहां की प्राकृतिक बनावट और धार्मिक विविधता लोगों को यहां खींच लाती है। प्राकृतिक वातावरण विदेशी सैलानियों की पहली पसंद हैं। विदेशी पर्यटकों को भौगोलिक एवं प्राकृतिक बनावट के साथ विविधता में एकता की संस्कृति अपनी तरफ आकर्षित करती है।

दुमका में हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना कोई पहली वारदात नहीं है। भारत में अक्सर विदेशी पर्यटक इस तरह की घटना का शिकार होते हैं। आर्थिक दृष्टिकोण से भारत का पर्यटन देश की संवृद्धि में अच्छी खासी भूमिका निभाता है। लेकिन इस तरह की घटनाएं जहां हमारे देश की छवि को नुकसान पहुंचती है वहीं विदेशी पर्यटक यहां आने से डरते और घबराते हैं। हजारों की तादाद में विदेशी सैलानी एक बार भारत आए तो भारत के ही होकर रह गए। लेकिन विदेशी सैलानियों के साथ इस तरह की घटनाएं मारपीट, ठगबाजी हमारी छवि को प्रभावित करती हैं। इसके अलावा हमारे पर्यटन व्यवस्था पर भी सवाल उठाती है। दुमका में हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना हमारी संस्कृति और संस्कार के खिलाफ है। इस घटना में शामिल दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। केंद्र सरकार को राज्य सरकार से मिलकर आवश्यक कदम उठाने चाहिए। पर्यटन मंत्रालय को इस संबंध में विशेष कदम उठाने चाहिए जिससे ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। ऐसी घटनाओं की फेहरिस्त बहुत लंबी है। बार-बार ऐसी घटनाएं होने के बाद भी हम आवश्यक कदम नहीं उठा पाते हैं। विदेशी पर्यटकों के लिए खास सुरक्षा के इंतजाम होने चाहिए। भारत आने वाले पर्यटकों के लिए जो सरकारी स्तर पर विशेष गाइड की व्यवस्था होनी चाहिए। यह सरकारी एजेंसी के माध्यम से होनी चाहिए। भारत आने वाले ऐसे पर्यटक कहाँ ठहर रहे हैं। कहां जा रहे हैं। उनके लिए कहां रुकना अच्छा रहेगा। सरकार की तरफ से उन्हें सारी सुविधा और सूचना उपलब्ध होनी चाहिए। सिविल पुलिस के बजाय इसके लिए अलग से विशेष पर्यटन पुलिस होनी चाहिए। पर्यटन पुलिस की विशेष जिम्मेदारी विदेशी सैलानियों की सुरक्षा के संदर्भ में होनी चाहिए। विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा के लिहाज से सरकार को इस तरह की व्यवस्था के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। विदेशी पर्यटकों के साथ आमतौर पर भाषा की भी समस्या होती है ऐसे में उसके समाधान के लिए भी आवश्यक कदम उठाने चाहिए। दुमका में हुई घटना में भी पुलिस और पीड़ितों के बीच भाषा की समस्या देखने को मिली है। भारत आने वाली विदेशी पर्यटकों के लिए केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की तरफ से स्पष्ट गाइडलाइन भी होनी चाहिए। पर्यटकों को यह निर्देश होना चाहिए की आप जहां जा रहे हैं वहां की भौगोलिक स्थिति क्या है। अगर आप पहाड़ी या आदिवासी इलाके में घूमने जा रहे हैं तो वहां क्या समस्या हो सकती है। पहाड़ और दूसरी जगह पर जा रहे हैं तो क्या -क्या सावधानी बरतनी चाहिए। स्थानीय लोगों के बारे में भी जानकारी देना आवश्यक है। उनकी सुरक्षा को लेकर जहाँ खतरा हो सकता है। विदेशी दूतावास को भी भारतीय दूतावास से संपर्क में रहना चाहिए। उनकी सुरक्षा और सुविधाओं का ख्याल रखना हमारा दायित्व है। इस तरह की घटनाएं विदेशी पर्यटकों में असुरक्षा का जहाँ माहौल पैदा करती हैं, वहीं हमारी सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाती हैं। विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा या अन्य मामलों में सीधे केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय का हस्तक्षेप होना चाहिए। पर्यटन से दुनिया भर के देशों को एक अच्छी खासी आए हो रही है। भारत वैश्विक पर्यटन केंद्र के रूप में उभर रहा है। भारत की जीडीपी में पर्यटन उद्योग अच्छी खासी भूमिका निभा रहा है। भारत में विदेशी सैलानियों की संख्या दिनों-दिन बढ़ रही है। लेकिन दुमका जैसी घटनाएं पर्यटन उद्योग को कहीं न कहीं से प्रभावित करती है। दुमका की घटना को लेकर सियासी तीर भी चलने लगे हैं लेकिन यह राजनीतिक मुद्दा नहीं है इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। यह मामला विदेशी सैलानियों की सुरक्षा के साथ देश की अस्मिता से भी जुड़ा है। यह केंद्र और राज्य सरकार की दोनों नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि देश में आने वाली विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा को गंभीरता से लिया जाए। विदेशी पर्यटक भारत में हर जगह सुरक्षित रहे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# मुंह के मौन से ज़्यादा ज़रूरी ‘मन का मौन’



संकलित
दर्शन

हम सभी मनुष्य जन्मते ही अपना मुख चलाना शुरू कर देते हैं, जिसका प्रमाण है जन्म लेते ही शिशु का रोना। बोलना हमारी स्वाभाविक क्रिया है, जो हमें करनी ही पड़ती है। यह बात और है कि कभी-कभी बाहर के शोर में हम इतने खो जाते हैं कि ईश्वर का स्वर हमें सुनाई ही नहीं पड़ता। इसीलिए ही महापुरुषों से हमें एक उत्तम राय मिलती है कि सप्ताह में या माह में एक दिन अवश्य मौन रहें, परंतु हम मुख को तो बंद कर लेते हैं, परंतु हमारे मन का बोलना बंद नहीं हो पाता। इसलिए ही तो अधिकतर डाक्टर सभी मरीजों को कहते हैं कि ‘अपने मन को ज्यादा नहीं चलाओ।’ अर्थात ‘मन का मौन’ करो। कहते हैं कि बिना हड्डी की जीभ जब बोलने लगती है, तो कइयों की हड्डियां तोड़ देती है। इसीलिए तो हमें यह बचपन से सिखाया जाता है कि पहले सोचो फिर बोलो, क्योंकि जैसे कमान से निकला हुआ तीर वापस नहीं आता, ठीक उसी तरह मुख से निकला हुआ वचन भी वापस नहीं लिया जा सकता। इसका सबसे श्रेष्ठ उदहारण है महाभारत की कथा, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि कैसे एक जुबान के फिसलने से संकटकाल का निर्माण हो गया। इसीलिए ‘कम बोलें-धीरे बोलें-मीठा बोलें।’ हम जब भी कुछ बोलें तो हमारे वचन दूसरों के लिए सुखदायी हों, न कि कांटा चुभाने वाले दुखदायी। संसार में ऐसे अनेक लोग हैं जिन्होंने कटु वचन बोलने के संस्कार के कारण अपने संबंधों में खटास पैदा कर ली है। इसलिए हमें सदैव सही समय और सही जगह पर सही शब्द का प्रयोग करना चाहिए।

# एकाग्रता के बिना मंत्र जप नहीं हो सकता



संकलित
प्रेरणा

एक दिन सरयू नदी के किनारे पर गोस्वामी तुलसीदास प्रवचन दे रहे थे। वे अक्सर यहां प्रवचन देते थे। इस दौरान तुलसीदास जी लोगों की समस्याओं का समाधान भी करते थे। एक दिन तुलसीदास जी आंखें बंद करके जप कर रहे थे। एक व्यक्ति ने पूछा कि आप आंखें बंद कर किसे याद कर रहे हैं? तुलसीदास जी बोले कि मेरे राम को। उस व्यक्ति ने फिर पूछा कि तो क्या ये जरूरी है कि भगवान के नाम का जप किया जाए? तुलसीदास जी ने कहा कि हां, ये तो बहुत जरूरी है। नाम जप करने से मन काबू में रहता है। जिन लोगों का मन काबू रहता है, वे शांत रहते हैं। उस व्यक्ति ने फिर पूछा कि जब मैं नाम जप करने बैठता हूं तो मन नहीं लगता है, मुझे क्या करना चाहिए? तुलसीदास जी बोले कि कई लोगों की ये समस्या है, जप में मन नहीं लगता। इस कारण लोग भक्ति करना ही छोड़ देते हैं। एक बात हमेशा ध्यान रखें, मन लगे या न लगे, हमें जप करते रहना चाहिए। हमारा मन एक भूमि की तरह है। भूमि में बीज बोने पर उससे पौधा जरूर उगता है, बीज उल्टा गिरे या सीधा, पौधा तो उगता ही है। ठीक इसी तरह हमें भी मन में भक्ति का बीज बोते रहना चाहिए। जप के लिए सबसे जरूरी है एकाग्रता। सभी को एकाग्रता की जरूरत है। अशांत मन एकाग्र नहीं हो सकता है। जप करते रहेंगे तो मन शांत रहेगा, एकाग्रता बनी रहेगी। जप करने से देर से ही सही, लेकिन इसका सकारात्मक फल जरूर मिलता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### भर्ती परीक्षाओं में हेराफेरी रोकना जरूरी

सरकार भर्ती परीक्षाओं में धांधली रोकने के लिए और सख्त से सख्त कानून बना दे तो मेहनतकश युवाओं के लिए बहुत अच्छा प्रयास सरकार का होगा, लेकिन सवाल तो यह है कि क्या अभी तक इन भर्ती परीक्षाओं में धांधली चलती आ रही थी? अगर ऐसा है तो जिन मेहनतकश युवाओं के साथ जो छल हुआ, उसका प्रायश्चित कैसे होगा? जिनका कैरियर धांधली के कारण खराब हुआ, उसका क्या? प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली रोकने के लिए सरकारों ने विभिन्न विभागों में कर्मचारियों की भर्ती करने के लिए बोर्ड बनाए, क्योंकि विभागों में सीधी भर्ती करने से हेराफेरी के ज्यादा चांस होते थे।

- **चंदन अग्रवाल**, रायगढ़

## ट्रेंड


### देश माफ नहीं करेगा



इंडिया गठबंधन परिवार से आगे किसी को नहीं देख सकता, लालू जी ने ये सिद्ध कर दिया। जीवन का क्षण क्षण 140 करोड़ परिवारजनों के लिए समर्पित करने वाले प्रधानमंत्री के बारे में कहे गए अपशब्दों के लिए ये देश उन्हें कभी माफ नहीं करेगा।

**-पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री**

### 1000 रुपये प्रतिमाह



महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए दिल्ली सरकार ने महिलाओं को सालाना 12 हज़ार रुपए की सौगात दी है। 18 साल से अधिक उम्र की सभी बहन-बेटियों, माताओं और बहनों को अब मुख्यमंत्री सम्मान योजना के तहत 1000 रूपये प्रतिमाह दिए जाएंगे।

**-अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली**

### पद खाली क्यों हैं



केंद्र सरकार के आंकड़ों को ही मानें तो 78 विभागों में 9 लाख 64 हज़ार पद खाली हैं। रेलवे में 2.93 लाख, गृह मंत्रालय में 1.43 लाख और रक्षा मंत्रालय में 2.64 लाख पद खाली हैं। क्या केंद्र सरकार के पास जवाब है कि 30% से अधिक पद खाली क्यों हैं?

**-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

### जल्द नई तकनीक आएगी



भले ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक गेम चेंजर है, लोग इसके दीर्घकालिक प्रभावों के बारे में अनावश्यक रूप से चिंता करते हैं। क्योंकि एआई के मौजूदा अवतारों को मात देने के लिए जल्द ही एक नई तकनीक आ जाएगी।

**-शेखर कपूर, फिल्म निर्माता**

## करंट अफेयर

# नाटो ने फिनलैंड व नार्वे में किया अभ्यास शुरू


उत्तर अटलांटिक संघ संगठन (नाटो) अपने नव-विस्तारित नॉर्डिक क्षेत्र की रक्षा के लिए आज से एक अभ्यास शुरू किया। तेरह देशों के 20,000 से अधिक सैनिक फिनलैंड, नॉर्वे और स्वीडन के उत्तरी क्षेत्रों में लगभग दो सप्ताह तक जारी रहने वाले अभ्यास में हिस्सा ले रहे हैं। फिनलैंड की सेना के अनुसार, इस अभ्यास में फिनलैंड के 4,000 से अधिक सैनिकों के भाग लेने की योजना है तथा नॉर्वे के नेतृत्व में आयोजित ‘नॉर्डिक रिस्पांस 2024’ किसी विदेशी अभ्यास में नाटो के नवागंतुक देश की अब तक की सबसे बड़ी भागीदारी का प्रतिनिधित्व करता है। फिनिश रक्षा बलों ने एक बयान में कहा, ‘पहली बार, फिनलैंड गठबंधन के क्षेत्रों की सामूहिक रक्षा में नाटो सदस्य राष्ट्र के रूप में भाग ले रहा है।’ रूस के साथ 1,340 किलोमीटर (830 मील) की सीमा साझा करने वाला फिनलैंड दशकों के सैन्य गुटनिरपेक्षता के बाद एक ऐतिहासिक कदम के तहत अप्रैल 2023 में नाटो में शामिल हुआ था। पंद्रह मार्च तक चलने वाले अभ्यास में भाग लेने वाले देश बेल्जियम, ब्रिटेन, कनाडा, डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड, नॉर्वे, स्पेन, स्वीडन और अमेरिका हैं।



## ऑफ बीट

# बिना सहमति नहीं किया जा सकता चेहरे का डेटा एकत्र

सुबह की शुरुआत एक मित्र के संदेश से हुई: ‘मैंने अपने मिडजर्नी के स्थानीय संस्करण को प्रशिक्षित करने के लिए आपकी तस्वीरों का उपयोग किया है। मुझे आशा है कि आप बुरा नहीं मानेंगे’, इसके बाद मेरी कुछ तस्वीरें सामने आईं। वास्तव में मन ही मन मुझे बुरा लगा। मुझे अपमानित महसूस हुआ. क्या आपको ऐसा नहीं लगेगा? मुझे पता है कि टेलर स्विफ्ट ने ऐसा तब किया था जब उनकी डीपफेक तस्वीरें इंटरनेट पर आई थीं। लेकिन क्या मेरा चेहरा कानूनी तौर पर किसी सेलिब्रिटी के चेहरे से अलग है? आपके चेहरे की जानकारी व्यक्तिगत संवेदनशील जानकारी का एक अनूठा रूप है। यह आपकी पहचान कर सकता है। गहन प्रोफ़ाइलिंग और व्यापक सरकारी निगरानी पर अधिक ध्यान दिया जाता है। लेकिन व्यवसाय और व्यक्ति ऐसे टूल का भी उपयोग कर रहे हैं जो चेहरे की जानकारी एकत्र, संग्रहीत और संशोधित करते हैं, और हम कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) टूल से उत्पन्न फ़ोटो और वीडियो की अप्रत्याशित लहर का सामना कर रहे हैं। इन उपयोगों के लिए कानूनी विनियमन का विकास धीमा है। हमारे चेहरे की जानकारी को किस स्तर पर और किस तरह से संरक्षित किया जाना चाहिए?




## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## पीएम मोदी ने आदिलाबाद में 56 हजार करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दी

# विकास का जो सपना तेलंगाना ने देखा उसे पूरा करने में केंद्र सरकार कर रही 'सहयोग'

एजेंसी ▶▶ आदिलाबाद

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को तेलंगाना के आदिलाबाद में 56 हजार करोड़ की लागत की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। ये परियोजनाएं बिजली, रेल और सड़क क्षेत्र से संबंधित हैं। इन परियोजनाओं में मुख्य परियोजना बिजली क्षेत्र की है। पीएम मोदी ने सभा को संबोधित भी किया।

उन्होंने कहा कि केंद्र की हमारी सरकार राज्यों के विकास से देश के विकास के मंत्र पर चल रही है। इसी तरह जब देश की अर्थव्यवस्था मज़बूत होती है तो देश के प्रति विश्वास बढ़ता है तो राज्यों को भी इसका लाभ मिलता है, राज्यों में भी निवेश बढ़ता है। पीएम मोदी ने कहा कि तेलंगाना ही नहीं, पूरे देश के लिए कई विकासधाराओं की गवाह बन रही है। पीएम ने बताया कि उन्हें यहां 30 से ज़्यादा विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास का अवसर मिला है। ये प्रोजेक्ट देश के अनेक राज्यों में विकास का नया अध्याय लिखेंगे।

### राज्यों के विकास से देश का होगा विकास अर्थव्यवस्था के साथ राज्य में निवेश बढ़ेंगे



### 10 साल में दिख रहा यहां विकास

इनमें ऊर्जा से जुड़े कई बड़े प्रोजेक्ट हैं, पर्यावरण की सुरक्षा के लिए किए जा रहे कार्य हैं और तेलंगाना में आधुनिक रोड विकसित करने वाले हाइवेज भी हैं। पीएम मोदी ने इन परियोजनाओं के लिए तेलंगाना के लोगों और देशवासियों को बधाई भी दी। पीएम ने कहा, केंद्र सरकार को और तेलंगाना राज्य के निर्माण को करीब-करीब 10 साल हो रहे हैं। जिस विकास का सपना तेलंगाना के लोगों ने देखा था उसे पूरा करने में केंद्र सरकार हर तरह से सहयोग कर रही है।

### 800 मेगावाट वाली एनटीपीसी की दूसरी यूनिट का लोकार्पण किया

पीएम मोदी ने कहा कि तेलंगाना में 800 मेगावाट बिजली क्षमता वाली एनटीपीसी की दूसरी यूनिट का लोकार्पण हुआ है। इससे तेलंगाना की बिजली उत्पादन क्षमता और ज़्यादा बढ़ेगी और राज्य की जरूरतें पूरी होंगी। अंबारी-आदिलाबाद-पिंपलखुटी रेल लाइन के इलेक्ट्रिफिकेशन का काम भी पूरा हो गया है। आदिलाबाद, बेला और मुलुगु में दो नए नेशनल हाइवेज का शिलान्यास हुआ है।

### गरीब, दलित, आदिवासी पिछड़ों का विकास ही मंत्र

पीएम ने कहा, हमारे लिए विकास का मतलब है गरीब से गरीब का विकास, दलित-वंचित-आदिवासियों का विकास। हमारे इन प्रयासों का परिणाम है कि आज 25 करोड़ लोग ग़रीबी से बाहर आ चुके हैं। यह हमारी गरीब कल्याण योजनाओं से मुमकिन हुआ है। आगे और तेजी से बढ़ाया जाएगा। इस अवसर पर तेलंगाना की राज्यपाल समेत गणमान्य थे।

### यहां विकास की रफ्तार और बढ़ेगी

रेल और रोड की इन आधुनिक सुविधाओं से इस पूरे क्षेत्र के और तेलंगाना के विकास को और रफ़्तार मिलेगी। इससे यात्रा का समय कम होगा, उद्योग और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और रोज़गार के अनगिनत नए अवसर पैदा होंगे। जब देश की अर्थव्यवस्था मज़बूत होती है तो देश के प्रति विश्वास बढ़ता है तो राज्यों को भी इसका लाभ मिलता है। निवेश भी बढ़ता है।

## एसएफआई के छात्रों पर 'प्रताड़ना' का आरोप



**वायनाड।** केरल के वायनाड में स्थित वेटनरी एंड एनिमल साइंस यूनिवर्सिटी के एक छात्र की हॉस्टल में मौत हो गई। इस मामले में पुलिस की रिपोर्ट बताती है कि छात्र की बेरहमी से पिटाई के कारण मौत हुई है। 18 फरवरी को कॉलेज के हॉस्टल के बाथरूम में 20 वर्षीय छात्र सिद्धार्थन का शव लटकता हुआ मिला था। पुलिस ने इस मामले में अब तक 18 आरोपियों को हिरासत में लिया है।

## उत्तराखंड में दंगाइयों से होगी नुकसान की वसूली



**देहरादून।** विरोध प्रदर्शन के दौरान सरकारी और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले दंगाइयों को अब सरकार कड़ा सबक सिखाएगी। सोमवार को प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में उत्तराखंड लोक तथा निजी संपत्ति क्षति वसूली अध्यादेश-2024 को मंजूरी दे दी गई। सरकार का दावा है कि यह देश का सबसे कठोर दंगारोधी कानून साबित होगा। इसे राज्यपाल के पास भेज दिया गया है।

## तापस राय ने टीएमसी छोड़ी भाजपा में जाएंगे!

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में राजनीतिक तनाव टीएमसी विधायक तापस रॉय के पार्टी से इस्तीफा देने के बाद बढ़ गया है। माना जा रहा वे भाजपा में शामिल होंगे। चर्चा हैं कि और कई नेता भी टीएमसी छोड़ सकते हैं। यह सीएम ममता बेनर्जी के लिए एक बड़ा झटका होगा। कहा जा रहा है कि तापस रॉय कई समस्याओं को लेकर टीएमसी प्रमुख ममता बेनर्जी से खफा हैं।



## ईडी अधिकारियों को हाईकोर्ट से राहत





# पुलिस कार्रवाई पर लगाई रोक, हेमंत से जवाब तलब

## ईडी ने कार्रवाई को नियम विरुद्ध बताया

एजेंसी ▶▶ रांची

हेमंत सोरेन की ओर से रांची में एसटी-एसटी एक्ट के दर्ज कराई गई एफआईआर के मामले में ईडी के अधिकारियों को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। झारखंड हाईकोर्ट ने ईडी अधिकारियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी पर किसी प्रकार की पुलिसिया कार्रवाई पर रोक लगा दी है। जस्टिस एके चौधरी ने सोमवार को रोक लगाई और प्रतिवादी हेमंत सोरेन से जवाब मांगा है। ईडी ने प्राथमिकी दर्ज किए जाने को नियमों का उल्लंघन बताया और एफआईआर रद्द करने के लिए याचिका दायर की है।

■ जस्टिस एके चौधरी ने दिया यह फैसला

### सोरेन ने दर्ज कराई थी एसटी-एसटी एक्ट के तहत प्राथमिकी

ईडी ने दिल्ली में हेमंत सोरेन के ठिकानों पर 30 जनवरी को छापेमारी की थी। इसके बाद हेमंत सोरेन ने 31 जनवरी को रांची में ईडी अधिकारियों के खिलाफ एसटी-एसटी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। ऐसे में झारखंड पुलिस की ओर से कदम उठाए जाने की चिंता ईडी अधिकारियों को सता रही थी। ईडी अधिकारियों ने झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। ईडी अधिकारियों का कहना था कि हेमंत सोरेन की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर नियम विरुद्ध है।

### न्यायिक हिरासत में संवैधानिक अधिकार भी निलंबित

झारखंड हाईकोर्ट से हेमंत को तगड़ा झटका लगा था। झारखंड हाईकोर्ट ने हेमंत को विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। ईडी कोर्ट ने हेमंत को विधानसभा सत्र में शामिल होने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। याचिका खारिज होने के बाद हेमंत ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।


## अपहृत/गुमशुदा की तलाश



कशिश उर्फ गोलू

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका **नामः कशिश उर्फ गोलू, पुत्रीः राजेश सिंह, पताः** मकान नं. 103/5, तिकोना पार्क के समीप, शिवाजी रोड, आजाद मार्केट, दिल्ली, जोकि दिनांक **27.02.2024** को प्रातः 10:00 बजे अपने घर से थाना बारा हिन्दू राव, दिल्ली से अपहृत/लापता है। इस संदर्भ में **DD No. 32A, dated 28.02.2024** को थाना बारा हिन्दू राव, दिल्ली में अपहृत/लापता की रिपोर्ट दर्ज है। जिसका ब्यौरा इस प्रकार है। **उम्रः** 20 साल, **कदः** 5 फुट, **चेहराः** लम्बोतरा, **रंगः** गोरा, **बालः** लम्बे–काले, **पहचानः** बाएं हाथ पर K टैटू का निशान, उंगली में चांदी की अंगूठी, कानो में सोने की बाली, **शरीरः** मध्यम, **पहनावाः** गुलाबी रंग का स्वेटर, लाल रंग की पैजामी और पैरों मे बैंगनी रंग की चप्पल पहने है। पुलिस के भरसक प्रयास के बावजूद अभी तक इस लड़की का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। जिस व्यक्ति के पास इस लड़की के बारे में कोई जानकारी हो तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

वेबसाइट: **http//cbi.nic.in**
ई–मेल - **cic@cbi.gov.in**
फोनः **011-24368638, 24368641**
फैक्स नं. **011-24368639**
**DP/2496/N/2024**

**थानाध्यक्ष**
**थाना बारा हिन्दू राव, दिल्ली**
**फोन नं.: 011- 23528060, 8750870125**


सनातन धर्म पर की थी विवादास्पद टिप्पणियां

# उदयनिधि को सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार, हिदायत दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन की सनातन धर्म पर की गई टिप्पणियों को लेकर उन्हें फटकार लगाई। सर्वोच्च न्यायालय ने उनके इस बयान पर सवाल उठाते हुए कहा कि आप कोई साधारण व्यक्ति नहीं हैं। आप एक मंत्री हैं। आपको ऐसी टिप्पणियों के नतीजे पता होने चाहिए। उदयनिधि के खिलाफ सनातन धर्म पर विवादित टिप्पणी के मामले में अलग-अलग राज्यों में केस दर्ज हैं। इसी मामले में उनके वकील ने सुप्रीम कोर्ट से सभी एफआईआर की एक साथ सुनवाई करने की अपील की है।



### अब सीएम स्टालिन की पत्नी मंदिर में कर रहीं पूजा

तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन के बेटे और राज्य सरकार के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने बीते दिनों अपने एक बयान में सनातन धर्म के खिलाफ आग उगली थी और सनातन धर्म की तुलना डेंगू-मलेरिया से करते हुए धर्म को खत्म करने की मांग तक कर डाली थी। अब उनकी उदयनिधि स्टालिन की मां दुर्गा स्टालिन मंदिर में पूजा कर रही हैं। दुर्गा स्टालिन सोमवार को राज्य के मेयिलादुथुरई जिले के थिरुवेंगाडु स्थित श्री सुवेधरनायेश्वर स्वामी मंदिर पहुंची और वहां पूरे विधि-विधान से पूजा की।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर जिले में जगाधरी में लघु सचिवालय में मौजूदा मंजिला प्रशासनिक ब्लॉक के ऊपर तृतीय तल का अतिरिक्त। | 01.03.2024 21.03.2024 | 365.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1732237834 pwd-eepd- yamunanagar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प नारनौल | लोकसभा के सामान्य चुनाव-2024 और हरियाणा विधानसभा सामान्य चुनाव-2024 हेतु जीपीएस आधारित वाहन ट्रैकिंग सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना, प्रचालन और मॉनिटरिंग के लिए कम्पनी/एजेंसी के चयन हेतु निविदा (पुनः आमंत्रित) + 4 अन्य। | 02.03.2024 09.03.2024 | ईएमडी 182000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1282251267 pwd-eepd-narnaul@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प करनाल | ज्यूडिशियल कॉम्पलैक्स, जिला सोनीपत में विशेषतः ज्यूडिशियल लॉकअप और आउटडोर सीसीटीवी कैमरे का प्रावधान + 3 कार्य। | 01.03.2024 12.03.2024 | 100.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 4 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह | एसएचकेएमजीएमसी, नल्हार, नूह में स्थापित आईटी और नेटवर्किंग सिस्टम का आउटसोर्स वार्षिक व्यापक रखरखाव और प्रचालन। | बंद होने की तिथि 18.03.2024 | 1.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01267-282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा लोहारु चरखी दादरी | पंचायती भूमि में जल निकायों पर गांव पांडवान आउटफॉलिंग के ड्रेनेज हेतु लम्बाई 15000 फुट वाले एचडीपीई 355 मिमी पाइप लाइन बिछाना + 10 कार्य। | 28.02.2024 06.03.2024 | 430.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1250297003 xenlwsdadri@gmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | एडीसीपी प्रोफाइलिंग के उपयोग के लिए बोलेरो कैम्पर के बैक पर क्रेन माउंटेड सिस्टम की स्थापना। | 01.03.2024 07.03.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 1722560080 xen.nhp@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज रोहतक | सांपला - गांव इस्माईला-11 बी में भोला बर्फी वाला से अस्पताल (सिलक पुत्र रामे) तक नाला का निर्माण (जैड.पी.-टाइड)-2 + 1 कार्य। | 29.02.2024 06.03.2024 | 23.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812084342 sdoprsampla@gmail.com |
| 8 | जिला परिषद फतेहाबाद | बेहबलपुर से मानकपुर तक रोड की एस/आर (रोड आईडी एच-861) + 5 कार्य। | 29.02.2024 07.03.2024 | 196.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416728389 zpftb@hry.nic.in |
| 9 | जिला परिषद फतेहाबाद | बोसवाल से अयालकी तक रोड की एस/आर (रोड आईडी एच-896) + 3 कार्य। | 02.03.2024 07.03.2024 | 154.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416728389 zpftb@hry.nic.in |
| 10 | जिला परिषद अम्बाला | एसएचसी- गांव रायवाली ब्लॉक शाहजादपुर (अम्बाला) में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण + 1 कार्य। | 26.02.2024 11.03.2024 | 98.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 11 | जिला परिषद अम्बाला | एसएचसी- गांव कालपी ब्लॉक साहा (अम्बाला) में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण + 2 कार्य। | 24.02.2024 08.03.2024 | 130.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 12 | पंचायती राज अम्बाला | वीएएनजीवाई - गांव बीकॉमपुर में शवदाह भूमि में आई/एल बिछाना और बैठने के शैड का निर्माण तथा गांव राजौली में इंडोर जिम का निर्माण और गांव दादूपुर ब्लॉक बराड़ा में हॉल का निर्माण। | 01.03.2024 07.03.2024 | 22.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 13 | पंचायती राज अम्बाला | जैडपी - ब्लॉक साहा में 7 अदद आंगनवाड़ियों (नारायणगढ़ माजरा, पापलोथा, पसियाला, सामलेहरी, शेरगढ़, तामनोली, ठाकरपुरा) की मरम्मत + 1 कार्य। | 01.03.2024 07.03.2024 | 25.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज अम्बाला | वीएएनजीवाई - गांव जैतपुर ब्लॉक अम्बाला-1 में डिस्पेंसरी में कमरों का निर्माण + 1 कार्य। | 29.02.2024 06.03.2024 | 21.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 15 | पंचायती राज नूह | गांव भादस ब्लॉक नगीना में दुधाना मौहल्ला कब्रिस्तान की चारदिवारी का निर्माण। (वीएएनजीवाई स्कीम) 122108 + 4 कार्य। | 29.02.2024 07.03.2024 | 35.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9540500076 sdoprngn@gmail.com |
| 16 | पंचायती राज अम्बाला | जैडपी - ब्लॉक साहा में 2 अदद आंगनवाड़ियों (बिहता, खानपुर) की मरम्मत। | 27.02.2024 08.03.2024 | 6.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 17 | पंचायती राज अम्बाला | वीएएनजीवाई - गांव बारी रासौर में सरवन के मकान से मेन चौक तक आरसीसी नाला और गांव भरेड़ी खुर्द में शमशान घाट में शवदाह शैड और आईपीबी तथा गांव चोटी रसौर ब्लॉक नारायणगढ़ में राजेश के मकान से जी राम के मकान तक गली का निर्माण। | 27.02.2024 08.03.2024 | 12.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 18 | पंचायती राज पिंगवान नूह | गांव सुल्तानपुर पुन्हाना ब्लॉक पिनांगवान में मस्जिद से इस्लाम के मकान तक आईपीबी रास्ता का निर्माण, स्कीम 25284 + 3 कार्य। | 28.02.2024 06.03.2024 | 29.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8930239597 sdoprpinangwan@gmail.com |
| 19 | पंचायती राज अम्बाला | आरयूआरबीएएन - गांव मुल्लाना, ब्लॉक बराड़ा में स्टेडियम का निर्माण। | 28.02.2024 12.03.2024 | 62.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 20 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव मनकावास, ब्लॉक व जिला चरखी दादरी में चौक (धोलिया कुआ) की पेवमेंट + 5 कार्य। | 29.02.2024 06.03.2024 | 101.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 21 | पंचायती राज पानीपत | पीएनपी - गांव नैन ब्लॉक मडलौडा में गऊशाला नैन में फ्लैट ब्रिक फ्लोरिंग का निर्माण + 5 कार्य। | 01.03.2024 06.03.2024 | 122.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9068676922 prexeeng.pnp@hry.nic.in |
| 22 | पंचायती राज भिवानी | जीपी तोशाम - गांव तोशाम जिला भिवानी में ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण। | 01.03.2024 08.03.2024 | 47.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 23 | पंचायती राज कलायत कैथल | गांव कुराड़ में ब्राह्मण चौपाल में प्रथम तल पर कमरे का निर्माण + 6 कार्य। | 29.03.2024 06.03.2024 | 50.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9818649979 KALAYATSDOPR@GMAIL.COM |
| 24 | पंचायती राज हिसार | जुगलान, बरवाला, मेन बस स्टैंड से कुवर फौजी के मकान तक ड्रेन सहित आईपीबी फिरनी का निर्माण (एचआरडीएफ) + 5 कार्य। | 01.03.2024 20.03.2024 | 388.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 25 | पंचायती राज हिसार | हिसारी, भोजराज, डी/ओ कृष्ण से डी/ओ जयसिंह पुत्र मामचंद तक आईपीबी रोड का निर्माण (एचजीवीवाई) + 25 कार्य। | 01.03.2024 20.03.2024 | 583.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 26 | पंचायती राज करनाल | केडीबी स्कीम के तहत गांव सौनकारा ब्लॉक नीलोखेड़ी, जिला करनाल में गणेश कुंडी तीर्थ के पुनरोद्धार हेतु आकलन + 4 कार्य। | 29.02.2024 14.03.2024 | 203.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 27 | पंचायती राज करनाल | गांव मुबारकाबाद ब्लॉक घरौंड़ा में आईएवाई कॉलोनी का विकास, स्कीम-आदर्श तालाब तालाब आईडी -01HRKNLGRD0010MUBA084 और गांव मुबारकाबाद ब्लॉक घरौंड़ा में मुबारकाबाद तालाब का विकास, स्कीम-आदर्श तालाब तालाब आईडी -01HRKNLGRD0010MUBA085 | 29.02.2024 14.03.2024 | 37.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 28 | पंचायती राज करनाल | गांव थाल, ब्लॉक असंध, जिला करनाल में बाल्मिकी चौपाल में हॉल का निर्माण। | 29.02.2024 14.03.2024 | 4.79 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 29 | पंचायती राज करनाल | गांव गंगाथेरी ब्लॉक असंध, जिला करनाल में शमशान घाट में हॉल, शौचालय और मेन गेट का निर्माण। | 29.02.2024 12.03.2024 | 16.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 30 | पंचायती राज रेवाड़ी | गांव बधराना, ब्लॉक बावल, जिला रेवाड़ी में पार्क-सह-व्यायामशाला में बकाया एएमटी. कार्य (कैम्पस में आईएलपीबी टाइल बिछाना) + 1 कार्य। | 29.02.2024 06.03.2024 | 37.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416421261 prexeeng.rwr@hry.nic.in |
| 31 | पंचायती राज सोनीपत | गांव लुहारी टिब्बा, ब्लॉक सोनीपत में महावीर पुत्र अंग्रेज के मकान से लोनिवि रोड तक आईपीबी गली का निर्माण + 1 कार्य। | 01.03.2024 07.03.2024 | 31.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996001199 vijaypal2315@gmail.com |
| 32 | पंचायती राज रायपुर रानी पंचकूला | गढ़ी कोटाहा - गांव गढ़ी कोटाहा, ब्लॉक रायपुर रानी, जिला पंचकूला में हनुमान मंदिर के निकट तालाब की आर/वॉल का निर्माण, स्कीम एसएफसी + 1 कार्य। | 01.03.2024 08.03.2024 | 10.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9646881091 sdopr.raipurrani@ymail.com |
| 33 | पंचायती राज भिवानी | गांव खरक कलां में एडब्ल्यूसी रखरखाव कार्य (कोड नं. 6081040911) गांव-मंधाना में एडब्ल्यूसी (6081040926) का रखरखाव, गांव गुजरानी ब्लॉक व जिला भिवानी में एडब्ल्यूसी (6081040718) का रखरखाव। | 02.03.2024 08.03.2024 | 10.29 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416087780 sdoprbhiwani@gmail.com |
| 34 | पंचायती राज भिवानी | जैडपी - गांव साई ब्लॉक भिवानी में गऊशाला के निकट गऊघाट का निर्माण। | 01.03.2024 07.03.2024 | 17.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416087780 sdoprbhiwani@gmail.com |
| 35 | पंचायती राज भिवानी | गांव बापोड़ा में बाल नारायण दास चौपाल की चारदिवारी का निर्माण, स्कीम जैडपी। | 29.02.2024 06.03.2024 | 8.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416087780 sdoprbhiwani@gmail.com |
| 36 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, भिवानी | लोकसभा के सामान्य चुनाव-2024 और हरियाणा विधानसभा-2024 के दौरान जीपीएस हेतु निविदा + 5 अन्य कार्य। | 29.02.2024 07.03.2024 | 3.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01664-243929 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 37 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, नूह | नूह ड्रेन के सम्बन्धित आरडी 81600, 81675 और आरडी 76830 पर आउटफॉल और 3 अदद सम्प की स्थापना तथा डीआई पाइप लाइन द्वारा गांव मनुवास के नीचे पड़ने वाले क्षेत्र में बाढ़ के पानी को ड्रेन आउट करना + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 29.03.2024 | 304.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996307771 xen-wsnuh.irr@gov.in |
| 38 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | गांव करौंथा, जिला रोहतक में सौर उर्जा सहित 7.5 एच.पी. सबमर्सिबल पम्प का उपयोग करते हुए वर्टिकल ड्रेनेज + 1 कार्य। | 11.03.2024 09.03.2024 | 737.79 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896656500 hydrologistrohtak@gmail.com |
| 39 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, करनाल | बाढ़ 2023 के पश्चात 3300 फीट रिवेटमेंट और 2 अदद नये स्टोन स्टड्स का निर्माण तथा 7 अदद पुराने क्षतिग्रस्त स्टोन स्टड्स की मरम्मत द्वारा यमुना नदी के लालुपुरा कॉम्पलैक्स के संरक्षण का प्रावधान। | 01.03.2024 11.03.2024 | 472.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842258008 xeninddivn@yahoo.in |
| 40 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | आरडी 105000/आर महम ड्रेन पर आउटफॉलिंग गांव निंदाना तहसील महम, जिला रोहतक के नीचे पड़ने वाले क्षेत्र से बाढ़ के पानी को निकालने के लिए भूमिगत आरसीसी पाइप लाइन 900 मिमी डाया बिछाना + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 06.03.2024 | 51.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 41 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, सिरसा | आरडी 0 से 141000 तक हिसार घग्गर मल्टीपरपज ड्रेन की आंतरिक सफाई + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 14.03.2024 | 75.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9729357000 xennehrana@yahoo.com |
| 42 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | गांव सिंहपुरा, जिला सिरसा में टेओना रोड पर मकानों के समूह के लिए 100 मिमी आई/डी जलापूर्ति पाइप लाइन बिछाने हेतु डीएनआईटी + 1 कार्य। | 29.02.2024 07.03.2024 | 30.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 43 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | ढाणी प्रताप सिंह :- ढाणी प्रताप सिंह में वितरण पाइप लाइन बिछाना, स्लूइस वॉल्व हौदियां और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य + 1 कार्य। | 02.03.2024 07.03.2024 | 12.73 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच–11/2024/860/25585/I/88/7 दि. 04.03.24

वर्ष 2023 में भारत के आर्थिक आंकड़े उम्मीद से बेहतर रहे

# मूडीज ने 2024 के लिए भारत की वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर किया 6.8 फीसदी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने 2024 के कैलेंडर साल के लिए भारत की वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले रेटिंग एजेंसी ने 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.1 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया था।

वर्ष 2023 में भारत के आर्थिक आंकड़े उम्मीद से कहीं बेहतर रहे हैं, जिसकी वजह से मूडीज ने वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया है। कैलेंडर साल 2023 की चौथी तिमाही में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सालाना आधार पर 8.4 प्रतिशत रही है। ऐसे में पूरे 2023 के साल में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.7 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने सोमवार को कहा कि सरकार के पूंजीगत व्यय और मजबूत विनिर्माण गतिविधियों ने 2023 में वृद्धि के मोर्चे पर सार्थक नतीजे दिए हैं। रेटिंग एजेंसी का मानना है कि वैश्विक स्तर पर प्रतिकूल परिस्थितियां अब कम रह गई हैं, जिसकी वजह से भारत आसानी से छह से सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर सकता है।



### 2024 में जीडीपी की वृद्धि दर 6.4 फीसदी होगी

मूडीज ने कहा कि 2025 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि उच्च-आवृत्ति के संकेतकों से पता चलता है कि अर्थव्यवस्था की सितंबर और दिसंबर तिमाही की मजबूत रफ्तार 2024 की मार्च तिमाही में जारी है।

### बुनियादी ढांचा क्षेत्र आगे बढ़ाने का काम जारी रहेगा

इस साल के अंतरिम बजट में पूंजीगत व्यय के लिए आवंटन 11.1 लाख करोड़ रुपये या 2024-25 के सकल घरेलू उत्पाद के 3.4 प्रतिशत के बराबर रखा गया है। यह 2023-24 के अनुमान से 16.9 प्रतिशत अधिक है। मूडीज ने कहा, 'हम आम चुनाव के बाद नीतिगत मोर्चे पर निरंतरता की उम्मीद कर रहे हैं। इसके अलावा हमारा मानना है कि बुनियादी ढांचा क्षेत्र को आगे बढ़ाने का काम जारी रहेगा।'

### वर्ष 2024 कई देशों के लिए चुनावी साल

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि हालांकि निजी औद्योगिक पूंजीगत व्यय की वृद्धि धीमी रही है, लेकिन आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण के लाभ और सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं पर निवेशकों की प्रतिक्रिया से इसमें तेजी आने की उम्मीद है। वर्ष 2024 भारत, इंडोनेशिया, मेक्सिको, दक्षिण अफ्रीका, ब्रिटेन और अमेरिका जैसे कई जी20 देशों के लिए चुनावी साल है।

### भारत की अर्थव्यवस्था सबसे तेज बढ़ने वाली होगी

मूडीज ने अपने वैश्विक वृहद आर्थिक परिदृश्य-2024 में कहा, 'भारत की अर्थव्यवस्था ने अच्छा प्रदर्शन किया है और 2023 में उम्मीद से अधिक मजबूत आंकड़ों के कारण हमने 2024 के लिए अपना वृद्धि दर का अनुमान 6.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा।'

## टाटा मोटर्स के डीमर्जर का बड़ा प्लान, बंट जाएगी दो लिस्टेड कंपनियों में

**नई दिल्ली।** टाटा ग्रुप की दिग्गज कंपनी टाटा मोटर्स को लेकर एक बड़ी खबर आई है। कंपनी के बोर्ड ने सोमवार को टाटा मोटर्स के कारोबार को दो अलग-अलग हिस्सों में बांटने की मंजूरी दे दी है। कंपनी डीमर्जर के माध्यम से आने वाले समय में कमर्शियल व्हीकल बिजनेस और पैसेंजर व्हीकल बिजनेस को अलग करेगी। कंपनी ने एक एक्सचेंज फाइलिंग में यह जानकारी दी। शेयर बाजारों को दी जानकारी में टाटा मोटर्स ने कहा कि उसने पैसेंजर और इलेक्ट्रिक व्हीकल सेक्टर पर ध्यान केंद्रित करने के लिए दो अलग-अलग लिस्टेड कंपनियों में विलय करने की योजना बनाई है। कमर्शियल व्हीकल बिजनेस और उससे संबंधित निवेश को एक अलग कंपनी में और पैसेंजर व्हीकल बिजनेस, जिसमें इलेक्ट्रिक वाहन, जगुआर लैंड रोवर और संबंधित निवेश शामिल हैं, को दूसरी कंपनी में रखा जाएगा। टाटा मोटर्स के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा, 'टाटा मोटर्स ने पिछले कुछ वर्षों में मजबूत बदलाव की कहानी लिखी है। तीनों ऑटोमोटिव बिजनेस इकाइयां अब स्वतंत्र रूप से काम कर रही हैं और लगातार प्रदर्शन कर रही हैं। इस डीमर्जर से उन्हें अपना फोकस और चपलता बढ़ाकर बाजार द्वारा प्रदान किए गए अवसरों को बेहतर ढंग से भुनाने में मदद मिलेगी।

## सोना 64,200 रुपए पर अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों के मजबूत रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत 64,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर अपरिवर्तित रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। हालांकि, चांदी का भाव 200 रुपये की गिरावट के साथ 72,800 रुपये प्रति किलोग्राम रहा। बीते कारोबारी सत्र में यह 74,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा, दिल्ली के बाजारों में सोना (24 कैरेट) 64,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के हाजिर भाव पर रहा जो पिछले बंद भाव के बराबर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स (जिंस बाजार) में सोना हाजिर मजबूती के साथ 2,084 डॉलर प्रति औंस पर रहा, जो पिछले बंद भाव से दो डॉलर अधिक है। गांधी ने कहा कि शुक्रवार को नौ सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंचने के बाद सोमवार को सोने की कीमतों में मजबूती देखी गई।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा (धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **अभियुक्त गौरव उर्फ चिकना, पुत्र. विनोद शर्मा, पता:** आरजेड–58, गली नंबर 34, इंद्रा पार्क, पालम कॉलोनी, पालम गांव, दिल्ली, ने **FIR No. 07/2021 U/s 380/457/411/34 IPC** थाना मायापुरी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **गौरव उर्फ चिकना** मिल नही रहा हैं और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **गौरव उर्फ चिकना** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **FIR No. 07/2021 U/s 380/457/411/34 IPC** थाना मायापुरी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **गौरव उर्फ चिकना** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.04.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री पी.भार्गव राव,
महानगर दण्डाधिकारी –03,
कमरा नं. 292, द्वितीय तल,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/2646/WD/2024

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**ज्योतिष**

इंडिया के नं 1 तांत्रिक गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289203

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**ज्योतिष**

मात्र 5 घंटे में घर बैठे समाधान
21 सालो के तर्जुबेकार
लाखो-करोड़ो लोगो का कार्य करने वाले
तंत्र-मंत्र के सम्राट



मिया मूसा जी
Gold Medalist
प्यार एवं कारोबार में चोट खाये तुरन्त फोन करें।
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
प्रेम विवाह, ग्रहक्लेश, मनचाहा प्यार, किया कराया, कारोबार रुकावट, तलाक, सौतन-दुश्मन से छुटकारा, शादी में रुकावट, लवमैरिज A to Z समाधान।
अगर किसी का पति, प्रेमी या बेटा-बेटी किसी के वश में हो तो अवश्य फोन करें।
9878685639

## भारत में बेचे जा रहे नकली जेबीएल कार ऑडियो प्रोडक्ट्स के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है : हारमन

**नई दिल्ली।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, हारमन ऑटोमोटिव, उपभोक्ता और एंटरप्राइज़ बाजारों के लिए कनेक्टेड टेक्नोलॉजीस पर ध्यान केंद्रित करते हुए, उन अवैध मैन्युफैक्चरर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, रिटेलर्स और डीलर्स के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई कर रही है, जो भारत में नकली जेबीएल प्रोडक्ट्स की बिक्री और निर्माण में शामिल हैं। कानून प्रवर्तन अधिकारियों के साथ हारमन की जाँच टीम द्वारा हाल ही में छापेमारी की गई है। इस दौरान, नई दिल्ली स्थित कश्मीरी गेट के विभिन्न स्थानों पर कार एक्सेसरीज़ की दुकानों से नकली जेबीएल कार ऑडियो प्रोडक्ट्स के स्टॉक पाए गए, जिसके परिणामस्वरूप सभी रिटेल स्टोर्स से नकली जेबीएल कार स्पीकर्स जब्त कर लिए गए।


## शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी

**मुंबई।** शेयर बाजारों में सोमवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दोनों मानक सूचकांक- बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। मूडीज के 2024 के लिए आर्थिक वृद्धि अनुमान बढ़ाये जाने के बीच ऊर्जा और बैंक शेयरों में लिवाली से बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी बनी रही। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 66.14 अंक चढ़कर अपने अबतक के उच्चतम स्तर 73,872.29 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 27.20 अंक यानी 0.12 प्रतिशत की तेजी के साथ रिकॉर्ड स्तर 22,405.60 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के मुताबिक, मानक सूचकांक जरूर रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए लेकिन बाजार दायरे में रहा। मुख्य रूप से बैंक, ऊर्जा और दवा शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही।

## बैंक को भुगतान एग्रीगेटर से जुड़ने की सुविधा होगी खत्म

**मुंबई।** रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को कहा कि इंटरनेट बैंकिंग की सुगम भुगतान प्रणाली की 2024 में शुरुआत होने की संभावना है जिससे कारोबारियों को लेनदेन के फौरन निपटान की सुविधा मिल सकेगी। इंटरनेट बैंकिंग ऑनलाइन भुगतान लेनदेन के सबसे पुराने तरीकों में से एक है और यह आयकर, बीमा प्रीमियम, म्यूचुअल फंड भुगतान और ई-कॉमर्स जैसे भुगतानों के लिए एक पसंदीदा तरीका है। फिलहाल इस तरह के लेनदेन भुगतान 'एग्रीगेटर' (पीए) के माध्यम से संपन्न होते हैं। इस लेनदेन में एक बैंक को अलग-अलग ऑनलाइन मंचों के हरेक भुगतान एग्रीगेटर के साथ अलग से संबद्ध होने की जरूरत होती है। भुगतान 'एग्रीगेटर' एक तृतीय-पक्ष सेवा प्रदाता है जो ग्राहकों को ऑनलाइन भुगतान स्वीकार करने और व्यवसायों को भुगतान स्वीकार करने में सक्षम बनाता है। केंद्रीय बैंक के गवर्नर ने यहां डिजिटल भुगतान जागरूकता सप्ताह समारोह को संबोधित करते हुए कहा, 'कई भुगतान एग्रीगेटर के होने से एक बैंक के लिए हरेक पीए के साथ एकीकृत होना मुश्किल होता है।

**अदालत प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय, राँची**
Original Maintenance Case No.- 51/2023
प्राची कपूर एवं अन्य ......................आवेदिका
बनाम
सौरभ कपूर .................................... विपक्षी
**नोटिस बनाम**
**सौरभ कपूर पिता- स्व. रवि कपूर, साकिन - B-24, G-1, राम प्रस्थ कालोनी चंदेर नगर, थाना+पोस्ट- रामप्रस्थ, जिला- गाज़ियाबाद (उत्तर प्रदेश)- 201011**
बजरिए, इस नोटिस आपको सूचित किया जाता है कि आपके विरूद्ध आवेदिका प्राची कपूर ने मेरे न्यायालय में यह भरण-पोषण वाद धारा 125 द. प्र.सं. के अंतर्गत अपने एवं अपने बच्चे रावी कपूर के भरण पोषण हेतु दायर किया है जिसमें आपकी उपस्थिति हेतु न्यायालय द्वारा आपको निबंधित डाक द्वारा सम्मन भेजा गया है, इसके बावजूद आप उपस्थित नहीं हुए हैं।
अतः आपको इस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि अगली सुनवाई कि तिथि दिनांक 12.03.2024 को समय 10:30 पूर्वाह्न न्यायालय मे सदेह उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा आपके अनुपस्थिति मे इस वाद की सुनवाई एकपक्षीय कर दी जाएगी, इसे सख्त ताकीद जाने।
यह नोटिस आज दिनांक 27.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।
मुहर
प्रधान न्यायाधीश,
कुटुंब न्यायालय, राँची



**भारतीय रेल**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
शुद्धिपत्र -IV
**विषय : रेल बोर्न मैंटेनेंस व्हीकल "RBMV" की आपूर्ति के लिए दिनांक 04.04.2024 को खोली जाने वाली निविदा संख्या टी एम – 2303**
तकनीकी और वाणिज्यिक पूर्व बोली सम्मेलन पर प्रतिक्रिया, वाणिज्यिक निविदा शर्तों और तकनीकी विशिष्टताओं एवं पूर्व बोली सम्मेलन के बाद अंतिम निविदा दस्तावेज और निविदा खोलने की तारीख में विस्तार से संबंधित शुद्धिपत्र–IV वेबसाइट **http://ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है।
(विजय सिंह)
कार्यकारी निदेशक, रेलपथ (एम. & एम.सी)
रेलवे बोर्ड
दूरभाष न. 011–47845531
ईमेल: vijay.singh.2017@gov.in
691/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**अधिसूचना**
दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे में सेवाओं की अत्यावश्यकता के कारण मासिक पारिश्रमिक के आधार पर सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति।
20.03.2024 को या उससे पहले विभिन्न श्रेणियों (कुल 06 रिक्तियों) के लिए दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे में मासिक पारिश्रमिक के आधार पर पुनर्नियुक्ति के लिए सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। दिनांक 20.03.2024 को पुनर्नियुक्ति के लिए अधिकतम ऊपरी आयु सीमा 64 1/2 वर्ष है। कर्मचारी को हटाया गया/बर्खास्त किया गया/अनिवार्य सेवानिवृत्त अनुशासनात्मक कार्रवाई या लंबित सतर्कता मामलों के परिणामस्वरूप या समीक्षाधीन और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को फिर से नियुक्त किया जा रहा है, सुरक्षा के तहत कवर किया गया संबंधित सेवानिवृत्ति योजना/सुरक्षा कर्मचारियों के लिए गारंटीकृत रोजगार के लिए उदार सक्रिय सेवानिवृत्ति योजना (LARSGESS) पुनर्नियुक्ति के लिए पात्र नहीं हैं।
अधिक जानकारी के लिए और आवेदन डाउनलोड करने के लिए हमारी वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in> हमारे बारे में> डिवीजन> दिल्ली> कार्मिक> दिल्ली डिवीजन पर सेवानिवृत रेलवे कर्मचारियों की फिर से नियुक्ति (कुल 06 एनओ रिक्तियों) और www.nr पर जाएं। indianrailways.gov.in> समाचार और भर्ती > भर्ती > अधिसूचना।
684/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**ई–खुली निविदा सूचना**
मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक 26.03.2024 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि |
|---|---|---|---|---|
| ए | सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा–III के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/रेल भवन के कार्य क्षेत्र में रेलवे बोर्ड में प्रेस वार्ता कक्ष/स्टूडियो कक्ष की स्थापना कार्य हेतु। | 10999999.84 रुपये | 205000.00 रुपये | 04 महीने |
| बी | सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा–III के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/बड़ौडा हाउस के कार्य क्षेत्र में तिलक ब्रिज रेलवे कॉलोनी में जल निकासी/सीवरेज व्यवस्था की मरम्मत के कार्य हेतु। | 9994000.00 रुपये | 199900.00 रुपये | 06 महीने |

निविदा दिनांक: 26.03.2024 को 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी। पत्र संख्या:– 128–डब्ल्यू/269/निविदा सूचना/23–24/डब्ल्यू–ई/टेंडर नं: 50 (ए.बी) दिनांक: 23.02.2024
690/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## लोक ओएस की क्षेत्रीय कार्यशाला पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार में संपन्न

**हरिद्वार।** आज दिनांक 04 मार्च 2024 को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों के रिकाड्र्स को डिजिटाइज़ किये जाने हेतु तैयार किये गए लोक ओएस एप से सम्बंधित 04 से 07 मार्च तक सम्पादित की जाने वाली चार दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का शुभारम्भ पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार में किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में पतंजलि योगपीठ के सह-संस्थापक आचार्य श्री बालकृष्ण, के साथ उत्तराखंड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूएसआरएलएम) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनुज गोयल, वित्त नियंत्रक भूपेंद्र प्रसाद कांडपाल, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कुमार पाण्डेय तथा एनआरएलएम-एनएमएमयू के राष्ट्रीय मिशन प्रबंधक प्रभात द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया। कार्यशाला में भारत सरकार की संयुक्त सचिव श्रीमती स्मृति सरन, उप-सचिव सुश्री निवेदिता प्रसाद द्वारा वर्चुअली सम्बोधित करते हुए लोक ओएस की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों का मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यशाला का आयोजन उत्तराखंड राज्य ग्रामीण




आजीविका मिशन (यूएसआरएलएम)द्वारा किया जा रहा है। कार्यशाला में देश के 10 राज्यों उत्तर प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, लद्दाख, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, अंडमान-निकोबार, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। कार्यशाला का शुभारम्भ करते हुए पतंजलि योगपीठ सह-संस्थापक आचार्य बालकृष्ण जी द्वारा एनआरएलएम द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु किये जा रहे विभिन्न कार्यों एवं गतिविधियों की सराहना करते हुए पतंजलि को नेशनल रिसोर्स आर्गनाइजेशन (एनआरओ) के रूप में चयनित करने हेतु धन्यवाद व्यक्त किया गया।

## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** – आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** – किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** – जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** – जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** – पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** – मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** – मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।


**धनु** – आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर–परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** – क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** – मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** – पठन–पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।


## शब्द पहेली - 5444



**बाएँ से दाए-**
1. दयालु. उदार-5
4. गगन, आकाश-4
7. सरिता-2
8. चोगा, गाऊन-3
9. छुट्टी, अवकाश-2
10. आबे हयात, काबा कूप-4
11. रिहा-2
13. खाना, भोजन करना-3
14. जिद-2
15. हिम्मत, बल-3
17. कारागार-2
19. रइसे आजम, सूरी-5
22. दुत्कारना, डांटना-5
25. सराबोर-2
26. भोर, सवेरा-3
28. मूल्य, कीमत-2
29. महीन, बहुत छोटा-3
30. फूंक, दम, सुट्टा -2
32. झंकार, प्रतिध्वनि-4
34. उष्णता, ज्वर-2
36. ओट, चिलमन-3
37. छोटा टुकड़ा-2
38. सराबोर, सना हुआ-4
39. निर्माता, रचना करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. कैदी, बंधक-2
2. मुलायम-3
3. यात्री पोत, तैरता होटल-5
4. उर्दू में अभिवादन-3
5. पिटाई, चोट-2
6. नाजुकता-4
7. नया जीवन-5
10. मर्यादा-4
12. खाली, रिक्त-2
16. लाईन, पंक्ति-3
17. गर्मी का महीना-2
18. उदर-2
20. दीनहीन, दरिद्र-3
21. लश्कर, फौज-2
22. नष्ट, अद्वैतभाव-2
23. व्यवसाय, धंधा-4
24. नाम रखना -2,3
25. होशियार-5
26. सुर आलाप-2,2
27. अधिकार-2
31. प्रतिज्ञा-3
33. आकांक्षा, अभिलाषा-3
35. राह, मार्ग-2
37. टैक्स, हाथ-2

**शब्द पहेली - 5443 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5454

★★★★☆ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5453 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

# सनराइजर्स के तीन साल में चौथे कप्तान बने कमिंस, लारा की जगह विटोरी मुख्य कोच


एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप विजेता कप्तान पैट कमिंस 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग में सनराइजर्स हैदराबाद का नेतृत्व करेंगे। वह पिछले तीन साल में सनराइजर्स की कप्तानी संभालने वाले चौथे खिलाड़ी हैं। सनराइजर्स ने पिछले साल दिसंबर में हुई आईपीएल नीलामी में इस 30 वर्षीय तेज गेंदबाज को 20.50 करोड़ रुपए में खरीदा था।

वह आईपीएल नीलामी में सर्वाधिक कीमत पर बिकने वाले खिलाड़ियों की सूची में दूसरे नंबर पर हैं। कमिंस दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्कराम की जगह लेंगे जिन्होंने 2023 के सत्र में टीम की अगुवाई की थी। सनराइजर्स ने कमिंस की तस्वीर के साथ सोशल मीडिया पर लिखा, 'हमारे नए कप्तान पैट कमिंस।'

### मार्कराम ने दिलाई सिर्फ चार जीत

सनराइजर्स 2023 के सत्र में मार्कराम की कप्तानी में अंतिम स्थान पर रही थी। उसकी टीम तब 14 लीग मैच में से केवल चार में जीत दर्ज कर पाई थी। मार्कराम की कप्तानी में सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने इस साल एसए20 का खिताब जीता था, लेकिन इसके बावजूद वह आईपीएल में अपनी कप्तानी बरकरार नहीं रख सके। वह हालांकि टीम का हिस्सा बने रहेंगे।



### वार्नर और विलियमसन भी कर चुके कप्तानी

*सनराइजर्स पिछले तीन साल में अपने कप्तान बदलता रहा है। इसकी शुरुआत 2021 में हुई जब ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज डेविड वार्नर को सत्र के बीच में कप्तानी से हटा दिया गया था। सनराइजर्स ने वार्नर की कप्तानी में ही 2016 में आईपीएल का खिताब जीता था। वार्नर की जगह न्यूजीलैंड के केन विलियमसन को कप्तान नियुक्त किया गया।*

### पहली बार संभालेंगे कमान

*कमिंस इससे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स और दिल्ली डेयरडेविल्स की तरफ से आईपीएल में खेल चुके हैं। हालांकि आईपीएल में यह पहला अवसर होगा जबकि वह किसी टीम की कप्तानी करेंगे। असल में कमिंस को टी20 में शीर्ष स्तर पर कप्तानी करने का अनुभव नहीं है। कमिंस को हालांकि ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करते हुए अपार सफलता मिली है। उनके नेतृत्व में ऑस्ट्रेलिया ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे विश्व कप जीता।*



### विटोरी बने मुख्य कोच

नए कप्तान के अलावा सनराइजर्स ने 2024 आईपीएल सत्र के लिए ब्रायन लारा की जगह न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान डेनियल विटोरी को अपना मुख्य कोच नियुक्त किया है। न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर जेम्स फ्रैंकलिन दक्षिण अफ्रीका के डेल स्टेन की जगह टीम के नए तेज गेंदबाजी कोच होंगे। सनराइजर्स हैदराबाद आईपीएल 2024 में अपना अभियान 23 मार्च को ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ शुरू करेगी।

### कॉनवे का बाहर होना तय



*न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे अंगूठे की चोट के कारण कम से कम आठ सप्ताह तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में नहीं खेल पाएंगे जिससे उनका इंडियन प्रीमियर लीग से बाहर होना तय है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले महीने टी20 श्रृंखला के दौरान 32 वर्षीय कॉनवे के दाएं हाथ के अंगूठे में चोट लग गई थी जिसका उन्हें ऑपरेशन करवाना होगा। इस कारण वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को समाप्त हुए पहले टेस्ट मैच में भी नहीं खेल पाए थे।*

### 42 मैच में झटके 45 विकेट

आईपीएल में कमिंस ने अभी तक 42 मैच खेले हैं जिनमें उन्होंने 45 विकेट लिए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 34 रन देकर चार विकेट है। इसके अलावा उन्होंने 379 रन बनाए हैं जिनमें उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 66 रन है।

## खबर संक्षेप



### मेरा सौवां टेस्ट मेरी मां को समर्पित : बेयरस्टो

**धर्मशाला।** इस सप्ताह सौवां टेस्ट खेलने जा रहे इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो ने यह उपलब्धि कैंसर को मात देने वाली अपनी मां को समर्पित की है जो कठिन समय में उनकी ताकत और परिवार को बांधने वाली शक्ति रही है। उन्होंने कहा, 'जब मैं खेलता हूं तो कई बार अपने पिता के बारे में सोचता हूं। लेकिन अब मां के बारे में ज्यादा सोचता हूं जिन्होंने इतना कुछ होने पर हम पर आंच नहीं आने दी। हमें एक परिवार के रूप में एकजुट रखा। वह मेरी ताकत रही हैं।'

### यशस्वी प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नामित

**दुबई।** इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट श्रृंखला में सर्वाधिक रन बना चुके भारत के सलामी बल्लेबाज



यशस्वी जायसवाल आईसीसी फरवरी महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में हैं जबकि न्यूजीलैंड के केन विलियमसन और श्रीलंका के पाथुम निसांका भी नामित हैं। आईसीसी ने सोमवार को एक विज्ञप्ति में कहा, 'अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने फरवरी 2024 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए महिला और पुरुष वर्ग में नामांकन का ऐलान किया है।'

### रऊफ का अनुबंध बहाल करेगा पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ का केंद्रीय अनुबंध देश के क्रिकेट बोर्ड की कानूनी टीम की समीक्षा के बाद बहाल किया जा सकता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के



आधिकारिक सूत्र ने सोमवार को यह जानकारी दी। रऊफ ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जनवरी में तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में खेलने से इनकार कर दिया था और पीसीबी ने उनके इस फैसले को गंभीरता से लेते हुए पाकिस्तान सुपर लीग के शुरू होने से दो दिन पहले उनका केंद्रीय अनुबंध समाप्त कर दिया था। ऑस्ट्रेलिया ने तीनों टेस्ट मैच में जीत दर्ज करके क्लीनस्वीप किया था।

### बी साइ प्रणीत ने अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन को अलविदा कहा

**नई दिल्ली।** विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता बी साइ प्रणीत ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन को अलविदा कह दिया और अब वह अमेरिका में एक क्लब से मुख्य कोच के रूप में जुडेंगे। हैदराबाद के 31 वर्ष के प्रणीत ने तोक्यो ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था लेकिन उसके बाद से चोटों से जूझ रहे हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा ,'' मिले जुले जज्बात के साथ मैं इन शब्दों के जरिये उस खेल को अलविदा कह रहा हूं जो 24 से अधिक साल से मेरे लिये सब कुछ रहा है।'' उन्होंने लिखा ,' आज मैं नये अध्याय की शुरूआत कर रहा हूं और अपने अब तक के सफर के लिये अभिभूत और कृतज्ञ हूं।''

## रणजी ट्राफी : तमिलनाडु को पारी और 70 रन से हराया


# 41 बार की चैंपियन मुंबई 48वीं बार खिताब के लिए देगी चुनौती

एजेंसी ▶▶| मुंबई

शार्दुल ठाकुर के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत 41 बार की चैंपियन मुंबई ने सोमवार को यहां तमिलनाडु को सेमीफाइनल में तीन दिन के अंदर पारी और 70 रन से शिकस्त देकर रणजी ट्राफी फाइनल में प्रवेश किया। इस जीत के साथ टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम मुंबई 48वीं बार फाइनल में पहुंची गई। इससे पहले मुंबई 41 बार चैंपियन और छह बार रनर-अप रही। टीम ने आखिरी खिताब 2016 में जीता था।

टीम इंडिया के ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर ने मैच में शतक लगाया। उनकी यह फर्स्ट क्लास क्रिकेट में पहली सेंचुरी रही। इसके साथ ही उन्होंने पहली पारी में दो और दूसरी पारी में भी इतने ही विकेट लिए। उन्हें इस शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मुंबई के गेंदबाजी आक्रमण ने तमिलनाडु को दूसरी पारी में महज 162 रन पर समेट दिया। मुंबई की जीत में गेंदबाजी आल राउंडर ठाकुर (109 रन, 48 रन देकर दो विकेट और 16 रन देकर दो विकेट) की भूमिका अहम रही जिन्होंने दूसरे दिन सभी प्रारूपों में अपना पहला शतक जड़कर टीम को पहली पारी में सात विकेट पर 106 रन से उबारकर 232 रन की बढ़त दिलाई थी। इससे पहले मुंबई की टीम पहली पारी में 378 रन पर सिमट गई थी।





### विदर्भ ने की मप्र के खिलाफ वापसी

*नागपुर। यश राठौड़ के नाबाद 97 रन की मदद से विदर्भ ने मध्यप्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के तीसरे दिन सोमवार को शानदार वापसी करते हुए छह विकेट पर 343 रन बनाए। राठौड़ ने 165 गेंदों का सामना किया। कप्तान अक्षर वाडकर ने उनका बखूबी साथ निभाते हुए 139 गेंद में 77 रन बनाए। दोनों ने छठे विकेट की साझेदारी में 158 रन जोड़े जबकि एक समय विदर्भ ने पांच विकेट 161 रन पर गंवा दिए थे। विदर्भ के पास अब 261 रन की बढ़त है। विदर्भ ने पहली पारी में 170 रन बनाए थे। जवाब में मध्य प्रदेश की टीम ने 252 रन का स्कोर किया था।*

# भारतीय टेटे टीमों ने रचा इतिहास, पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


भारतीय पुरुष और महिला टीम ने सोमवार को अपनी विश्व रैंकिंग के आधार पर पहली बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर इतिहास रच दिया। पिछले महीने बुसान में विश्व टीम चैंपियनशिप पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट थी और इसके समापन के बाद टीम स्पर्धाओं में सात स्थान बचे थे जिनके लिए टीमों को उनकी रैंकिंग के आधार पर चुना गया। आईआईटीएफ ने कहा, 'ताजा विश्व टीम रैंकिंग में शीर्ष रैंकिंग की जो टीम क्वालीफाई नहीं कर सकीं, उन्होंने पेरिस 2024 के लिए अपना टिकट हासिल कर लिया।' महिलाओं की स्पर्धा में भारत 13वीं रैंकिंग पर काबिज था, उसने पोलैंड (12), स्वीडन (15) और थाईलैंड के साथ पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। पुरुष टीम स्पर्धा में क्रोएशिया (12), भारत (15) और स्लोवेनिया (11) ने भी पेरिस ओलंपिक का टिकट कटाया।

### पहली बार टीम देगी चुनौती

भारत के अनुभवी खिलाड़ी शरत कमल ने ट्वीट किया, 'आखिरकार भारत ने ओलंपिक के लिए टीम स्पर्धा के लिए क्वालीफाई कर लिया। मैं लंबे समय से यह देखना चाहता था। ओलंपिक में पांचवीं बार खेलने के बावजूद यह सच में बहुत विशेष है। महिला टीम को भी बधाई जिन्होंने भी ऐतिहासिक कोटा हासिल कर लिया।'भारतीय टेबल टेनिस इतिहास में यह शानदार उपलब्धि है क्योंकि यह पहली बार होगा जब देश 2008 बीजिंग ओलंपिक में शामिल किए जाने के बाद टीम स्पर्धा में हिस्सा लेगा।

## मेजर लीग सॉकर

# मेसी और सुआरेज का डबल इंटर ने ओरलैंडो को रौंदा




एजेंसी ▶▶| लाउडरडेल

यह वह नजारा था जो कभी स्पेनिश क्लब बार्सिलोना के लिए देखने को मिलता था। लियोनल मेसी और लुई सुआरेज की जोड़ी ने जो कभी बार्सिलोना के लिए किया, वही पहली बार अपने नए अमेरिकी क्लब इंटर मियामी के लिए करके दिखाया। इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर में ओरलैंडो सिटी पर 5-0 से जीत दर्ज की, जिसमें मेसी और सुआरेज ने दो-दो गोल किए। सुआरेज ने खेल के सात मिनट में ही दो गोल कर डाले और बाद में मेसी के एक गोल में उन्होंने सहायता भी की। मेसी और सुआरेज की बदौलत इंटर मियामी ने अब तक की अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। एमएलएस में मेसी ने एक मैच में पहली बार दो गोल किए। मेसी और सुआरेज के अलावा बार्सिलोना में उनके पूर्व साथी सर्गियो बस्कुए और जोर्डी एल्बा की मौजूदगी में मियामी की टीम बिल्कुल बदली हुई नजर आई।

### मंधाना और पैरी के अर्धशतकों के दम पर आरसीबी ने यूपी वारियर्स को हराया

**बेंगलुरू।** कप्तान स्मृति मंधाना और हरफनमौला एलिसे पैरी के अर्धशतकों से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने महिला प्रीमियर लीग के मैच में सोमवार को यूपी वारियर्स को 23 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर आरसीबी ने तीन विकेट पर 193 रन बनाये। पैरी ने 37 गेंद में चार चौकों और चार छक्कों की मदद से 58 रन की पारी खेली। मंधाना और पैरी ने दूसरे विकेट के लिये 64 गेंद में 95 रन की साझेदारी की। जवाब में यूपी वारियर्स 20 ओवर में आठ विकेट पर 175 रन ही बना सके। कप्तान एलिसा हीली (38 गेंद में 55 रन) को छोड़कर यूपी की कोई बल्लेबाज टिक नहीं सकी। यह डब्ल्यूपीएल के बेंगलुरू चरण का आखिरी मैच था और अब मैच मंगलवार से दिल्ली में होंगे। वारियर्स की शुरूआत शानदार रही और उसने 4.2 ओवर में ही 47 रन बना डाले। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने पहला ओवर मैडन डाला लेकिन इसके बाद हीली और किरण नवगिरे ने आक्रामक बल्लेबाजी की।

### मैं प्रतिस्पर्धी कुश्ती में वापसी नहीं करूंगी


**नई दिल्ली।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने सोमवार को प्रतिस्पर्धी कुश्ती में वापसी को खारिज कर दिया। साक्षी ने कहा कि राष्ट्रीय महासंघ के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न के लिए लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन से वह मानसिक रूप से थक गई हैं। पिछले साल दिसंबर में बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह के भारतीय कश्ती महासंघ के चुनाव में अध्यक्ष चुने जाने के बाद साक्षी ने रोते हुए प्रेस कांफ्रेंस में कुश्ती से संन्यास की घोषणा की थी। साक्षी मलिक ने कहा, एक साल से ज्यादा का समय हो गया है, इतना ज्यादा मानसिक दबाव है और हम हर संभव तरीके से इस विरोध प्रदर्शन को सफल बनाने की कोशिश में जुटे हैं।

# सिटी ने यूनाइटेड को 3-1 से हराया

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

फिल फोडेन के दो गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी मैनचेस्टर यूनाइटेड को 3-1 से हराकर दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत की। मार्कस रशफोर्ड ने आठवें मिनट में गोल करके मैनचेस्टर यूनाइटेड को बढ़त दिला दी थी।

इस गोल की मदद से वह मध्यांतर तक 1-0 की बढ़त पर था। मैनचेस्टर सिटी ने दूसरे हाफ में अच्छी वापसी की। फोडेन ने 56वें मिनट में बराबरी का गोल दागा और फिर 80वें मिनट में अपनी टीम को बढ़त दिलाई। स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हॉलैंड ने इंजरी टाइम में मैनचेस्टर सिटी की तरफ से तीसरा गोल किया। इस जीत से मैनचेस्टर सिटी के 27 मैच में 62 अंक हो गए हैं और वह शीर्ष पर काबिज लिवरपूल से एक अंक




पीछे है। मैनचेस्टर यूनाइटेड के 27 मैच में 44 अंक हैं और वह छठे स्थान पर है।

### केटी बोल्टर ने जीता सैन डिएगो ओपन का खिताब

**सैन डिएगो।** इंग्लैंड की गैरवरीयता प्राप्त केटी बोल्टर ने उलटफेर करने का अपना सिलसिला जारी रखते हुए फाइनल में यहां



यूक्रेन की छठी वरीयता प्राप्त मार्ता कोस्त्युक को हराकर सैन डिएगो ओपन टेनिस टूर्नामेंट में एकल खिताब जीता। बोल्टर ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी की और कोस्त्युक को 5-7, 6-2, 6-2 से पराजित करके अपने करियर का दूसरा एकल खिताब हासिल किया। इंग्लैंड की यह 27 वर्षीय खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में पांच वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को हराकर चैंपियन बनी।

## फ्रेंच ओपन : पेरिस में सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट का आगाज आज

# सफलता दोहराने उतरेंगे सात्विक और चिराग

एजेंसी ▶▶| पेरिस

पिछली तीन प्रतियोगिताओं में उपविजेता रही सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में 2022 की अपनी सफलता को दोहराने के लिए कोर्ट पर उतरेंगे।

सात्विक और चिराग की विश्व में नंबर एक जोड़ी नवंबर में चीन मास्टर्स सुपर 750, जनवरी में मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 में फाइनल की बाधा पार करने में नाकाम रही थी। फ्रेंच ओपन में यह भारतीय जोड़ी हालांकि खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। भारत के चोटी के खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता से पोर्ट डे ला चैपल में एडिडास एरेना को समझने का




मौका भी मिलेगा जहां पेरिस ओलंपिक के दौरान बैडमिंटन के मैच खेले जाएंगे। सात्विक और चिराग ने 2022 में फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था। वह मलेशिया के ओंग यू सिन और टीओ ई यी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू के लिए भी यह टूर्नामेंट बेहद महत्वपूर्ण है।

### जू से होगा प्रणय का सामना

पुरुष एकल में विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी एचएस प्रणय ने इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी और वह यहां उससे बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। उनका पहला मुकाबला चीन के लू गुआंग जू से होगा। पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की दौड़ में शामिल लक्ष्य सेन पिछले कुछ समय से अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उनको पहले दौर में ही जापान के कांता सुनेयामा की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत को भी अपने शुरुआती मैच में चीनी ताइपे के चाउ टीएन चेन से कड़ी चुनौती मिल सकती है, जबकि युवा प्रियांशु राजावत पहले दौर में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसन का सामना करेंगे। महिला युगल में त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद तथा तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की भारतीय जोड़ियां पहले दौर में एक दूसरे के आमने-सामने होंगी।




## खबर संक्षेप

### सेना का कमांडो सिपाही भर्ती में अनफिट करार



**नई दिल्ली।** सेना में 17 साल तक कमांडो रहे जवान को दिल्ली पुलिस भर्ती के मेडिकल टेस्ट में अनफिट बता दिया है। जवान ने केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) का दरवाजा खटखटाया है। यूपी के रहने वाले अमरीश कुमार अप्रैल 2005 में सेना में कमांडो बने थे। जबकि अप्रैल 2022 में सेवानिवृत के दौरान सेना ने उन्हें शारीरिक रूप से फिट बताते हुए शेप-1 कैटेगरी में माना।

### रामबन में सड़क हादसा 4 की मौत, 3 घायल




**जम्मू।** रामबन जिले के उखराल के मालीगाम में एक वाहन सड़क से फिसल कर हादसे का शिकार हो गया। इससे चार लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। सोमवार सुबह रामबन जिले के उखराल के मालीगाम में एक वाहन सड़क से फिसल कर हादसे का शिकार हो गया। दुर्घटना का पता चलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे।

### नई सरकार ने इमरान पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी



**इस्लामाबाद।** पाक के 24वें पीएम का पद संभालते ही शहबाज शरीफ ने इमरान खान के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की तैयारी की है। बिलावल भुट्टो जरदारी ने शहबाज से मांग की है कि वे 9 मई में हुई घटना की न्यायिक जांच का आदेश दें, जिसकी अध्यक्षता स्वयं खुद चीफ जस्टिस ऑफ पाकिस्तान करें। बिलावल ने पीएम शरीफ से न्यायिक आयोग बनाने की मांग की है ताकि दोषियों को सजा मिले।

### सऊदी अरब ने रमजान से पहले लिया बड़ा फैसला



**रियाद।** रमजान से पहले सऊदी अरब ने बड़ा फैसला लिया है। रमजान से पहले सऊदी अरब ने नए नियम लागू कर दिए हैं। सऊदी अरब इफ्तार को लेकर बड़ा निर्णय लिया है। इसके तहत मस्जिदों के अंदर इफ्तार पर प्रतिबंध लगा दिया है। रमजान इस्लामिक कैलेंडर का नौवां महीना होता है। इस साल रमजान 10 मार्च से शुरू हो रहा है जो 9 अप्रैल को खत्म होगा। लोग इस महीने में उपवास रखते हैं।

### चीन की दादागीरी को फिलिपींस ने दी चुनौती



**बीजिंग।** दक्षिण चीन सागर को लेकर एक बार फिर चीन और फिलिपींस आमने-सामने आ गए हैं। चीन के दूतावास ने फिलिपींस के राजदूत द्वारा अमेरिका में दिए बयानों की कड़ी निंदा की। उन्होंने बुनियादी तथ्यों की अवहेलना की है। फिलिपींस के राजदूत ने दक्षिण चीन सागर में चीन की दादागिरी की आलोचना की थी। दक्षिण चीन सागर में फिर चीन की दादागिरी की पोल उजागर हुई है।

रक्षा प्रौद्योगिकी में अनुसंधान को बढ़ावा देने की योजना शुरू

# अदिति योजना से बदलेगी प्रौद्योगिकी की तस्वीर, नवाचारों को मिलेगा प्रोत्साहन

*सशस्त्र बलों की अपेक्षाओं और रक्षा नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र की क्षमताओं के बीच अंतर को पाटने के लिए एक 'टेक्नोलॉजी वॉच टूल' बनाने की भी परिकल्पना की गई है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्टार्ट-अप को रक्षा प्रौद्योगिकी में उनके अनुसंधान, विकास और नवाचार प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए 'अदिति' योजना लॉन्च की गई है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में डेफकनेक्ट 2024 के दौरान 'अदिति' योजना लांच की। इस योजना के तहत स्टार्ट-अप को रक्षा प्रौद्योगिकी में उनके अनुसंधान, विकास और नवाचार प्रयासों के लिए 25 करोड़ रुपये तक की अनुदान सहायता दी जाएगी। रक्षा मंत्री ने उद्योग जगत से कहा कि यह योजना युवाओं के नवाचार को बढ़ावा देने के साथ ही देश को प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद करेगी।

**स्टार्टअप को मिलेगा 25 करोड़ रुपए का अनुदान**

चुनौतियों का समाधान करने में डीपीएसयू की उत्साहजनक भागीदारी

योजना युवाओं के नवाचार को पोषित करेगी




### टेक्नोलॉजी वॉच टूल बनाने की भी परिकल्पना

आई-डेक्स के साथ इनोवेटिव टेक्नोलॉजी का विकास करने के लिए शुरू की गई इस योजना के पहले संस्करण में 17 चुनौतियां लॉन्च की गई हैं, जिसमें भारतीय सेना के लिए 3, भारतीय नौसेना के लिए 5, भारतीय वायु सेना के लिए 5 और रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी के लिए 4 हैं। इसका लक्ष्य प्रस्तावित समय सीमा में लगभग 30 डीप-टेक महत्वपूर्ण और रणनीतिक प्रौद्योगिकियों को विकसित करना है। इसमें आधुनिक सशस्त्र बलों की अपेक्षाओं और रक्षा नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र की क्षमताओं के बीच अंतर को पाटने के लिए एक 'टेक्नोलॉजी वॉच टूल' बनाने की भी परिकल्पना की गई है।

### विकसित देश बनने के लिए तकनीकी बढ़त जरूरी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने युवाओं को इनोवेटिव विचारों को सामने लाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए जोर देकर कहा कि युवा इनोवेटर्स को प्रेरित करने के लिए आई-डेक्स को आई-डेक्स प्राइम तक विस्तारित किया गया है, जिसमें सहायता 1.5 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपए कर दी गई। उन्होंने कहा कि चुनौतियों का समाधान करने में डीपीएसयू की उत्साहजनक भागीदारी के बाद अब 'अदिति' योजना शुरू की गई है। रक्षा मंत्री ने कहा कि समय बदलने के साथ ही नई प्रौद्योगिकियां अस्तित्व में आ रही हैं। विकसित देश बनने के लिए हमें तकनीकी बढ़त हासिल करने के साथ ही हमें अपने देश को एक ज्ञानवान समाज में बदलना है।

### डिफेंस इंडिया स्टार्ट-अप चैलेंज

कार्यक्रम में डिफेंस इंडिया स्टार्ट-अप चैलेंज (डीआईएससी) के 11वें संस्करण का भी शुभारंभ किया गया, जिससे रक्षा प्रतिष्ठान और स्टार्ट-अप इकोसिस्टम के बीच सहयोग में एक नए अध्याय की शुरुआत की। डीआईएससी-11वें संस्करण में 22 समस्या विवरण प्रस्तुत किए गए हैं - भारतीय सेना (4), भारतीय नौसेना (5), भारतीय वायु सेना (5), बख्तरबंद वाहन निगम लिमिटेड (7) और हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (1)। इसका उद्देश्य महत्वपूर्ण रक्षा चुनौतियों का समाधान, नवप्रवर्तकों को नवोन्वेषी समाधान प्रस्तावित करने के लिए आमंत्रित करना है, जो देश की रक्षा क्षमताओं में वृद्धि और राष्ट्रीय सुरक्षा में योगदान कर सकें।

### नौसेना कमांडरों के सम्मेलन का पहला संस्करण आज से

नौसेना के कमांडरों के सम्मेलन का पहला संस्करण मंगलवार से प्रारंभ होने जा रहा है। इस बार यह सम्मेलन हाइब्रिड प्रारूप में आयोजित किया जा रहा है, जिसका पहला चरण समुद्र में आयोजित किया जाएगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में उन दोनों विमानवाहक पोतों को देखने के लिए समुद्र में उतरेंगे, जो भारतीय नौसेना की 'ट्विन कैरियर ऑपरेशंस' संचालित करने की क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री नौसेना कमांडरों को संबोधित करेंगे। सम्मेलन के दौरान चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ व भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना के प्रमुखों के अलावा नौसेना के कमांडरों के साथ भी सामान्य राष्ट्रीय सुरक्षा माहौल सुनिश्चित रखने में तीनों सेनाओं के सम्मिलन पर चर्चा करेंगे। वे देश में तथा भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा में तीनों सेनाओं के बीच तालमेल और तत्परता बढ़ाने के अन्य उपाय भी ढूंढेंगे।

जयशंकर और ऐनी-मैरी की मुलाकात

# भारत और फ्रांस के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर जोर

◆ भारत-फ्रांस ने 1998 में रणनीतिक साझेदारी में प्रवेश किया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेशमंत्री एस. जयशंकर की सोमवार को फ्रांस के विदेश मामलों के मंत्रालय के महासचिव ऐनी-मैरी डेस्कोट्स के साथ मुलाकात की। बैठक के दौरान एस. जयशंकर ने भारत और फ्रांस के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर जोर दिया।

विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने भरोसा जताया कि विदेश कार्यालय परामर्श और रणनीतिक अंतरिक्ष डायलॉग जैसी पहलें दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करेंगी। विदेशमंत्री ने कहा कि भारत और फ्रांस के बीच पारंपरिक रूप से घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं।

### भारतीयों की संख्या 4 लाख से अधिक

पीएम मोदी के बारे में सेरे-चार्लेट ने प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि पीएम मोदी फ्रांस के मित्र हैं। उन्होंने विभिन्न अवसरों पर इसे साबित किया है। राष्ट्रपति मैक्रोन के साथ उनके संबंध बहुत मजबूत हैं। उन्होंने बताया कि भारत में 4 लाख से अधिक भारतीय फ्रांसीसी कंपनियों के लिए काम कर रहे हैं और हर साल निवेश बढ़ रहा है। चार्लेट ने अधिक भारतीय छात्रों को फ्रांसीसी शिक्षा की गुणवत्ता का अनुभव लेने की इच्छा जताई।




कमला हैरिस ने की युद्ध विराम की मांग

# गाजा में हालात भयावह वहां लोग भूखे मर रहे...

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने गाजा में तत्काल युद्धविराम का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गाजा में लोग भूख प्यास से मर रहे हैं। वहां के हालात बहुत ही भयावह हैं और हमारी मानवता के खिलाफ हैं। कमला हैरिस ने गाजा में मानवीय तबाही को कम करने के लिए इजराइल से पर्याप्त कदम उठाने को कहा। इसके लिए उन्होंने इजराइल को जिम्मेदार भी ठहराया। हैरिस ने कहा कि हमें लोगों के लिए काम करना चाहिए।

### बॉर्डर खोलने चाहिए

हैरिस ने कहा कि हमास इजराइल के साथ युद्धविराम चाहता है। बातचीत टेबल पर है और अब हमास को इस पर सहमत होने की आवश्यकता है।



उपराष्ट्रपति ने कहा कि इजराइल को अपने बॉर्डर खोलने चाहिए और सहायता वितरण पर अनावश्यक प्रतिबंध नहीं लगाना चाहिए। इजराइल मानवीय सहायता पहुंचाने वाले कर्मियों और काफिलों को निशाना न बनाए।

सरकार ने घोषित किया आपातकाल

# हैती की जेलों के टूटे ताले भागे 4 हजार खूंखार कैदी

एजेंसी ▶▶ हैती

कैरेबियाई देश हैती में लंबे समय से हिंसा चल रही है। रविवार रात यहां इतना उग्र प्रदर्शन हुआ कि जेलों के भी ताले टूट गए और करीब चार हजार खूंखार कैदी फरार हो गए। इन कैदियों में कई हत्यारे, किडनैपर और अपराधी शामिल हैं। वहीं पूरे देश में 72 घंटे का आपातकाल लगा दिया गया है। बता दें कि हैती में कई कुख्यात गिरोह हैं जो कि हिंसा के लिए जिम्मेदार हैं। हिंसा के दौरान ही एक सशस्त्र गिरोह ने देश की दो बड़ी जेलों पर हमला कर दिया।

### गैंग हेनरी को सत्ता से हटाना चाहता

बता दें कि पूर्व पुलिस अधिकारी जिमी चेरिजियर का गैंग हेनरी



को सत्ता से हटाना चाहता है। यह गैंग सरकारी संस्थानों पर भी हमला करता है और किसी तरह लोगों के मन में सरकार के प्रति अविश्वास पैदा करने का प्रयास कर रहा है। जब जेल पर हमला हुआ तो वहां कोई अधिकारी मौजूद ही नहीं था। जेल के सारे दरवाजे खुले थे।

# मालदीव के बाद नेपाल में चीन ने रची साजिश, सरकार पर संकट!

## दोनों वामपंथी पार्टियों ने मिलाया हाथ

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

मालदीव के बाद चीन ने नेपाल में भी बड़ी साजिश रचते हुए खेला कर देने की बात सामने आई है। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने अपने वर्तमान सहयोगी, मध्यमार्गी नेपाली कांग्रेस पार्टी का साथ छोड़ने का फैसला कर लिया है।

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस के साथ बनाए गए गठबंधन को बाय बाय कहते हुए एक नया गठबंधन बनाने के लिए केपी शर्मा ओली की पार्टी के साथ हाथ मिलाने का ऐलान कर दिया है। नेपाली पीएम के सहयोगी ने पुष्टि कर दी है।



### नेपाल में चीन ने बनवाई नई सरकार?

नेपाल सरकार से चीन का बाहर आना भारत के लिए बहुत बड़ा झटका माना जा रहा है, क्योंकि केपी शर्मा ओली का चीन प्रेम किसी से छिपा नहीं है। पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा और पीएम प्रचंड के बीच मनमुटाव के बाद प्रचंड ने कांग्रेस के साथ गठबंधन तोड़ने का फैसला किया है। गठबंधन में दरार डालने के लिए नेपाल में चीनी राजदूत ने काफी अहम भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री प्रचंड की माओवादी सेंटर पार्टी, जो 275 सदस्यीय नेपाली संसद में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। नेपाली कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि वो प्रधानमंत्री प्रचंड को खुले हाथ से काम नहीं करने दे रही है।

मिशन पर वैज्ञानिकों ने शुरू किया काम

# चंद्रयान-3 के बाद अंतरिक्ष में होगा एक और कारनामा

एजेंसी ▶▶ श्रीहरिकोटा

चंद्रयान-3 की सफलता के बाद भारत की स्पेस साइंस में ख्याति का डंका विश्व भर में बज रहा है। रूस, अमेरिका और चीन के बाद भारत अंतरिक्ष में अपना स्पेस स्टेशन बनाने वाला दुनिया का चौथा देश बनने जा रहा है। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा कि 2035 तक अंतरिक्ष स्टेशन भेजने की व्यवस्था कर ली जाएगी। मिशन की तैयारी का दौर शुरू हो चुका है। भारत के अपने अंतरिक्ष स्टेशन में किस तरह की तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा।

### धरती से 400 किमी दूर स्थित होगा स्पेस स्टेशन

भारत का अंतरिक्ष स्टेशन पृथ्वी से 400 किमी ऊपर की कक्षा में स्थापित किया जाएगा। इस अंतरिक्ष स्टेशन में 'एस्ट्रोबायोलॉजी' और 'माइक्रोग्रैविटी' से संबंधित विभिन्न शोध किए जाएंगे। अंतरिक्ष स्टेशन में शोध किया जाएगा कि वह रहने योग्य है या नहीं। इस स्पेस स्टेशन का वजन 20 हजार किलोग्राम से लेकर 4 लाख किलोग्राम तक हो सकता है। इसरो अंतरिक्ष स्टेशन के लिए उन्नत डॉकिंग पोर्ट भी बनाएगा। अंतरिक्ष स्टेशन में चार मॉड्यूल और कम से कम चार जोड़े सौर पैनल हो सकते हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109